
आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 18 जुलाई 2024
वर्ष 34, अंक 171, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



ब्रह्मांड में मिल गई एक और नई सागर से भरी दुनिया 14
वॉर 2 में खुफिया एजेंट बनेंगी कियारा 13

## एक नजर

### सिक्किम के पूर्व मंत्री का शव प.बंगाल में मिला

**गंगटोक।** सिक्किम के पूर्व मंत्री आरसी पौड्याल का शव पश्चिम बंगाल में सिलीगुड़ी के निकट एक नहर से बरामद हुआ है। वह नौ दिन से लापता थे। पुलिस ने बुधवार को बताया कि पौड्याल (80) का शव मंगलवार को फुलबाड़ी में तीस्ता नहर में पाया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि शव तीस्ता नदी से बहकर आया है। शव की पहचान घड़ी और कपड़ों से की गई। पूर्व मंत्री सात जुलाई को पाकयोंग जिले के छोटा सिंगतम से लापता हो गए थे।

### रखरखाव को डेढ़ साल बंद रहेगा तेजपुर हवाई अड्डा

**तेजपुर।** असम के तेजपुर हवाई अड्डे पर रखरखाव कार्यों के लिए अक्टूबर से डेढ़ साल के लिए उड़ान सेवाएं बंद रहेंगी। तेजपुर हवाई अड्डे के निदेशक जी शिवा कुमार ने कहा कि यात्री उड़ानें एक अक्टूबर, 2024 से 31 मार्च, 2026 तक बंद रहेंगी। ऐसा टर्मिनल पर सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से हवाई पट्टी के पुनर्निर्माण व अन्य परियोजनाओं के लिए किया जा रहा है।

### सुप्रीम कोर्ट के वकील ने की आत्महत्या

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा की एक सोसायटी में रहने वाले सुप्रीम कोर्ट के एक अधिवक्ता ने कथित तौर पर मानसिक तनाव की वजह से अपने घर में लगे पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना एक्सप्रेसवे थानाक्षेत्र के सेक्टर 168 स्थित लोटस सोसायटी में हुई। एक्सप्रेसवे थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सत्येंद्र पुत्र गंगाधर राय ने मंगलवार रात अपने फ्लैट में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

### रिजिजू ने अमरनाथ यात्रा व्यवस्था का जायजा लिया

**श्रीनगर।** केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले में बालटाल आधार शिविर का दौरा किया और अमरनाथ यात्रा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रिजिजू सुबह बालटाल आधार शिविर पहुंचे और यात्रा के सबसे छोटे मार्ग से तीर्थयात्रा कर रहे श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया।

## हाईटेंशन तार से ताजिया छूने से 4 की मौत, 9 झुलसे

समाचार डेस्क, लखनऊ

- गोंडा-संत कबीरनगर-प्रतापगढ़ में हुआ हादसा, एक लखनऊ रेफर

**अमृत विचार :** गोंडा, प्रतापगढ़ व संत कबीरनगर जिले में मोहर्रम जुलूस के दौरान ताजिया के हाईटेंशन तार से छूने पर चार लोगों की मौत हो गई, 9 से ज्यादा लोग झुलसे हैं। कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के भाटपार रेलवे क्रासिंग पर हाईटेंशन तार छूने से जुलूस में शामिल मो. इलियास (24) की मौत हो गई। अब्दुल (28) व राम सुभग (55) झुलस गए। गोंडा के उमरी बेगमगंज क्षेत्र के पकवान गांव में ताजिया हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से अशरफ अली (14) की मौत हो गई जबकि इटियाथोक थाना क्षेत्र में सात लोग झुलस गए। इसमें से पांच को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया, जिसमें एक को लखनऊ रेफर कर दिया गया है। जुलूस का वीडियो बना रहे महारानीगंज घोसियाना निवासी नूर आलम (30) की करंट से मौत हो गई। प्रतापगढ़ के कुंडा में बाबूगंज मियां का पुरवा के ताजिया का झंडा हाइटेंशन तार में छू गया जिससे वासिफ अंसारी (32) की भी मौत हो गई। सभी मौतों की वजह ताजिए की ऊंचाई ज्यादा होना बताई गई।

## विधानसभा उप चुनाव में जीत के लिए जनता की नब्ज टटोलेंगे मंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को सौंपी जिम्मेदारी, कहा- सप्ताह में दो बार प्रभार क्षेत्र में रात्रि विश्राम करें**



बुधवार को अपने सरकारी आवास पर मंत्रियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रदेश के मंत्री विधानसभा की खाली हुई 10 सीटों के होने वाले उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत के लिए जनता की नब्ज टटोलेंगे। वे अपने प्रभार वाले क्षेत्र में सप्ताह में दो बार रात्रि विश्राम करेंगे। बूथ स्तर तक पार्टी को और मजबूत करने व पार्टी प्रत्याशियों को जिताने की रणनीति पर काम करेंगे। बुधवार को अपने सरकारी आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रियों के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की और उन्हें जिम्मेदारी सौंपी।

पार्टी सूत्रों के अनुसार बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने सभी मंत्रियों से उनके क्षेत्रों का हाल जाना और लोकसभा चुनावों में हार के कारणों पर चर्चा की। उन्होंने मंत्रियों से कहा कि लोकसभा चुनाव में 'अति आत्मविश्वास' के कारण पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है। इससे सबक लेते हुए कार्य करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उप चुनाव की समाप्ति तक प्रभारी मंत्री अपने प्रभार वाले क्षेत्र में रहेंगे। मुख्यमंत्री की ओर से सभी प्रभारी मंत्रियों को कार्यकर्ताओं से बात करने व बूथ मजबूत करने का निर्देश दिया। विधानसभा सीटों के उप चुनाव भाजपा के लिए चुनौतीपूर्ण है। भाजपा को इंडी गठबंधन में शामिल दलों सपा व कांग्रेस के पीडीए यानी पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक फार्मूले से मुकाबला करना है। पार्टी का मानना है कि इसी फार्मूले के कारण भाजपा को लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। पिछले दिनों भाजपा की प्रदेश कार्य समिति की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, मंत्रियों व पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने हार के इन कारणों की ओर ध्यान आकर्षित किया था।

# सबका साथ, सबका विकास की अब जरूरत नहीं, बंद करो मोर्चा

### शुभेंदु बोले- हम उनके साथ जो हमारे साथ, अल्पसंख्यक मोर्चा बंद कर देना चाहिए

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने हालिया लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में पार्टी के खराब प्रदर्शन के लिए अल्पसंख्यक समुदाय से कम समर्थन मिलने को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि सबका साथ, सबका विकास की जरूरत नहीं है। इसके बजाय उन्होंने हम उनके साथ जो हमारे साथ का प्रस्ताव दिया। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के विस्तारित सत्र को संबोधित करते हुए अधिकारी ने यह भी कहा कि पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा की जरूरत नहीं है। हालांकि, बाद में उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी टिप्पणियों को संदर्भ से हटाकर पेश किया गया और कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास का पूरा समर्थन करते हैं।



- विवाद बढ़ने पर कहा-उनकी टिप्पणियों को संदर्भ से हटाकर पेश किया गया

**अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक के विभाजन में यकीन नहीं**

अपनी टिप्पणियों से विवाद उत्पन्न हो जाने पर अधिकारी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक आधार पर लोगों के बीच विभाजन करने में यकीन नहीं करते। उन्होंने कहा कि मेरे बयान को संदर्भ से हटाकर पेश किया जा रहा है। मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि जो लोग राष्ट्रवादी हैं, वे इस देश और पश्चिम बंगाल के लिए खड़े हैं, हमें उनके साथ होना चाहिए। जो लोग हमारे साथ नहीं खड़े हैं, जो देश और पश्चिम बंगाल के हित के खिलाफ काम करते हैं, हमें उन्हें बेनकाब करने की जरूरत है। अधिकारी ने कहा कि उनकी टिप्पणियां किसी समुदाय के खिलाफ नहीं है।

**तृणमूल कांग्रेस के चलते पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं**

अधिकारी ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के दौरान कई इलाकों में तृणमूल कांग्रेस के जिहादी गुंडों ने हिंदुओं को वोट नहीं डालने दिया। अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं है। तृणमूल के जिहादी गुंडे ऐसा नहीं होने देंगे। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव राज्य में अशांत क्षेत्र अधिनियम लागू कर ही संभव है। हम राष्ट्रपति शासन लागू कर पिछले दरवाजे से राज्य में सत्ता हथियाना नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि लोगों के जनादेश से चुनाव जीतने पर ही हम सत्ता में आएंगे। लेकिन उसके लिए, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना होगा।

अधिकारी ने कहा कि मैंने राष्ट्रवादी मुस्लिमों की भी बात की है। हम सभी 'सबका साथ, सबका विकास' की बात किया करते हैं, लेकिन आगे से अब मैं यह नहीं कहूंगा, क्योंकि मेरा मानना है कि इसके बजाय यह 'हम उनके साथ जो हमारे साथ' होना चाहिए... अल्पसंख्यक मोर्चा की कोई जरूरत नहीं है। साल 2014 में भाजपा ने सबका साथ, सबका विकास का नारा दिया था और 2019 में एक कदम आगे बढ़ते हुए इसे सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास कर दिया था। तृणमूल कांग्रेस नेता कुणाल घोष ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव में राज्य में खराब प्रदर्शन करने के बाद अपने कार्यकर्ताओं को शांत करने के बहाने तलाश रही है।

## प्रदेश मंत्रिमंडल और भाजपा संगठन में बदलाव की चर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में भाजपा के निराशाजनक प्रदर्शन की समीक्षा व पार्टी नेताओं के बीच आपसी मतभेद की चर्चा के बीच संकेत मिल रहे हैं कि प्रदेश के मंत्रिमंडल व भाजपा संगठन में बदलाव हो सकता है। इस बीच, बुधवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। वहीं, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दोबारा मुलाकात की। प्रदेश के नेताओं के पार्टी के शीर्ष नेताओं से मुलाकात के बीच कई तरह की चर्चा हो रही है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने उनसे राजनीतिक रूप से राज्य में पार्टी के संगठनात्मक मामलों से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की। इस सिलसिले में चौधरी की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई। मालूम हो कि प्रदेश अध्यक्ष ने बीते दिन पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। बताया जा रहा है कि इस दौरान उन्होंने प्रदेश के घटनाक्रम की चर्चा की। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी बीते दिन जेपी नड्डा से मुलाकात की थी।




- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बाद प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात

**भाजपा नेतृत्व ने दी उपचुनाव में अच्छा प्रदर्शन की सलाह**

पार्टी सूत्रों का कहना कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दोनों नेताओं को विधान सभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयारी करने व पार्टी में अनुशासन बनाये रखने की सलाह दी है। नेताओं से कहा गया है कि अभी पार्टी नेतृत्व की शीर्ष प्राथमिकता में प्रदेश में 10 सीटों पर होने वाले विधानसभा उप चुनाव हैं। इसमें पार्टी को अच्छा प्रदर्शन करना ही है।

**केशव प्रसाद मौर्य ने फिर की जेपी नड्डा से मुलाकात**




भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के अगले ही दिन उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को फिर पार्टी अध्यक्ष से मुलाकात की। चर्चा है कि इस दौरान उन्होंने प्रदेश के राजनीतिक हालात व पार्टी संगठन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुलाकात के बाद मौर्य ने 'संगठन सरकार से बड़ा है' वाला बयान दोहराया। मौर्य के कार्यालय की ओर से 'एक्स' पर की गई एक पोस्ट में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि संगठन सरकार से बड़ा है, कार्यकर्ताओं का दर्द उनका दर्द है। संगठन से बड़ा कोई नहीं, कार्यकर्ता ही गौरव हैं। लेकिन, कुछ देर बाद ही इस पोस्ट को हटा लिया गया।

## महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर 12 नक्सली मार गिराए

गढ़चिरौली, एजेंसी

- छह घंटे तक चली मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मी भी घायल
- एके-47, इंसास राइफल सहित स्वचालित हथियार मिले

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में छत्तीसगढ़ की सीमा से सटे इलाके में पुलिस और कमांडों की नक्सलियों के साथ बुधवार को हुई मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए जबकि दो सुरक्षा कर्मी भी घायल हुए हैं।

गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि दोपहर सी60 कमांडो और नक्सलियों के बीच वंडोली गांव में भारी गोलीबारी हुई और यह मुठभेड़ करीब छह घंटे तक चली। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ स्थल से पुलिस ने 12 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। इसके अलावा तीन एके47, दो इंसास राइफल सहित सात स्वचालित हथियार, कार्बाइन और एसएलआर जब्त हुए। नीलोत्पल ने बताया कि मारे गए नक्सलियों में से एक की पहचान 'डिवीजनल कमेटी मेंबर' (डीवीसीएम) लक्ष्मण अतराम उर्फ विशाल अतराम के तौर पर की गई है जो प्रतिबंधित संगठन में तिपगाड दलाम का प्रभारी था।

नीलोत्पल ने बताया कि महाराष्ट्र के गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस सफलता के लिए सी60 कमांडो टीम और गढ़चिरौली पुलिस को 51 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

## हरियाणा में सरकारी नौकरी में अग्निवीरों को 10 प्रतिशत आरक्षण, उम्र में भी छूट

चंडीगढ़, एजेंसी

- पुलिस कांस्टेबल, वन रक्षक, जेल वार्डन भर्ती के लिए की घोषणा
- व्यवसाय शुरू करने को मिलेगा 5 लाख रुपये ब्याज मुक्त ऋण

विधानसभा चुनावों से कुछ महीने पहले हरियाणा की भाजपा सरकार ने कांस्टेबल, वन रक्षकों और जेल वार्डन की भर्ती के साथ-साथ अन्य पदों पर अग्निवीर के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की बुधवार को घोषणा की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यदि कोई अग्निवीर अपना व्यवसाय शुरू करना चाहता है तो सरकार उसे पांच लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराएगी। सैनी ने यहां कहा कि राज्य सरकार द्वारा कांस्टेबल, खनन रक्षक, वन रक्षक, जेल वार्डन और विशेष पुलिस अधिकारी के पदों पर की जाने वाली सीधी भर्ती में अग्निवीर के लिए 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रुप सी और डी के पदों पर भी आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी। सैनी ने कहा कि हालांकि अग्निवीर के पहले बैच के लिए यह छूट पांच वर्ष होगी। उन्होंने अग्निवीर को रोजगार देने वाली औद्योगिक इकाइयों के लिए भी रियायतों की घोषणा की। सैनी ने कहा कि अगर कोई औद्योगिक इकाई अग्निवीर को 30 हजार रुपये प्रति माह से अधिक वेतन पर नियुक्त करती है, तो हमारी सरकार उस इकाई को 60 हजार रुपये की वार्षिक सब्सिडी देगी। अग्निवीर को प्राथमिकता के आधार पर हथियार लाइसेंस दिए जाएंगे।

केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली सरकार द्वारा जून 2022 में सशस्त्र बलों में कर्मियों की अल्पकालिक भर्ती के लिए शुरू की गई अग्निपथ सैन्य भर्ती योजना को विपक्षी दलों सहित कई धड़ों से कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा है। हाल में हुए लोकसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हरियाणा के महेंद्रगढ़ में कहा था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो अग्निवीर योजना को रद कर कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा।

## गौरी लंकेश हत्या मामले में 3 आरोपियों की जमानत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता गौरी लंकेश की हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार तीन आरोपियों को जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति एस. विश्वजीत शेट्टी ने मंगलवार को अमित दिगवेकर, एचएल सुरेश और केटी नवीन कुमार को जमानत दे दी। मुकदमे की सुनवाई में देरी का हवाला देते हुए तीनों ने जमानत देने का अनुरोध किया था। पिछले साल दिसंबर में अदालत ने एक अन्य आरोपी एन. मोहन नायक को जमानत दे दी थी। हिंदुत्व समूहों की कटु आलोचक माने जाने वाली गौरी लंकेश की पांच सितंबर 2017 को बेंगलुरु में उनके आवास के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

## डोडा में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच गोलीबारी

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में डोडा जिले के देसा वन क्षेत्र में मंगलवार की रात सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने कल रात सुरक्षा बलों के तलाश अभियान दल पर गोलीबारी की।

जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने भी गोलियां चलाई जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) ने देसा वन क्षेत्र में चल रहे आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान कलान भाटा क्षेत्र के गांव के बाहर और पंचन भाटा के पास एक संदिग्ध गतिविधि को देखने पर गोलीबारी की थी। उन्होंने बताया कि पुलिस और सेना के सुयंक्त बल ने शहर के बाहरी इलाके नगरोटा इलाके में भी तलाश अभियान शुरू किया है। इससे पहले डोडा में सोमवार की रात आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान एक कैप्टन समेत चार सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे।



- तलाशी अभियान के दौरान देसा वन क्षेत्र में मुठभेड़

## कन्नड़ भाषियों को सौ प्रतिशत आरक्षण देने से पलटे सिद्धारमैया

बेंगलुरु, एजेंसी

- सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी अपनी पोस्ट हटाई
- निजी क्षेत्र में सौ प्रतिशत आरक्षण देने की बात कही थी

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बुधवार को निजी क्षेत्र की नौकरियों में कन्नड़ भाषियों को शत-प्रतिशत आरक्षण देने को लेकर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी अपनी पोस्ट को हटा लिया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच पर एक अन्य पोस्ट कर बताया कि मंत्रिमंडल ने राज्य के निजी उद्योगों और अन्य संस्थानों के प्रशासनिक पदों में 50 प्रतिशत और गैर प्रशासनिक पदों में 75 प्रतिशत आरक्षण कन्नड़ भाषियों को देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सिद्धारमैया ने कहा कि हमारी सरकार की इच्छा है कि कन्नड भाषियों को अपनी मातृभूमि में सुगम जीवन जीने का अवसर दिया जाए। हम कन्नड हितैषी सरकार हैं। हमारी प्राथमिकता कन्नड भाषियों का कल्याण है।



मुख्यमंत्री ने मंगलवार को 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा था कि मंत्रिमंडल की कल हुई बैठक में राज्य के सभी निजी उद्योगों में 'सी' और 'डी' श्रेणी की नौकरियों को शत प्रतिशत कन्नड भाषियों के लिए आरक्षित करने वाले विधेयक को मंजूरी दी गई है। सिद्धारमैया के करीबी सूत्रों ने बताया कि संभवतः उन्होंने अपने संदेश में सुधार किया है। प्रस्तावित विधेयक में कभी शत-प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान नहीं था। इसलिए, उन्होंने पूर्व के संदेश को हटा दिया और नए संदेश में गलती सुधारी।

## केजरीवाल की जमानत पर 29 को निर्णय

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उन याचिकाओं पर बुधवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिनमें आबकारी नीति मामले में सीबीआई द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है और अंतरिम जमानत का अनुरोध किया गया है। केजरीवाल का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता ने उन्हें जमानत पर रिहा करने का अनुरोध किया। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। नियमित जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 29 जुलाई को होगी।

**नई व्यवस्था** | उत्पादन निगम में अनुकंपा नियुक्ति प्रक्रिया में किया गया बदलाव

## आश्रित कम पढ़ा लिखा तो ऊर्जा निगमों में नौकरी नहीं

रमेश चन्द्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत अन्य ऊर्जा निगमों में कार्मिक की मृत्यु होने पर यदि आश्रित कम पढ़ा लिखा हुआ तो उसे अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति नहीं मिल सकेगी। कारण यह कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने अनुकंपा नियुक्ति नियमावली में आंशिक बदलाव करने की तैयारी शुरू कर दी है। मध्य उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम ने कम पढ़े लिखे आश्रित को चतुर्थ श्रेणी पर नियुक्ति न देने का फैसला ले लिया है और इस सिलसिले में आदेश भी जारी हो गए हैं।

**नियुक्ति के पहले लेनी होगी निदेशक से अनुमति**

उत्पादन निगम की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि मृतक आश्रित का सेवायोजन सक्षम अधिकारी करेंगे, लेकिन उन्हें निदेशक कार्मिक एवं प्रबंधन की पूर्व अनुमति लेनी होगी। इस आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। सूत्रों का कहना है कि इसी तरह पावर कॉरपोरेशन समेत अन्य निगमों में अनुकंपा नियुक्ति के लिए बदलाव की तैयारी चल रही है। इसका प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

इस सिलसिले में उत्पादन निगम के उप महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध देवेश कुमार विश्वकर्मा की ओर से बीती 16 जुलाई को आदेश जारी किया गया। आदेश में निदेशक मंडल की ओर से निर्णय लिये जाने का हवाला दिया गया है। कहा गया है कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद सेवा में मृत परिषदीय सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली 1975 यथा संशोधित में मृतक के आश्रित को चतुर्थ श्रेणी, टेक्नीशियन ग्रेड-द्वितीय विद्युत, यांत्रिक व इंस्ट्रूमेंटेंशन या कार्यालय सहायक तृतीय और महिला आश्रित को चपरासी पद पर सेवायोजित करने का प्रावधान है।किंतु अब इसमें निदेशक मंडल की ओर से आंशिक परिवर्तन किया गया है। कहा गया है कि अब आश्रित की नियुक्ति केवल टेक्नीशियन ग्रेड-द्वितीय या कार्यालय सहायक तृतीय के पदों पर की जाएगी। यदि मृतक आश्रित इन पदों के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यता नहीं रखता है तो आश्रित को कार्मिक की मृत्यु के पांच वर्ष के अंदर आवश्यक शैक्षिक अर्हता को पूरा करना होगा, तभी नियुक्ति दी जाएगी।

## एक नजर

### नगर निगम डिग्री कॉलेज में काउंसिलिंग आज

अमृत विचार, लखनऊ : अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज ने बीकॉम प्रथम वर्ष में प्रवेश की पहली मेरिट लिस्ट जारी कर दी है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुभाष पांडेय ने बताया कि जनरल केटेगरी के लिए कटऑफ 65 प्रतिशत, ओबीसी के लिए 48प्रतिशत और एससी के लिए 42 प्रतिशतहै। गुरुवार से काउंसिलिंग और प्रवेश शुरू हो जाएगा। सुबह 9 :30 से दोपहर 1 बजे तक काउंसिलिंग होगी। इस दौरान शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जांच और फीस जमा कराई जाएगी।

### एलडीए दिवस में आज सुनीं जाएंगी समस्याएं

अमृत विचार,लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्राधिकरण के गोमती नगर विपिन खंड स्थित कमेटी हॉल में गुरुवार को सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक प्राधिकरण दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्राधिकरण से संबंधित जनसमस्याएं सुनी जाएंगी। प्राधिकरण के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

### नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : पारा क्षेत्र में नाबालिग को स्कूल ले जाने के बहाने ड्राइवर द्वारा बहला फुसला कर ले जाने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित परिजन ने प्रार्थना-पत्र देकर बताया दो दिन पहले नाबालिग बेटी को ई-रिक्शा चालक स्कूल लेकर गया था। स्कूल से बेटी घर नहीं लौटी तो तलाश की। इसमें पता चला कि ई-रिक्शा चालक भी दो दिन से लापता है। उन्होंने चालक पर बेटी को बहला-फुसला कर ले जाने का आरोप लगाया है।

### श्रीप्रकाश बने राज्यपाल के विशेष सचिव

अमृत विचार,लखनऊ : आईएएस अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता का राज्यपाल का विशेष सचिव बनाया गया है। वह अभी तक विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा के पद पर तैनात थे। मालूम हो कि पिछल दिनों राज्यपाल के विशेष सचिव रहे बद्रीनाथ सिंह को सोनभद्र का जिलाधिकारी बना दिया गया था।

# मेडिकल कॉलेज को छावनी बनाने का लगा आरोप, हटाए गए एसपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हापुड़ के रामा मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने पुलिस पर लगाया आरोप
- बीमार महिला को अस्पताल में बंधक बनाने की सूचना पर पहुंची थी पुलिस

**अमृत विचारः** हापुड़ पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा और अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार अग्रवाल को अचानक हटाया जाना बुधवार को पूरे दिन चर्चा का विषय बना रहा। फिलहाल, गाजियाबाद के डीसीपी रहे कुंवर ज्ञानेंजय सिंह ने बुधवार को ही हापुड़ पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण कर लिया है। बताया जा रहा है कि सीओ और पिलखुआं थाने के एसएचओ पर भी कार्रवाई हो सकती है।

वहीं रामा मेडिकल कॉलेज प्रकरण की जांच कराने की अभी तक कोई सूचना नहीं है। पुलिस के उच्चाधिकारियों ने आईपीएस अभिषेक वर्मा को हटाए जाने को रूटीन ट्रांसफर करार दिया, जबकि अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार अग्रवाल को रामा मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की शिकायत के बाद हटाया गया है।

### शासन ने किया प्रतीक्षारत, एएसपी का भी हुआ स्थानांतरण

मंगलवार को पिलखुवा स्थित रामा मेडिकल कॉलेज में भर्ती बिजनौर के चांदपुर निवासी जावेद ने डायल –112 पर शिकायत करते हुए कहा कि अस्पताल प्रबंधन इलाज में लापरवाही बरत रहा है। उनकी मां जो कि यहां भर्ती हैं, को बंधक बना लिया गया है। इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। अस्पताल के स्टॉफ द्वारा पुलिस द्वारा धक्का-मुक्की करने का आरोप लगाया गया। इस सूचना पर एसपी अभिषेक वर्मा ने अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार अग्रवाल को मौके पर भेजा। उन्होंने रामा मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को समझाया और पुलिसकर्मियों से समझौता करा दिया। कुछ देर बाद मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की ओर से लखनऊ में बड़े भाजपा नेता को फोन करके यह सूचना दी गई, कि हापुड़ पुलिस द्वारा एक सामान्य से घटनाक्रम में मेडिकल कॉलेज को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया, जिससे कॉलेज की प्रतिष्ठा को धक्का लगा है। इसके बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। मौके पर आईजी नचिकेता झा पिलखुवा स्थित अस्पताल पहुंच गए। यहां अस्पताल के अधिकारियों से उन्होंने जानकारी ली और इसके बाद लखनऊ के अधिकारियों को संपूर्ण प्रकरण से अवगत कराया। देर रात शासन ने एसपी अभिषेक वर्मा को हटाकर प्रतीक्षारत कर दिया जबकि एएसपी राजकुमार अग्रवाल का स्थानांतरण कर दिया गया।

# मऊ और कानपुर देहात के लिए शासन से मांगा बजट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** मऊ और कानपुर देहात में नए आश्रम पद्धति विद्यालय की सैद्धांतिक स्वीकृति मिल गई है। एक विद्यालय के निर्माण पर 40 करोड़ रुपये खर्च होंगे। विभाग ने दोनों विद्यालय के निर्माण के लिए शासन से 80 करोड़ रुपये मांगे हैं।

समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। विद्यालयों में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। कन्नौज, शाहजहांपुर, गौतमबुद्धनगर, शामली और बागपत में आश्रम पद्धति विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि दोनों विद्यालय के निर्माण पर 80 करोड़ रुपये खर्च होंगे। प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है और बजट मांगा गया है।

# कांवड़ यात्रा मार्ग की ड्रोन से हो निगरानी : योगी

## मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

- पुष्पवर्षा से कांवड़ यात्रियों का अभिनंदन करेगी सरकार
- 72 घंटे में कांवड़ यात्रा मार्गों की होगी मरम्मत

**अमृत विचारः** राज्य सरकार पुष्पवर्षा से कांवड़ यात्रियों का अभिनंदन करेगी। श्रद्धालुओं के लिए रास्ते में पेयजल व शिकंजी की भी व्यवस्था होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सिलसिले में अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अगले 72 घंटे में कांवड़ यात्रा मार्गों की मरम्मत का शेष कार्य पूरा कराया जाए,। मुख्यमंत्री बुधवार को 22 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग की ड्रोन से निगरानी कराई जाए और प्रमुख अवसरों पर पुष्पवर्षा भी कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे कांवड़ यात्रा रूट की साफ-सफाई कराई जाए। यह क्रम पूरे माह जारी रहना चाहिए। कहीं भी गंदगी या जलभराव नहीं होना चाहिए। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट हो, साथ ही पूरे कांवड़ यात्रा मार्ग पर अच्छी प्रकाश व्यवस्था होनी चाहिए। इसके लिए अतिरिक्त स्ट्रीट लाइट लगवाई जाएं, ट्रांसफार्मर की व्यवस्था भी रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए यह उचित होगा कि यात्रा मार्ग पर आम लोगों की सहायता के लिए शिविर लगाए जाएं। शिविर लगाने में सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाना चाहिए। बैठक में जलशक्ति, ऊर्जा मंत्री और लोक निर्माण विभाग के मंत्रियों के साथ विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### तय मानकों के साथ बजाया जाए डीजे

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांवड़ यात्रियों की ओर से तय मानकों के साथ डीजे बजाया जाना चाहिए, लेकिन डीजे की ऊंचाई एक तय सीमा से अधिक न हो। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद, मेरठ, बरेली, अयोध्या, बस्ती, प्रयागराज, काशी, बाराबंकी आदि के नगरीय क्षेत्रों में आस्था के केंद्र शिवालयों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, ऐसे में स्थानीय प्रशासन की ओर से मंदिर प्रबंधन से संपर्क- संवाद कर शिवालयों में भीड़ प्रबंधन कर लिया जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगनहर में मृत जानवरों के प्रवाह की सूचना मिली है, इसे तत्काल रोका जाए।

# एक क्लिक पर मिलेगी अभ्युदय कोचिंग सेंटर के बारे में जानकारी

**अमृत विचार,लखनऊः** समाज कल्याण विभाग धीरे-धीरे अपनी सभी योजनाओं को ऑनलाइन कर रहा है। अभ्युदय कोचिंग सेंटरों की जानकारी आसानी से लोगों को मिल सके और विभाग के चक्कर न काटने पड़े इसके लिए वेबसाइट तैयार कराई जा रही है।

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का संचालन समाज कल्याण विभाग की ओर से किया जा रहा है। इसके तहत चल रही विभिन्न योजनाओं का कई युवकों ने लाभ उठाते हुए आईएएस, पीसीएस बनने का सपना साकार किया है। अभी संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई), उप-सेवा चयन आयोग (एसएसएससी), अन्य भर्ती बोर्ड परीक्षाएं, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी), राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए), संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कराई जा रही है।

समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि अभ्युदय कोचिंग सेंटर के लिए वेबसाइट तैयार कराई जा रही है। वेबसाइट बनने के बाद छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन लेक्चर दिया जा सकेगा।

# फैसले टालना भाजपा की चाल : अखिलेश



सपा प्रदेश कार्यालय में सदस्यता ग्रहण करने के बाद अखिलेश यादव के साथ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय बहादुर यादव।

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- डिजिटल अटेंडेंस स्थगन और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर बोले सपा प्रमुख

**अमृत विचारः** सपा के अखिलेश यादव ने कहा कि शिक्षकों के डिजिटल अटेंडेंस व्यवस्था को स्थगित करने और शहर के कुछ आवासीय स्थलों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई टाल देने में भाजपा की चाल है। उपचुनावों के मद्देनजर ही वह पीछे हटी है। ये निर्णय टालकर सभी को धोखा दिया गया है।

सपा प्रमुख बुधवार को पार्टी कार्यालय में शिक्षकों के डिजिटल अटेंडेंस निर्णय स्थगन के सवाल पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के अंदर मंत्रियों में सीट को लेकर लड़ाई चल रही है, शासन-प्रशासन ठंडे बस्ते में चला गया है। आपसी खींचतान की वजह से जनता के लिए सोचने वाला भाजपा में कोई नहीं है। इन लोगों को चिंता है कि कहीं उपचुनाव में सभी 10 सीटों पर ही चुनाव न हार जाए ।

तोड़फोड़ की राजनीति का जो काम भाजपा दूसरे दलों में करती थी, अब वही काम वो अपने दल के अंदर कर रही है। इसीलिए भाजपा अंदरूनी झगड़ों के दलदल में धंसती जा रही है।

### पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष समेत कई प्रधानों ने ली सदस्यता

अमृत विचार : सपा के अखिलेश यादव की मौजूदगी में बुधवार को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष और वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य विजय बहादुर यादव ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही इस मौके पर विकास खण्ड बीकेटी के कई दर्जन प्रधानों ने भी सपा की सदस्यता ली। सपा मुख्यालय में सदस्यता ग्रहण करने वालों का पार्टी में स्वागत करते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि सपा में लोगों के शामिल होने से संविधान बचाने के लिए पीडीए की लड़ाई में मदद मिली है और मोहनलालगंज लोक सभा सीट पर ऐतिहासिक विजय मिली है।

# एमडीएस में दाखिले को सीट लॉक करना जरूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नीट एमडीएस-2024 में प्रथम चरण की काउंसिलिंग के निर्देश जारी
- 1 अप्रैल 2024 के बाद निर्गत हुए आरक्षण प्रमाण पत्र ही होंगे मान्य

**अमृत विचार :** नीट एमडीएस-2024 की ऑनलाइन काउंसिलिंग में मनपसंद कॉलेज की प्राथमिकता भरने के बाद सीट लॉक करना जरूरी है। अन्यथा सीट आवंटन प्रक्रिया से स्वतः बाहर कर दिया जाएगा। यह निर्देश नीट एमडीएस (मास्टर आफ डेंटल सर्जरी) की प्रथम चरण की चल रही ऑनलाइन काउंसिलिंग में च्वाइस फिलिंग व दाखिले को लेकर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने दिए हैं।

नीट एमडीएस की परीक्षा उत्तीर्ण करने वालों की मेरिट सूची जारी करने के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने निर्देशों में स्पष्ट किया है कि सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया संबंधित विश्वविद्यालय में ही संपन्न होगी। जबकि निजी डेंटल कॉलेजों की सीटों पर आवंटित अभ्यर्थियों के दाखिले संबंधित नोडल सेंटर पर संपन्न होगी। इसलिए सीट आवंटन के बाद अभ्यर्थियों को संबंधित नोडल सेंटर पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि निजी डेंटल कॉलेज में दाखिले के लिए शासन की ओर से निर्धारित शिक्षण शुल्क का बैंक ड्रॉफ्ट, महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा व प्रशिक्षण उप्र के नाम ही जमा होगा। यह नोडल सेंटर पर में जमा किया जाएगा। हालांकि निजी कॉलेज, निर्धारित शिक्षण शुल्क से कम शुल्क लेने के लिए स्वतंत्र हैं, इसके लिए उन्हें नोडल अधिकारी को अवगत कराना होगा। आवंटन प्राप्त अभ्यर्थियों को नोडल सेंटर पर गठित मेडिकल बोर्ड से ही मेडिकल परीक्षण कराना होगा। इसके अलावा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को 1 अप्रैल 2024 के बाद ही निर्गत प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे।

# ग्राम प्रधान की मदद से पहुंचेंगी स्वास्थ्य और पोषण सेवाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश में 65 प्रशिक्षकों को किया गया तैयार, फतेहपुर और वाराणसी से शुरुआत

**अमृत विचारः** प्रदेश की स्वास्थ्य और पोषण सेवाओं को सुदृढ बनाने के लिए 65 स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मियों के साथ फतेहपुर व वाराणसी जिले के पंचायती राज प्रतिनिधियों को दो दिनों का प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ये प्रशिक्षक परिवार नियोजन , मातृ शिशु स्वास्थ्य सेवाओं एवं पोषण संबंधी सेवाओं को लेकर ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षित करेंगे। यह जानकारी बुधवार को सी थ्री की राज्य प्रमुख सुचेता शुक्ला ने दी।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उप्र, सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज (सी थ्री ) के सहयोग से राजधानी स्थित होटल में दो दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को संपन्न हुआ। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के महाप्रबंधक परिवार नियोजन कार्यक्रम डॉ.सूर्यांश ओझा ने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधि परिवार नियोजन और अन्य स्वास्थ्य व पोषण कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू कर सकते हैं।

# सीएचसी को किया जाए विकसित

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीएचसी इंदिरा नगर को विकसित कर संयुक्त चिकित्सालय बनाए जाने का प्रस्ताव पूर्वी विधानसभा से विधायक ओपी श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री को दिया है।

ओपी श्रीवास्तव ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि इंदिरा नगर, सर्वोदय नगर, तकरोही के लोगों को बेहतर इलाज के लिए राम मनोहर लोहिया संस्थान या केजीएमयू जाना पड़ता है। सी-ब्लॉक इंदिरा नगर में स्थित सीएचसी परिसर में पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। संयुक्त चिकित्सालय बनने से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

# जिला अस्पतालों के उच्चीकरण को बजट जारी


राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्य में चिकित्सा सेवाएं सुदृढ़ करने की दिशा में विभिन्न जिलों में साज-सज्जा व संसाधनों की उपलब्धता कराने की दिशा में कार्य जारी है। सहारनपुर स्थित एसडीडी जिला चिकित्सालय को नए चिकित्सकीय उपकरण व भवन मरम्मत कार्य के मांग के अनुसार दो करोड़ 12 लाख रुपये और प्रयागराज के क्षयरोग चिकित्सालय को सवा दो करोड़ रूपए भेजे गए हैं।

इसके अलावा जौनपुर के जिला अस्पताल में ट्यूबवेल, पंप हाउस, वाटर लाइन आदि स्थापित करने के लिए 87 लाख रुपये निर्गत किए गए हैं। वाराणसी में मानसिक रोग अस्पताल भवन निर्माण के लिए चार करोड़ 12 लाख रुएये स्वीकृत किए गए हैं।

### 25 अल्ट्रासांउड मशीनें खरीदी जाएंगी

अमृत विचार : ग्रामीण क्षेत्र स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में गर्भवती को अल्ट्रासाउंड सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार ने करीब 2 .5 करोड़ रुपये जारी किए हैं। स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव अर्चना वर्मा द्वारा जारी इस बजट से 25 अल्ट्रासाउंड मशीनें खरीदी जाएंगी।



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को पुस्तक भेंट करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

### राज्यपाल से मिले मुख्यमंत्री, पुस्तक की भेंट

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राजभवन पहुंचकर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को विनायक दामोदर सावरकर द्वारा लिखित 'छह स्वर्णिम पृष्ठ' पुस्तक भेंट की। राजभवन के अधिकारियों ने इसे शिष्टाचार भेंट बताया। सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री ने शीघ्र आहूत होने वाले विधानमंडल की बैठक समेत विभिन्न मामलों पर चर्चा की।

# आयुर्वेदिक और यूनानी फार्मासिस्टों ने मांगी पुरानी पेंशन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 2014 में नियुक्ति पाने वाले फार्मासिस्टों की हुई बैठक

**अमृत विचारः** पुरानी पेंशन दिलाने को लेकर राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी फार्मेसिस्ट पुरानी पेंशन संघर्ष समिति, उप्र. के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश पाण्डेय की अध्यक्षता में 2014 में नियुक्ति पाने वाले फार्मासिस्ट व पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी फार्मेसिस्ट (2014 बैच) के फार्मासिस्टों ने अपने लिए पुरानी पेंशन की मांग की।

पूर्व मंत्री व विधायक जय प्रताप सिंह के आवास पर बुधवार को संपन्न बैठक में, विभिन्न जिलों से आये फार्मासिस्टों ने पुरानी पेंशन दिलाये जाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि 2014 बैच की नियुक्ति वर्ष 2000 की विज्ञप्ति के आधार पर हुई थी, इसलिए पुरानी पेंशन के हकदार हैं। प्रान्तीय अध्यक्ष के संरक्षण में पुरानी पेंशन के सम्बन्ध में एक (2014) के फार्मेसिस्टों द्वारा एक कमेटी गठित की गई है।

# दो लाख उपभोक्ताओं को आज झेलना होगा बिजली संकट

**अमृत विचार ,लखनऊः** राजधानी में कई क्षेत्रों में गुरुवार को मरम्मत कार्य के चलते बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इससे करीब दो लाख उपभोक्ताओं प्रभावित होंगे।

कैंट उपकेंद्र के लाल कुर्ती और सुभानी खेड़ा फीडर में जर्जर पोल एबीसी केबल बदले जाएंगे। इससे दोनों फीडरों से जुड़े क्षेत्रों की आपूर्ति सुबह 10 से 3 बजे तक बाधित रहेगी। पुरनिया उपकेंद्र की 11केवी पैनल की टेस्टिंग के कारण सेक्टर सी,डी,ई,एफ,जी,एच,आई,जे,के,एल,एम,एन, ओ,पी, क्यू,राम राम बैंक चौराहा और पलटन छावनी की आपूर्ति सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी।

# 30 मंत्रियों को बनाया गया उप चुनाव का प्रभारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रियों के साथ हुई बैठक

**अमृत विचारः** प्रदेश में विधानसभा उप चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रियों के साथ हुई बैठक के बाद 30 मंत्रियों को उप चुनाव वाली 10 सीटों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन्हें सीटवार प्रभारी बनाया गया है।

अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर अधिक जोर दिया जा रहा है। यह सीट सपा के खाते में थी। सपा से विधायक रहे अवधेश प्रसाद के फैजाबाद लोकसभा सीट से सांसद बनने के कारण यह सीट खाली हुई है। इस पर चार मंत्रियों के अलावा संगठन से भी बड़े नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार मिल्कीपुर सीट पर सूर्य प्रताप शाही, मयंकेश्वर शरण सिंह, गिरीश यादव व सतीश शर्मा, करहल सीट पर मंत्री जयवीर सिंह, योगेन्द्र उपाध्याय व अजीत पाल सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह, सपा के लालजी वर्मा के इस्तीफे से खाली कटेहरी सीट पर स्वतंत्र देव सिंह, संजय निषाद व दयाशंकर मिश्र दयालू, सीसामऊ सीट पर सुरेश खन्ना व नितिन अग्रवाल, फूलपुर सीट पर दया शंकर सिंह व राकेश सचान व मझवां सीट पर अनिल राजभर, आशीष पटेल, रविंद्र जायसवाल व रामकेश निषाद को जिम्मेदारी दी गई है। गाजियाबाद सदर सीट पर सुनील शर्मा, बृजेश सिंह व कपिलदेव अग्रवाल, मीरापुर सीट पर अनिल कुमार, सोमेन्द्र तोमर व केपी मलिक, खैर सीट पर लक्ष्मी नारायण चौधरी व संदीप सिंह और कुंदरकी सीट पर धर्मपाल सिंह, जेपीएस राठौर, जसवंत सैनी व गुलाब देवी को जिम्मेदारी दी गई है।

# बिजली भी पैदा करेगा, पर्यावरण भी बचाएगा बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एक्सप्रेस-वे पर बीओओ मॉडल पर विकसित होगा बुंदेलखंड सोलर पार्क

**अमृत विचारः** बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे बिजली भी पैदा करेगा और पर्यावरण भी बचाएगा। एक्सप्रेस-वे पर बीओओ (बिल्ड, ओन एंड ऑपरेट) मॉडल पर बुंदेलखंड सोलर पार्क विकसित होगा। यहां 450 मेगावाट ऊर्जा का उत्पादन होगा। एक्सप्रेस-वे के दोनों किनारों पर 25 हजार से अधिक पौधे रोपे जाएंगे।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि बुंदेलखंड में 2028 तक 36 हजार एकड़ में नोएडा की तर्ज पर नया औद्योगिक शहर बसाने की तैयारी चल रही है। प्रस्तावित योजनाओं को धरातल पर लाने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि करीब 1700 हेक्टेयर में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के किनारे सोलर पार्क विकसित किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वेज़ इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) की देखरेख में इसे बिल्ड, ओन एंड ऑपरेट मॉडल पर विकसित किया जाएगा।

### नौ संस्थाओं ने दिया प्रस्तुतीकरण

अधिकारियों का कहना है कि बीते वर्ष अगस्त में यूपीडा की ओर से कार्य को पूरा करने के लिए प्रस्ताव मांगे गये थे, जिसमें नौ संस्थाओं की ओर से प्रस्तुतीकरण दिया गया था। इनमें से मेसर्स ग्लोबल एनर्जी एलायंस फॉर पीपल एंड प्लैनेट ने इसी साल फरवरी में अपनी विस्तृत रिपोर्ट यूपीडा के अधिकारियों के सामने पेश की थी। इसे हाल ही में मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया गया। रिपोर्ट के अनुसार सोलर पार्क के लिए 17 सौ हैक्टेयर भूमि इटावा से चित्रकूट तक 296 किलोमीटर है।

# दो पक्षों में मारपीट छह घायल

**अमृत विचार,लखनऊ :** महिगंवा क्षेत्र में मंगलवार दरवाजा लगाने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में छह लोग घायल हो गये। पुलिस के मुताबिक, मुसपिपरी गांव के निवासी बेचन उर्फ रामखेलावन ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया गांव निवासी रमेश चंद्र ने घर के सामने दरवाजा लगा लिया है। इसको लेकर उसने पुलिस से शिकायत की थी। वहीं रमेश का कहना है कि रामखेलावन का मकान होलिका दहन की जगह पर बना है। इसी मामले को लेकर विवाद हो गया। इसमें दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें बेचन उर्फ रामखेलावन, छाया देवी, रीना, रेशमा घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष से रमेश चंद्र और उसकी पत्नी आशा देवी चोटिल हो गए।

# व्यक्ति विशेष के लिए नहीं प्रयोग हो रहा बुलडोजर : डीजीपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बुलडोजर को लेकर विपक्षी पार्टियों द्वारा की जा रही घेराबंदी को लेकर साफ की मंशा

**अमृत विचारः** राजधानी के अकबरनगर में बुलडोजर की कार्रवाई और विपक्षी पार्टियों द्वारा लगातार बुलडोजर को लेकर की जा रही घेराबंदी के बीच प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने बुलडोजर की कार्रवाई को लेकर स्पष्टीकरण दिया है।

डीजीपी ने कहा कि बुलडोजर का इस्तेमाल किसी गरीब व्यक्ति के खिलाफ नहीं किया जाता है, बल्कि बुलडोजर का इस्तेमाल केवल अवैध रूप से कब्जा की गई जमीन को खाली कराने या अवैध रूप से निर्मित संरचनाओं को ध्वस्त करने के लिए किया जाता है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यह कार्रवाई पुलिस द्वारा नहीं की जाती है। कार्रवाई करने वाले विभागों द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाता है। शांति बनाए रखने के लिए ही पुलिस तैनात की जाती है।

**जन सुनवाई में सुधार की जरूरतः**डीजीपी ने बताया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा हमसे साझा की गई बातें बताती हैं कि जनसुनवाई की गुणवत्ता में सुधार की जरूरत है। इसके लिए हम शीर्ष स्तर पर कुछ बिन्दुओं पर नजर रख रहे हैं। राज्य सरकार की बात नहीं मानने वाले लोगों की पहचान की जा रही है।

### आदेशों के अनुपालन में कमी को लेकर जताई नाराजगी



अमृत विचार : पुलिस बल के अराजपत्रित अधिकारियों और कर्मचारियों के स्थानांतरण आदेशों के अनुपालन में हीलाहवाली को देखते हुए डीजीपी प्रशांत कुमार नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने अधिकारियों को पत्र लिखकर कहा है कि इस तरह के कार्यों से प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है।उन्होंने लिखा कि न्यायालय में रिट याचिकाएं योजित की जाती है तथा न्यायालय द्वारा समय से स्थानांतरण आदेश पर कार्यमुक्त न किए जाने को लेकर प्रतिकूल टिप्पणी की जा रही है। ग्रीष्मकालीन स्थानांतरण सत्र के अंतर्गत पुलिस बल के किए गए समयावधि, प्रशासनिक, जनहित एवं अनुकंपा के आधार पर किए गए स्थानांतरण आदेश का क्रियान्वयन तत्काल किया जाना आवश्यक है, ताकि स्थानांतरित पुलिस बल के कर्मी समय से स्थानांतरित होकर कर्तव्यरत हो जाएं और कानून व्यवस्था की स्थिति प्रभावित न हो सके। उन्होंने कहा कि यह भी संज्ञान में आया है कि अत्यधिक मात्रा में समयावधि पूर्ण में किये गये स्थानांतरण आदेश को निरस्त एवं संशोधन कराये जाने के लिए अधिकारियों द्वारा कर्मियों के प्रार्थनापत्र मुख्यालय को संदर्भित किये जा रहे हैं तथा उन्हें संशोधन अथवा निरस्त किए जाने के लिए मुख्यालय में पेश होने की अनुमति प्रदान की जा रही है। कहा कि यदि किसी कर्मी को गम्भीर बीमारी है तो उक्त कर्मी स्थानांतरित स्थान पर आगमन कराने के उपरांत सक्षम प्राधिकारी के माध्यम से अपना प्रत्यावेदन मुख्यालय को संदर्भित कर सकता है।

## एक नजर

### विद्युत पोल पर चढ़ा लाइनमैन झुलसा

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** विद्युत पोल पर चढ़कर लाइन ठीक करते समय करंट से झुलस कर संविदा लाइनमैन पोल से नीचे जा गिरा। डायल 112 से सीएचसी महराजगंज पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। जिहवा विद्युत उपकेंद्र के संविदा लाइनमैन सर्वेश कुमार बुधवार को घेरा गांव में लाइन फाल्ट ठीक करने के लिए जिहवा विद्युत उपकेंद्र पर एसएसओ रामजी से फोन पर बातचीत करते हुए खम्भे पर चढ़कर लाइन ठीक कर रहा था। तभी वह बिजली की चपेट में आकर पोल से नीचे गिर गया। जेई दीपक कुमार ने बताया कि लाइनमैन सर्वेश ने कुछ देर पहले शट-डाउन वापस कर दिया था। कम्प्लेन रजिस्टर में घेरा गांव की कोई शिकायत भी दर्ज नही है। घटना कैसे हुई जांच कराई जा रही है।

### छत पर टहलते समय नीचे गिरी किशोरी, भर्ती

**ऊंचाहार,रायबरेली,अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के छिपिया गांव निवासिनी किशोरी सारिका अपने घर की छत पर टहल रही थी। उसके घर की छत में रेलिंग नहीं है, बताया जाता है कि छत पर टहलते समय अचानक वह किनारे पर पहुंच गई और उसका नियंत्रण खो गया। जिससे वह छत से नीचे जमीन पर गिर गई। इस घटना के बाद घर में हड़कंप मच गया। तत्काल परिजन उसको लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

### नहाते समय गंगा नदी में डूबा किशोर, मौत

**ऊंचाहार, रायबरेली,अमृत विचार।** अपने पिता की ननिहाल ऊंचाहार आया लखनऊ शहर का किशोर नहाते समय गंगा नदी में डूब गया। काफी खोजबीन के बाद कुछ दूर पर उसका शव बरामद हुआ है। किशोर की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। लखनऊ महानगर के जेल रोड बंगला बाजार ताड़ी खाना निवासी अनुराग (16) पुत्र विनोद कुमार मंगलवार को अपने पिता की ननिहाल क्षेत्र के कोटराबहादुर गंज गांव आया हुआ था। जो बुधवार की सुबह पिता के मामा के परिजनों के साथ गांव के पास स्थित घाट पर गंगा स्नान करने गया हुआ था। तभी नहाते वक्त वह डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस व गोताखोरों द्वारा डूबे हुए किशोर का शव कुछ पर मिल गया। उधर किशोर की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पाकर लखनऊ से किशोर के परिजन भी यहां पहुंच गए है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि गोताखोरों की मदद से डूबे हुए किशोर का शव बरामद कर लिया गया है।

### चार जालसाज किसानों पर गिरी गाज

**रायबरेली, अमृत विचार।** तहसील के राजस्व अभिलेखों में हुए फर्जी तरीके से दर्ज चली आ रही भूमि पर तहसील प्रशासन की नजर नहीं पड़ी तो भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य के पति सरोज गौतम की शिकायत पर नारायनपुर के चार किसानों के नाम फर्जी अंकित चली आ रही साढ़े चार बीघे भूमि को एसडी एम राजित राम गुप्ता ने निरस्त कर ग्राम सभा के नवीन परती खाते में अंकित करने का आदेश किया है। भाजपा नेता सरोज गौतम ने गांव के ही राम लखन, शांतनु, अशोक कुमार, शिव कुमार के नाम राजस्व अभिलेखों में फर्जी अंकन की शिकायत की थी। राजस्व अभिलेखों में किसानों की जमीन का अंकन फर्जी पाए जाने पर उपजिलाधिकारी राजित राम गुप्ता ने मंगलवार को इस फर्जी अंकन को निरस्त करने व भूमि ग्राम सभा में निहित करने का आदेश पारित कर दिया। एसडीएम राजित राम ने बताया कि राजस्व अभिलेखों में चार किसानों के फर्जी अंकन पाए को निरस्त कर भूमि ग्राम सभा के नवीन परती खाते में अंकित करा दी गई है।

# वीडीओ की आईडी से सीएससी ने जारी किए 50 हजार जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र

## सीएससी संचालक ने सरकारी आईडी व पासवर्ड की धोखे से प्रतिलिपि बना ली थी

सवांददाता, सलोन,रायबरेली।

**अमृत विचार।** जिले के सलोन विकास खण्ड के पाल्हीपुर गांव से एक चौकाने वाला मामला प्रकाश में आया है। गांव में तैनात ग्राम विकास अधिकारी की लापरवाही से देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया गया है। ग्राम विकास अधिकारी की सरकारी लॉग इन आईडी को धोखाधडी व फर्जी तरीके से हथिया कर एक जन सेवा केंद्र संचालक ने 50 हजार से अधिक लोगों के जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिए।

बताया जाता है कि इन प्रमाण पत्रो में ज्यादातर अन्य प्रदेशों के निवासियों के प्रमाण पत्र बने है। बुधवार को मामले की जानकारी होने पर विकास विभाग में हडकंप मच गया। पूरे मामले की जांच पड़ताल के निर्देश अधिकारियों ने दिये है।

वहीं, उच्चाधिकारियों के कहने पर ग्राम विकास अधिकारी ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपित युवक के खिलाफ तहरीर दी है। हालांकि पुलिस ने अभी तक मुकदमा पंजीकृत नही किया है। ग्राम विकास अधिकारी ब्लॉक के समीप स्थित रियाज खान के मकान में किराए का कमरा लेकर रहते थे। जिसमें रखी आलमारी में सरकारी अभिलेख व महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेजों को रखते थे। ग्राम विकास अधिकारी विजय सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया की मकान मालिक के लड़के मोहम्मद जिशान खान की कस्बे में ही जन सेवा केंद्र व फोटो कॉपी की दुकान है। जहां से वह अपनी सरकारी आईडी से जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र के आवेदनों का सत्यापन और सरकारी कार्यों को निस्तारित किया करते थे। ग्राम विकास अधिकारी विजय सिंह का आरोप है की जनसेवा केंद्र संचालक जिशान खान ने उनकी सरकारी आईडी व पासवर्ड की धोखे से प्रतिलिपि बना ली थी। आरोपित युवक ग्राम विकास अधिकारी की सरकारी आईडी का गलत तरीके से प्रयोग कर लगभग 25 से 30 हजार संदिग्ध लोगो का फर्जी जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिए।

जारी हुए प्रमाण पत्रों में गैर जनपदीय नागरिक और अलग अलग प्रान्त के बताए जा रहे है। जिनको फर्जी तरीके से जन्म प्रमाण पत्र जारी किया गया है। फर्जी प्रमाण पत्र जारी होने से देश की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता का खतरा बना हुआ है। जानकारी के मुताबिक जिनका जन्म प्रमाण पत्र जारी हुआ है वो लोग प्रदेश के अलग अलग हिस्सों और गैर प्रान्त में रह रहे है। जिससे देश की सुरक्षा खतरे में है।

> मामला जानकारी में है, ग्राम विकास अधिकारी को पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए गए है। रिर्पोट आने के बाद जो भी दोषी पाया जायेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> -अर्पित उपाध्याय, सीडीओ रायबरेली

> विभागीय स्तर पर संबंधित अधिकारी जांच कर रहे है, जांच के बाद जो भी तथ्य निकलकर आयेंगे उसके आधार पर पुलिस कार्रवाई करेगी। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।
>
> -अभिषेक अग्रवाल, एसपी रायबरेली

**वीडीओ की आईडी से जारी हुए गैर प्रान्त के निवासियों के जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, सीडीओ ने बीडीओ को दिये जांच के निर्देश**

### वीडीओ के पास इन ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी

ग्राम विकास अधिकारी विजय सिंह के पास नुरुद्दीनपुर, लहूरेपुर, गोपालपुर, सिरसिरा, गढ़ी इस्लाम नगर, काजू जलालपुर, सांडा सैदन, औनानीस, माधवपुर निनैया, पृथ्वीपुर सहित पाल्हीपुर ग्राम पंचायतों की ज़िम्मेदारी है।

## एनटीपीसी संविदा कर्मी की संदिग्ध हालात में मौत

**ऊंचाहार, रायबरेली,अमृत विचार।** एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में संविदा कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों की मौत हो गई है। एनटीपीसी के आवासीय परिसर में स्थित अस्पताल में लैब टेक्नीशियन के पद पर तैनात गिरीश चंद एनटीपीसी आवासीय परिसर में रहते थे। वह अपने आवास में अचेत अवस्था में मिले। उनके सिर पर गंभीर चोट थी। उनको सबसे पहल एनटीपीसी चिकित्सालय लाया गया। जहां पर उनकी गंभीर दशा को देखते हुए उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया था। लखनऊ में इलाज के दौरान उनकी बुधवार की शाम मौत हो गई है। बताया जाता है कि उनकी मौत सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण हुई है। वह मूल रूप से उन्नाव जनपद के बीघापुर के रहने वाले थे उनकी मौत के बाद एक तरफ जहां उनके परिवार में कोहराम मचा हुआ है,वहीं एनटीपीसी में सनसनी फैल गई है। उनकी मौत को लेकर तरह-तरह की बातें बताई जा रही है। उनके सिर पर तेज प्रहार होने की बातें भी लोग बता रहे हैं। एनटीपीसी की जनसंपर्क अधिकारी कमल शर्मा ने बताया कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

## अलग-अलग हादसों में एक बच्चे की मौत, दूसरा गंभीर

संवाददाता,शिवगढ़,रायबरेली।

**हादसा**

**रजबहा में डूबने से 4 वर्षीय बच्चे की मौत,कक्षा 2 की छात्रा की ट्रक की टक्कर से हालत गम्भीर**

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत नगर पंचायत शिवगढ़ के वार्ड नम्बर 2 अजीत खेड़ा के बसन्त खेड़ा के रहने वाले रामसुरेश की 4 वर्षीय बेटी दीक्षा की शिवगढ़ राजबहा में डूबने से मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक बुधवार को दीक्षा के पिता रामसुरेश, मां फूलमती दोनों खेत गए थे शाम को शिवगढ़ राजबहा की पक्की पटरी से गुजर रही किसी महिला ने रजबहा में डूबते बच्चे को देखकर चीख पुकार मचाई तो दौड़े ग्रामीणों ने देखा बच्ची का टीशर्ट रजबहा के किनारे पड़ा था। ग्रामीणों ने करीब आधा घण्टे तक राजबहा में तलाश की तो एक किमी किलोमीटर की दूरी पर मासूम का शव पानी में डूबा मिला।

मासूम की मौत से माता-पिता तथा मृतका के 7 वर्षीय बड़े भाई सचिन का रो-रोकर बुरा हाल है। माता-पिता को फफते देख 2 वर्षीय बहन सृष्टि भी रो रोकर परेशान है। थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि मृतका का शव पीएम के लिए भेज दिया गया है। वहीं दूसरी घटना में थाना क्षेत्र के बांदा बहराइच हाईवे पर स्थित कुम्भी में कक्षा 2 की छात्रा खुशी पुत्री रामसनेही उम्र 7 वर्ष गांव में ही सड़क के किनारे दुकान में सामान लेने जा रही थी तभी हैदरगढ़ की ओर से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने खुशी को टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गई।

जिसे परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचा जहां डॉक्टर अनिल कुमार ने उपचार के पश्चात छात्रा को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जिसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी मौके पर जाकर घटनास्थल का निरिक्षण किया है सड़क के किनारे की घटना होने के कारण लोग आक्रोश में सड़क पर आ गए थे सबको समझा बुझाकर घर भेज दिया गया।

# पोखरा व माइनर में पानी न आने से आक्रोशित किसानों का प्रदर्शन

## कई बार शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया गया

सवांददाता, शिवगढ़, रायबरेली।



दहिगवां में सिंचाई विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सिंचाई विभाग शारदा सहायक हैदरगढ़ खण्ड-28 से निकली पोखरा माइनर में एक साल से पानी न आने से सैकड़ों किसानों में आक्रोश व्याप्त है। इस बार भी समय से पानी न मिलने से किसान अपने-अपने खेतों में धान की रोपाई करा पाने से वंचित रह जाएंगे। सिंचाई विभाग की लापरवाही से नहर में पानी न आने से किसान वर्षों से कोष रहे हैं।

सिंचाई विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से खफा किसानों ने क्षेत्र के दहिगवां ग्राम पंचायत में सिंचाई विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर मुर्दाबाद के नारे लगाए। किसानों ने कहा कि अगर 48 घण्टे के अन्दर हेड़ से टेल तक पानी नहीं छोड़ा गया तो वह आंदोलन के लिए माध्य होंगे। प्रदर्शन कर रहे कृषक आशीष सिंह राठौर, हिमांशु वाजपेई, निसार अहमद, रामकंठ सिंह, सहज राम लोधी, रामनरेश लोधी, लवकुश, अतीक हुसैन आदि दर्जनों किसानों ने बताया कि पिछले वर्ष पोखरा माइनर की सफाई न होने से एक साल से माइनर में पानी नहीं आ रहा है। किसानों ने बताया कि माइनर की सफाई के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई लेकिन आज तक उनकी समस्या का निराकरण नहीं कराया गया। किसानों ने बताया कि दहिगवां ग्राम पंचायत में सिंचाई का मुख्य साधन माइनर है। माइनर में पानी न आने से सैकड़ो किसान धान की रोपाई से वंचित है। किसानों ने सिंचाई विभाग से माइनर में पानी छोड़े जाने की मांग की है।

> पोखरा माइनर की कुल लम्बाई 6 किमी. से अधिक है। बजट न होने के चलते पिछले वर्ष 2023-24 में फुल लेंथ माइनर की सफाई नहीं हो पाई थी। सिर्फ 4.5 किमी. में ही सफाई कराई गई थी। माइनर के हेड़ में सिल्ट जमा हो गई थी। इसलिए जेसीबी से 1500 मी. माइनर की सफाई करा दी गई है। हेड से टेल तक पानी पहुंचाना सिंचाई विभाग की प्राथमिकता है। श्रमिक डालकर झाड़ियों की सफाई कराई जाएगी।
>
> -सुभाष सोनकर, जेई, सिंचाई विभाग शारदा सहायक हैदरगढ़ खण्ड-28

## छेड़छाड़ को लेकर दो गुटों में खूनी संघर्ष, सात लोग घायल

सवांददाता, ऊंचाहार,रायबरेली।

**मारपीट**

**एक दिन पूर्व भी हुई थी मारपीट, पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने से बिगड़े हालात**

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के कंदरावा गांव में मंगलवार की देर रात बड़ा बवाल हो गया। लड़की के साथ युवक द्वारा छेड़छाड़ को लेकर एक दिन पूर्व हुई मारपीट में दूसरे दिन दूसरा पक्ष अक्रोशित हो गया और जमकर हुई मारपीट में कुल सात लोग घायल हुए है।

बताया जाता है कि गांव में एक लड़की के साथ छेड़छाड़ को लेकर दो गुटों में कई दिन से तनाव चल रहा था। इस बीच सोमवार को एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के साथ मारपीट की थी। मामले की शिकायत पीड़ित पक्ष ने कोतवाली में की, किंतु पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

पुलिस के इस रवैया के कारण मंगलवार की रात गांव के हालात बिगड़ गए और पीड़ित पक्ष हमलावर हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार की रात करीब साढ़े नौ बजे बड़ी संख्या में लोगों ने एक पक्ष के घर पर धावा बोल दिया और जमकर मारपीट की। जिसमें एक ही पक्ष से कलावती, बबिता, शीला, रितु, शिवकुमार, केसपति, हेमराज आदि गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिन्हे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। उधर, गांव में भारी तनाव है, जिसे देखते हुए गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

सीओ अरुण कुमार नौहार ने बताया कि गांव में हालात सामान्य है। घायलों का सीएचसी में उपचार किया गया है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं, दूसरी ओर, मारपीट में हेमराज को गंभीर चोटें आयीं इससे उनकी हालत काफी नाजुक है, उसे लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है।

## दबंगों ने ग्राम प्रधान को लाठियों से पीटा, घायल

सवांददाता, खीरों, रायबरेली।

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र खीरों में पुलिस की लचर व्यवस्था के कारण दबंगों के हौसले बुलंद हैं। ग्राम पंचायत देवगांव में मंगलवार को रात लगभग 11 बजे एक दबंग युवक ने दलित ग्राम प्रधान को लाठियों से पीटकर बुरी तरह से घायल कर दिया। पीड़ित ग्राम प्रधान ने खीरों थानाध्यक्ष को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

ग्राम पंचायत देवगांव के ग्राम प्रधान अशोक कुमार कुरील पुत्र बुद्धीलाल ने थानाध्यक्ष खीरों को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि मंगलवार की रात को उनके पड़ोसी गांव मझिगवा में बारात आई थी। रात लगभग 11 बजे तीन बाराती वापस जा रहे थे। तभी देवगांव निवासी आदर्श पाण्डेय ने चोर समझकर वापस जा रहे तीनों बारातियों रोक मारपीट की। ग्राम प्रधान ने पहुंचकर बीच बचाव किया। इससे नाराज आदर्श पाण्डेय ने ग्राम प्रधान को जाति सूचक शब्दों साथ गाली देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उन्होंने ग्राम प्रधान को लाठियों से पीटकर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। शिकायती पत्र मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

**लापरवाही** जिम्मेदार बने अनजान, बीते दो सप्ताह में आग से जलकर हुई कई मौतें

# जिले में बढ़ रहे अपराध से कटघरे में पुलिस की चौकसी

संवाददाता, रायबरेली।

**अमृत विचार।** जिले में अपराध और अपराधियों के बीच चल रहे लुका छिपी के खेल ने पुलिस चौकसी को एक बार फिर से कटघरे में लाकर खड़ा कर दिया है।

क्राइम कंट्रोल के नाम पर खुद अपनी पीठ थपथपाने वाली पुलिस को पुलिसिंग ढर्रे पर लाने के लिए पुलिस अफसरों की सख्त मानीटरिंग की जरूरत है।तब कहीं जाकर पुलिस और जनता के बीच खिंची विश्वास की दीवार की ऊंचाई कम होगी।बेगुनाहों जिसकी सच्चाई उजागर करने के लिए लोगों को कोर्ट में एड़ी व तलवे घिसने पड़ते है,लेकिन फिर भी पुलिस की झूठी कहानी से सच्चाई उजागर नहीं होती। ठीक ऐसे ही इस समय जिले में अपराधियों के हौसले बुलंद है और पुलिसिंग व्यवस्था चरमरा गई है। बीते जुलाई माह के दो सप्ताह में अपराधियों ने पुलिस की नाक में दम कर रखा है, लेकिन पुलिस के अफसरों की हीलाहवाली से अपराधी अपने काम से बिल्कुल भी नहीं डर रहे है। और ताबड़तोड़ घटनाओं को अंजाम देकर पुलिसिंग व्यवस्था को चुनौती दे रहे है।

**आखिर कब टूटेगी खाकी की नींद :** यह तो सिर्फ बानगी है इस समय जिले में सिलसिलेवार अपराधी घटनाओ को अंजाम दे रहे है लेकिन पुलिस व्यवस्था पर आलाकमान को कोई फिक्र नही है। बछरावां में युवती के साथ हुई दरिंदगी इस बात का सबूत है कि पुलिस अपराधियों को खुला संरक्षण दे रखी है। इतनी बड़ी घटना हो जाने के बाद भी जिले के पुलिस विभाग के मुखिया अभी भी चुप है। और अपने मातहतों को निर्दोष साबित करने का पूरा प्रयास कर रहे हैं। जबकि सोशल मीडिया में फ़ोटो वायरल हो रही है कि थानाध्यक्ष के इशारे पर चलने वाले चूरूवा चौकी इंचार्ज खुद अपने एक सिपाही के साथ एक पिपिया में पेट्रोल लेकर जाते दिखाई पड़ रहे हैं। ये सब हो जाने के बाद भी पुलिस अधीक्षक कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

**केस 1**

बीते 1 जुलाई को हरचंदपुर थाना क्षेत्र के दिघौरा सोममऊ से रोशनी नाम की महिला बछरावां थाना क्षेत्र में बैंक से पैसे निकालने के लिए गई थी जहां पर उसके एक साथ एक युवक ने टप्पेबाजी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस अभी तक इस घटना का खुलासा नही कर पाई है।

**केस 2**

बीते 10 जुलाई को बंदीपुर गांव में एक ही चारपाई में सो रहे दंपत्ति सहित एक बच्चा संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से झुलस गए थे। जिसमें इलाज के दौरान पति और पत्नी दोनों की मौत हो गई थी। परिजनों ने हत्या का आरोप भी लगाया लेकिन पुलिस ने मामले को घुमा दिया।

**केस 3**

बीते 11 जुलाई को पुलिस ने तो सारी हदें पार दी और पेट्रोल डालकर हाथरस कांड की तरह महिला के शव को पेट्रोल डालकर अंतिम संस्कार कर दिया। चूरूवा गांव में पति ने अपने दोस्तों के साथ घर में ही गुरुवार शाम को शराब पी और नशे की हालत में दोस्तों ने उसकी पत्नी के साथ गैंगरेप किया।

**केस 4**

बीते 12 जुलाई को गुरबख्शगंज थाना क्षेत्र के कुटी गोपालदास मजरे कोरिहर में पत्नी ने पति को चाय बनाने से मनाकर दिया तभी पति ने पत्नी पर खौलता पानी फेक दिया जिससे मौत हो गयी। पति को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया था। वहीं, बुजुर्ग के बेटे ने भी अपनी पत्नी को जिंदा जलाकर मार डाला था।

> गैंगरेप मामले में मृतका के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर आरोपित को जेल भेज कर अन्य जांच कार्यवाही प्रचलित है। चोरियों के मामले को छोड़कर लगभग सभी घटनाओं का वर्कआउट हो चुका है। बची हुई घटनाओं पर टीमें लगाई गईं हैं जल्द ही खुलासा होगा।
>
> -नवीन कुमार सिंह, एसपी,रायबरेली

## सार-संक्षेप

### 49 बच्चों को मिले कौशल विकास योजना के प्रमाण पत्र



कौशल विकास योजना के प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद उपस्थित प्रशिक्षणार्थी।

**सवांददाता, खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** विकास क्षेत्र के कस्बा खीरों में स्थित श्री सूरजदत्त कान्ति देवी महाविद्यालय में विगत कई वर्षों से मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत विद्यालय के छात्र-छात्राओं को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें दक्ष होकर अब तक सैकड़ों प्रशिक्षणार्थी विभिन्न शहरों की निजी और अर्धसरकारी कंपनियों में अपनी सेवाएं देकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करने के साथ साथ खुद बेरोजगारी से मुक्त हो चुके हैं। इसी क्रम में विद्यालय के प्रबंधक रावेंद्र कुमार त्रिपाठी उर्फ रामू त्रिपाठी की अध्यक्षता में मंगलवार को 49 बच्चों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कौशल विकास योजना के प्रबंधक जावेद अहमद खान और ट्रेनर नैंसी साहू ने असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में सफल होने वाले 49 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका अर्चना सिंह और दिव्या गुप्ता ने भी सपना यादव, दिव्या शुक्ला, रोशनी, चमन, प्रिया, काजल देवी, सलोनी आदि को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

### शोध लेखन पर कार्यशाला आयोजित



मुंशीगंज में आयोजित कार्यशाला में मौजूद एम्स के प्रशासनिक अधिकारी।

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान मुंशीगंज में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्रीय पुस्तकालय एम्स मुंशीगंज एल्जेवियर के सहयोग से स्वास्थ्य अनुसंधान विकास कार्यशाला में फैकल्टी के लगभग सभी डॉक्टरों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला की मुख्य अतिथि इंग्लैंड की डा जिमेना अलवीरा का डीन ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। डीन नीरज कुमारी ने कहा कि निदेशक प्रो डा अरविंद राजवंशी के विशेष सहयोग से ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते रहते है। ऐसे कार्यक्रम आयोजित होना शोधकर्ताओ का उत्साह वर्धन करता है। एम्स में चल रहे विभिन्न शोध पर प्रकाश डालते हुए उन पर चर्चा किया। उन्होंने कहा कि शोध कर रहे डाक्टरो को यह कार्यशाला शोध लेखन में सहायता प्रदान करेगी। मुख्य अतिथि ने एम्स मे चल रहे विभिन्न शोध पर प्रकाश डालते हुए विशेष चर्चा करते हुए कहा कि किए गए शोध के बारे में किस तरह लिखा जाए, जिससे शोध की चर्चा अन्य देशो मे हो सके। इस पर विस्तार से जानकारी प्रदान किया। इस मौके पर फैकल्टी के डॉक्टर जूनियर रेजिडेंट व सीनियर रेजिडेंट मौजूद रहे।

### बेहतर प्रदर्शन करने पर बच्चों को किया गया सम्मानित



न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू में सम्मानित किये गये मेधावी बच्चे। अमृत विचार

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू में साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के अंतर्गत विज्ञान, अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान में काफी संख्या में बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन कर इंटरनेशनल व जोनल रैंक में अपना स्थान बनाया। सुबह प्रार्थना सभा में इन बच्चों के साथ उनके अभिभावकों भी सम्मानित हुए। विज्ञान में कुल 13 बच्चों का चयन हुआ। जिसमें यशी गुप्ता, श्रुति मिश्रा, सृष्टि, अथर्व, कृतज्ञ, संध्या, कार्तिके, समर, आकिब अली, वंदना कुमारी, श्रेया, मधु, कुलदीप है। साथ ही श्रुति मिश्रा ने सेकेंड लेवल के लिए क्वालिफाइड किया है। अंग्रेजी में नागेंद्र, खुशी, आराध्या का चयन हुआ है। गणित में कुल 19 बच्चों का चयन हुआ। प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने सभी चयनित बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

### भारतीय रेलवे मजदूर संघ का धरना प्रदर्शन कल



धरना प्रदर्शन को लेकर एकजुट हुए रेल कोच कर्मचारी। अमृत विचार

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** राष्ट्रीय कर्मचारी परिषद के आवाहन पर 19 जुलाई को भारतीय रेलवे मजदूर संघ देश भर के रेल के सभी मंडल, प्रोडक्शन यूनिट एवं सभी जोनों पर न्यू पेंशन स्कीम को समाप्त कर पुरानी पेंशन लागू करने एवं 8वें वेतन आयोग का गठन करने के लिए धरना प्रदर्शन करेगी। इस बाबत जानकारी देते हुए रेल कोच मजदूर संघ के अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल ने बताया कि धरना प्रदर्शन की तैयारी जोरों से चल रही हैं। धरना प्रदर्शन को लेकर बुधवार को वर्कर कैंटीन में मॉडर्न रेल कोच कारखाना मजदूर संघ ने बैठक की। बैठक में महामंत्री सुशील गुप्ता ने 19 जुलाई को होने वाले धरना प्रदर्शन की रणनीति बनाते हुए कहा कि लोकतंत्र में संख्या बल ही सरकार को झुका सकता है और अपनी मांगे मनवाई जा सकती है। अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल ने कहा कि 19 जुलाई को वित्त मंत्री भारत सरकार के नाम का ज्ञापन महाप्रबंधक आरेडिका को सौंपा जाएगा। बैठक में जितेंद्र सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, राजेंद्र यादव, रामबरन वर्मा, गिरिराज सैनी, जितेन्द्र सिंह चंदेल, अकबाल बहादुर, राजेंद्र सिंह फौजी इंद्रदेव, चंदन, आदित्य सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### एनटीपीसी की 500 मेगावाट क्षमता की यूनिट में उत्पादन ठप

**सवांददाता, ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में दो दिन पहले 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट में खराबी के बाद चलाया गया था। अब 500 मेगावाट क्षमता की यूनिट संख्या 6 में खराबी आ गई है, जिससे इसका उत्पादन ठप हो गया है। एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना की सबसे बड़ी यूनिट में खराबी आ गई है, जिससे 500 मेगावाट का उत्पादन ठप हो गया है। बताया जाता है कि यूनिट संख्या 6 के ब्वायलर ट्यूब के गैस रिसाव हो रहा था। जिसके कारण इस यूनिट को बंद करना पड़ा है। इसी के साथ ऊंचाहार परियोजना का कुल उत्पादन 1550 मेगावाट से घटकर 1050 मेगावाट रह गया है। ज्ञात हो कि 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट संख्या 2 में भी यही खराबी थी, जिसमें पांच दिन तक मरम्मत का काम किया गया था और दो दिन पहले ही इसे चालू किया गया था।

### नृत्य प्रतियोगिता में चिन्मय विद्यालय के छात्रों ने लहराया परचम

**सवांददाता, ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** एनटीपीसी ऊंचाहार आवासीय परिसर में स्थित चिन्मया विद्यालय के छात्रों ने प्रयागराज में आयोजित अखिल भारतीय संगीत प्रतियोगिता प्रयाग संगीत समिति द्वारा 7 से 13 जुलाई के बीच आयोजित की गई। जिसमें जिले के अलावा दिल्ली, बनारस, कोलकाता, लखनऊ, मेरठ, गोरखपुर आदि जिलों से आये छात्र/ छात्राओ ने भाग लिया। जिसमें चिन्मया विद्यालय के रतन श्री 6 ए बाँसुरी वादन में प्रथम मायरा मेहर 5 ए सिन्थसाइजर में प्रथम एवं सानिध्य वर्मा 6 ए सिन्थसाइजर में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय तथा जिले का नाम रोशन किया। ये सभी छात्र विद्यालय के संगीत शिक्षक आदित्य मिश्रा से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष कुमार स्वामी, उपप्रधानाचार्य नरेन्द्र सिंह ने छात्रों तथा उनके प्रशिक्षण कर्ता को हार्दिक बधाई के साथ उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### अवैध कटान की खबर पर पहुंचे वनकर्मियों को दबंगों ने पीटा

**अमावां,रायबरेली।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में जारी अवैध कटान की खबर पर पहुंचे फॉरेस्ट गार्ड और वाचर को दबंगों ने जमकर पीटा। इस दौरान साथ में गए एक पत्रकार का फोन भी दबंगों ने तोड़ दिया और पत्रकार के साथ भी हाथापाई की। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटना मिल एरिया थाना क्षेत्र के पूरे चौहान मजरे हरियावां गांव में आज दोपहर की है। जब गांव में जारी अवैध कटान की खबर पर फॉरेस्ट गार्ड संजय सोनकर वाचर अनुज व एक पत्रकार के साथ अवैध कटान स्थल पर पहुंच गए और पूछताछ शुरू की। इस पर दबंगों ने फॉरेस्ट गार्ड और वाचर के साथ गाली गलौज के बाद मारपीट शुरू कर दी। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया मामला संज्ञान में है घटना को लेकर अब तक तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# गमगीन माहौल में दफन किए गये ताजिये

## यौमे अशुरा के जुलूस में लगे आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे, लोगों ने मातम कर हुसैन की कुर्बानी को किया याद

संवाददाता,ऊंचाहार, रायबरेली।

**अमृत विचार।** बुधवार को दशवीं मुहर्रम पर यौमे अशुरा का जुलूस नगर से लेकर कस्बों तक में निकला है। हर तरफ मातम, आंखों में आंसू लिए अकीदत मंद यजीद के जुल्म के खिलाफ गमगीन महौल में ताजिये को कर्बला में दफन किया गया। इस बीच मुस्लिम धर्म गुरुओं ने यजीद की तुलना आज के आतंकवादियो से की तो जुलूस मे जमकर आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे भी बुलंद हुए।

बुधवार को ऊंचाहार में जुलूस की शुरुआत बड़े इमामबाड़े से ओवेस नकवी के मर्सिया से हुई। उन्होंने पढ़ा कि 'आज शब्बीर पे क्या आलमे तनहाई है, जुल्म की चंद पे जहरा के घटा छाई है' के साथ सीनाजनी, छूरी और जंजीर का मातम शुरू हुआ।

जुलूस आगे बढ़ा, जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं, पुरुष, बड़े और बुजुर्ग शामिल थे। इस जुलूस मे शामिल होने के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या संख्या में हिन्दू समुदाय के लोग भी आए थे। जुलूस के रास्ते में जगह जगह लंगर का भी लोगो ने आयोजन किया था।

रास्ते में नोहा ख्वानी भी होती रही, तो तकरीर भी होती थी। इमाम चौक पर हसनैन मुस्तफाबादी ने कहा कि विश्व मे आतंकवाद के खिलाफ सबसे पहली आवाज इमाम हुसैन ने बुलंद की और इसके लिए उन्होने अपने पूरे कुनबे की कुर्बानी दे दी। उन्होंने कहा कि भारत हुसैन की चाहत का देश है, इसीलिए वह भारत आना चाहते थे, क्योकि इंसानियत विश्व में कही है तो वह मेरा भारत देश है। यहां पर छोटे बच्चे अता हुसैन का मातम सभी की आंखों को नम कर रहा था।

जुलूस में अशरफ हुसैन असद, शाह आलम, माजू, मसरुर हैदर, कैसर अब्बास, हादी हुसैन, समीर नकवी फराज नकवी, सैफ नकवी,शमशाद हुसैन, हुसैन मेहंदी,इन्तिजार नकवी, अंसर नकवी मंजर नकवी, पिंटू नकवी, शाजू नकवी, सरकार नकवी आदि बहुत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। दिन भर चले जुलूस का समापन शाम को कर्बला में हुआ। इसी के साथ अलबिदाई संपंन हो गई।



यौमें असुरा के जुलूस के दौरान ऊंचाहार के इमाम चौक पर लोगों को संबोधित करते हसनैन मुस्तफाबादी। अमृत विचार

### अलम, ताजिया, दुलदुल और मातम के ये हैं प्रतीक

अलम सेना के झंडे का प्रतीक है तो ताजिया इमाम हुसैन के उस मकबरे की नकल है, जहां उन्हें शहादत के बाद इराक के कर्बला में दफन किया गया था। इसी प्रकार दुलदुल उस घोड़े का प्रतीक है जिस पर सवार होकर इमाम हुसैन मदीना से कर्बला पहुंचे थे। मातम इस बात का प्रतीक है कि मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन को यजीद नामक शासक ने केवल इसलिए कत्ल करवा दिया था, क्योंकि उसके भ्रष्ट शासनकाल के विरुद्ध इमाम हुसैन ने विरोध जताया था।

### हुसैन की कुर्बानी को किया गया याद

बुधवार को मातमी माहौल में ताजिया कर्बला में दफन कर दिए गए। आज इमामबाड़ा से ताजिया उठाए गए और पूरे गांव का भ्रमण करने के बाद शाम को कर्बला में दफन कर दिए गए। इस दौरान लोगों ने मातम मनाया और हुसैन की कुर्बानी को याद किया। कई जगह प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया। इसी तरह गजपति खेड़ा, भोजपुर, बेनीमाधवगंज आदि गांव में भी ताजिया कर्बला में दफनाये गए। उधर छतौना गांव में परंपरा के अनुसार गुरुवार को ताजिया इमामबाड़ा में रखा जाएगा और शुक्रवार को कर्बला में जाएगा। पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये।

# लव जेहाद के मुख्य आरोपी को भेजा जेल

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी छात्रा विगत लगभग छः माह पहले लव जेहाद का शिकार हो गई थी। जिसमें किशोरी छात्रा ने सच्चाई जानने पर विगत एक फरवरी को फांसी लगाकर जान दे दी थी। कई महीने तक थाने के चक्कर लगाने के बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर मृतका के पिता ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर खीरों पुलिस ने तीन आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने लव जेहाद घटना के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।





## वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी.) |

### फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें

डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504

डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट) मो. 7521001987


# अजादारों ने ताजिया, अलम और दुलदुल लेकर निकाला जुलूस

## मोहर्रम पर जुलूस निकालकर किया मातम, ताजिया कर्बला में हुआ दफन

संवाददाता,परशदेपुर, रायबरेली,

**अमृत विचार।** मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन की याद में परशदेपुर कस्बे में मोहर्रम पर जुलूस निकालकर नाहा ख्वानी और मातम करते हुए ताजिया को कर्बला में दफन किया गया।

10वीं मोहर्रम पर परशदेपुर कस्बे में भी इमाम हुसैन के मानने वालो ने ताजिया अलम और दुलदुल लेकर जुलूस निकाला। अजादरो ने मातम करते हुए छोटे इमामबाड़े का ताजिया मटियारा चौराहे और बड़े इमामबाड़े का ताजिया गेवड़े मैदान में कर्बला के प्रतीक के तौर पर बनाए गए कब्रिस्तान में दफन किया। जुलूस में मो. इतरत नकवी, डा आमिर, शोफी रिजवी, बाबर हादी, आरिफ नकवी, अज्मी रिजवी, मोहम्मद नाजिम, मोहम्मद शारिम, सैयद राशिद नकवी, हैदर अली, वसी रजा, शम्सी रिजवी, लेखपाल मुकेश कुमार, सफाई नायक सरवन कुमार आदि मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर एसआई अनिल यादव दल बल के साथ मुस्तैद रहे।



परशदेपुर में जुलूस निकालकर सीनाजनी करते हुए मातमदार।

# इमाम हुसैन की याद में निकली ताजिया

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** मोहर्रम की नवी में बुधवार को तिलिया कोट में इमाम हुसैन की याद में ताजिया रखा और मोहम्मद इमरान ने लंगर बाटा। इमरान ने मिठाई, बिरयानी के साथ-साथ पेप्सी भी बांटी। तिलिया कोट के सभासद सराफत अली उनके पुत्र सैय्यद अरशद, अफसर अली ने हर गली सड़क पर सीवर के चैम्बर ठीक कराए और चूना चिड़काव कराया। इस बार नगर पालिका का काफी अच्छा इंतजाम रहा। अली मिया चौक से गुलाब रोड किला बाजार, जहानाबाद चौकी से तिलिया कोट, ताड़ तल्ला में जबरजस्त सफाई और चूना छिड़काव कराया गया। जिसके लिए सभी ने अध्यक्ष शत्रुहन सोनकर का आभार व्यक्त किया।



लोगों को प्रसाद बांटते मुस्लिम समाज के लोग। अमृत विचार

# सर्पदंश से हुई किसान की मौत

संवाददाता,शिवगढ़,रायबरेली।

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के सीतापुर मजरे रामपुर खास में खेत में काम कर रहे किसान की हृदय विदारक मौत हो गई, परिजनों ने सर्पदंश से मौत की आशंका जताई है। परिजनों के मुताबिक सीतापुर का रहने वाला राम मनोहर पुत्र राजउ उम्र 50 वर्ष, पत्नी प्रेमा, पुत्री नीलम, पुष्पा,सलोनी के साथ खेत में धान लगाने गया था। दोपहर में भूख लगने पर राम मनोहर ने कहाकि मैं यहीं खेत में काम कर रहा हूं तुम लोग जाकर घर से खाना खा आओ और हमारे लिए खाना ले आना, खाना खाने की बाद जब पत्नी प्रेमा बेटियों के साथ वापस खेत पहुंची तो उसका पति राममनोहर मृत पड़ा था।

जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक की पत्नी प्रेमा ने बताया कि खेत के पास बड़ी-बड़ी घास एवं झाड़ियां और झंखार खड़ा है, जिनमें एक बहुत पुराना काला सांप रहता है, पत्नी एवं परिजनों ने सर्प दंश से मौत की आशंका जताई है। थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या सर्पदंश से मौत की आशंका हुई है शव पीएम के लिए भेज दिया गया है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

**5 बेटियों के सिर से उठ गया पिता का साया :** राममनोहर की मौत से उसकी पांच बेटियों के सिर से पिता का साया उठ गया है। मृतक खेती किसानी करने के साथ ही दूसरों की मेहनत मजदूरी करके किसी तरह बच्चों का पालन पोषण करता था, पति की मौत से पत्नी प्रेमा के ऊपर मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा है।

# पंखे के हुक से लटकता मिला युवक का शव

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के खेरवा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव उसके कमरे में मिला। जिसके बाद गांव में कोहराम मच गया। शिवकुमार मंगलवार देर रात भोजन के बाद कमरे में सोने चला गया। बुधवार की सुबह जब घरवाले सोकर जगे तो कोहराम मच गया। युवक का शव कमरे की छत में लगे पंखे के हुक में रस्सी के सहारे लटकता मिला। परिजन शव लटकता देख अवाक रह गए। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि मृतक के परिजनों की सूचना पर युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना की जांच की जा रही है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

### सूचना

सूचित हो कि मै गीता देवी पुत्री स्व0 राम सेवक, निवासी– गडरियनपुर झाऊपुर, तहसील व जिला फतेहपुर। मेरे पिता स्व0 राम सेवक पुत्र स्व0 रघुवर की मृत्यु दिनांक–19.09.2017 को घर पर हो गयी थी मै अपने पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र के पंजीकरण की जानकारी न होने के कारण नहीं करा सकी। मुझे अपने पिता स्व0 राम सेवक पुत्र स्व0 रघुवर के मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता है तथा मेरे पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाये जाने की अनुमति प्रदान किया जाना न्यायहित में अति आवश्यक है।

### सूचना

सूचित हो कि मैं **अमृतलाल पुत्र स्वर्गी महावीर निवासी–बलीपुर तहसील व कोतवाली डलमऊ जिला रायबरेली** अपने पुत्र शिवम और किशन जो मेरे परिवार से अलग रहते हैं के अनैतिक कार्यो और मेरे और परिवार के सदस्यों के साथ किए जा रहे अभद्र व्यवहार के चलते अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। मेरे पुत्रों द्वारा किसी भी प्रकार के किए गए लेनदेन व कार्यो की जिम्मेदारी स्वयं उनकी होगी। मेरा उनसे कोई वास्ता सरोकार नहीं है

### सूचना

वामदेव सिंह महाविद्यालय ,अंधना सिधौली सीतापुर के लिए ,लखनऊ विश्वविद्यालय के नियमानुसार प्राचार्य की आवश्यकता है योग्य व्यक्ति शीघ्र संपर्क करें, मो. 8318162141

### NOTICE

I Had change my name Priyanka devi to Priyanka Kumari my army document no 1581740H -L/NKDMT record in Priyanka devi above two name is one female person .Priyanka devi w/o Sanjeev Kumar Singh vill basahi district chhapra chak hafij saran bihar 841206

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा

सैक्स समस्याएं!!

मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें

प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक

सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।

राना डिस्पेंसरी 9919792325 9415810891

पता : लाल कुआँ, मेन रोड (हुसैन गंज) लखनऊ

हर बुधवार सीतापुर में रोडवेज बस अड्डा के पास

आवश्यकता है

अमृत विचार, बरेली व लखनऊ को

अकाउंटेंट की (विज्ञापन विभाग में)

अनुभवः– न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

वेतन :- योग्यता अनुसार

इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:–

advt.amritvicharbly@gmail.com 8791613133

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?

SINCE 2006

जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!

कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें

VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**

उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**

उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**

उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**

उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**

उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**

उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**

उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**

उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**

उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**

उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें – 7080239313 7570060266

आलमबाग

पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी

परामर्श समय– सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया

पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस

परामर्श समय– सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

## एक नजर

### फर्जी शपथ पत्र से भूमि दर्ज कराने की जालसाजी

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** पीड़ित की जमीन को आबादी में दर्ज कराने के लिए कुछ लोगों ने मिलकर किसान के फर्जी शपथ पत्र के सहारे न्यायालय में वाद दाखिल कर दिया। इस मामले की जानकारी किसानों को होने पर उन्होंने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सतरिख थाना क्षेत्र के कमरपुर गांव निवासी गणेशी की जमीन है। इस जमीन को आबादी में घोषित कराने के लिए शीलादेवी, राजेशकुमार, फूलचंद आदि ने कुटरचित शपथ पत्र दस्तावेज तैयार करके गणेशी और अन्य लोगों के फर्जी हस्ताक्षर तैयार कर उप जिलाधिकारी नवाबगंज के न्यायालय में वाद दाखिल कर दिया था। न्यायालय ने असली शपथ पत्र समझ कर आदेश दे दिया था। इस मामले की जानकारी किसानों को होने पर असली शपथ पत्र और हस्ताक्षर न्यायालय में दिया था। जिस पर न्यायालय ने जांच में पाया है कि शीलादेवी आदि द्वारा दिए गए शपथ पत्र फर्ज़ी है।

### नौ लोगों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले भर में चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को नौ लोगों के खिलाफ शांति भंग की धाराओं में कार्रवाई की गई। जबकि चार वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

### रेलवे चौराहा बना मनचलों का अड्डा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिले का रेलवे स्टेशन चौराहा इन दिनों मनचलों का अड्डा बनता जा रहा है। आये दिन गुजरने वाली महिला यात्रियों के उधर से गुजरने पर ये मनचले छीनाकशी करते है। समय रहते पुलिस का ध्यान इधर न गया तो आने वाले समय में कोई गम्भीर घटना घट सकती है। लोगों ने पुलिस से मनचलों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### शमशान घाट बना नशेड़ियों का अड्डा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थानीय कमरिया बाग व नागेश्वर नाथ सोता स्थित शमशान घाट नशेडियों का अड्डा बनता जा रहा है। शाम होते ही सुनसान जगह पाकर अराजक तत्व यहां जुआ खेलते है और मादक पदार्थों का सेवन करते है। उसके पास गुजरने वाले परेशान लोगों ने बताया कि नशेड़ियों की वजह से यहां से आते-जाते लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जिसपर पुलिस का ध्यान नहीं जा रहा है।

# 17 घंटे गुल रही बिजली, ढाई लाख आबादी प्रभावित

निंदूरा, बाराबंकी

▸▸ बॉक्स जलने से बाधित हुई विद्युत सप्लाई

**अमृत विचार:** निंदूरा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुधारने का नाम ही नहीं ले रहा है। क्षेत्र के बाबागंज भदरास फीडर से क्षेत्र के लगभग 132 गांव में विद्युत आपूर्ति की जाती है। मंगलवार देर रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे अचानक विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। जो अगले दिन सुबह 7 बजे बहाल हुई। मात्र 45 मिनट के लिए फिर बिजली चली गई। 14 घंटा कटौती की गई। जिससे क्षेत्र में हाहाकार मच गया।

क्षेत्र के टिकैतगंज, मोलनिया, निंदूरा, खरिहानी, फिरोजपुर, माधवपुर, कंचनपुर, बोलवाहर, हाजीपुर आदि गांवों में विद्युत कटौती की गई। जिससे गांव व कस्बे वासियों में रोष व्याप्त है। वहीं क्षेत्र के बाबागंज फीडर से लगभग 125 गांव को विद्युत आपूर्ति की जाती है। मंगलवार शाम 11:00 बजे बिजली चली गई थी, जो बुधवार 4:00 बजे तक सप्लाई नहीं शुरू हो पाई। क्षेत्र के पिण्डसावां, पलटूपुर, छिलगवां, ददेरा, बाबागंज, घुंघटेर, कांमीपुर, जमुलिया सहित लगभग 130 गांव में लगभग 17 घंटे की कटौती की गई। वहीं जेई विकास शुक्ला ने बताया कि बॉक्स जलने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। जिसे शाम तक चालू कर दिया जाएगा।

# पुलिस ने दो बाइकों के साथ शातिर दबोचे

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी: अमृत विचार:** रामसनेहीघाट कोतवाली पुलिस ने चोरी की दो बाइक के साथ एक गिरोह के दो शातिर अपराधियों को पकड़ा है। पकड़े गए शातिर कोतवाली क्षेत्र के ही लाल यादव पुत्र विजय यादव निवासी मुरारपुर और नितिन यादव पुत्र विजय यादव निवासी ग्राम मुरारपुर निवासी है।

कोतवाल ओपी तिवारी ने बताया-मय हमराही पुलिस के साथ मंगलवार को रात्रि भ्रमण पर थे। तभी तासीपुर गांव के पास टूटे हुए कल्याणी नदी पुल के पास दो लोग दिखे। उनके पास पहुंच कर जानकारी ली गई तो दोनों के पास से चोरी की एक-एक मोटर साइकिल बरामद हुई है।

# पृथ्वी पर वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना नहीं

बनीकोडर, बाराबंकी


पौधरोपण करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्रदेश के खाद्य रसद एवं नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने बुधवार को ग्राम पंचायत गैरिया में पौधरोपण कर रोपित पौधे के संरक्षण पर बल दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने लोगों से ज्यादा-से-ज्यादा पौधरोपण को बढ़ावा देने की अपील की।

भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश अवस्थी के संयोजन एवं वन विभाग के सहयोग से आयोजित इस वृहद पौधरोपण कार्यक्रम में बोलते हुए

▸▸ राज्यमंत्री ने पौधरोपण कर संरक्षण पर दिया बल

राज्यमंत्री ने कहा कि पेड़ पृथ्वी पर जीवन की रीढ़ की हड्डी के समान हैं। वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। वृक्षों से हमें प्राणवायु ऑक्सीजन की प्राप्ति होती है। अतः जीवन के लिए वृक्षारोपण आवश्यक है।

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन समर्थन प्रणाली की तरह हैं जो हमें हर दिन उपयोग की जाने वाली कई चीजे प्रदान करते हैं।साथ ही पेड़ वर्षा में भी सहायक हैं। पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण जरुरी है।

इस मौके पर सुरेंद्र मिश्र, सुनील मिश्र, मनोज सिंह, आशुतोष शुक्ल, सनत कुमार तिवारी, शिवसागर पाठक, राजू शुक्ल, कवि अजय ओझा चंदन, कुलशेखर अवस्थी, श्रीभगवान ओझा, हरिशंकर पांडेय, अभिषेक सिंह, वन विभाग के एसडीओ एके पांडेय वन दरोगा ओपी यादव और रामबाबू चतुर्वेदी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# बोरिंग में नहीं आया पानी और मांगे पांच हजार रुपये

## प्रति बोरिंग लेबर-मिस्त्री और प्रति टैंकर पानी का पैसा भी किसानों से रहे वसूल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**जिम्मेदार मौन**

▸▸ लघु सिंचाई विभाग में जमकर हो रहा भ्रष्टाचार का खेल

**अमृत विचार:** लघु सिंचाई नलकूप योजना के तहत बोरिंग करने के नाम पर किसानों से जमकर वसूली हो रही है। बोरिंग होने के बाद भी पानी नहीं आ रहा है। विभाग के अफसर इस योजना को धराशाई करने में लगे हुए हैं। किसानों से घूस लेने के बाद भी बोरिंग में पानी नहीं आ रहा है। यहां तक की सरकार द्वारा प्रति बोरिंग लेबर-मिस्त्री और पानी के टैंकर के लिए दी जाने वाली धनराशि उल्टे किसानों से वसूल की जा रही है। यह मामला काफी गंभीर है। मामले की शिकायत जिलाधिकारी से होने के बाद हड़कंप मच गया है।

हरख गांव के निवासी देशदीपक ने लघु सिंचाई नलकूप योजना के अंतर्गत 30 मीटर गहरी बोरिंग करने के लिए 14 जून 2024 को ब्लॉक में आवेदन किया था, लेकिन इसके बाद से पीड़ित लगातार ब्लॉक के चक्कर काट रहा है। योजना का लाभ नहीं मिला है। यही नहीं हरख ब्लॉक में तैनात बोरिंग टेक्नीशियन उमेश कुमार के द्वारा बोरिंग करवाने के एवज में 4500 रुपये घूस ले लिया गया। इसके अलावा 15 फीट गिट्टी और लेबर चार्ज का भी रुपये ले लिया। उसके बाद जब बोरिंग चेक की गई तो उससे पानी ही नहीं निकला। टेक्नीशियन द्वारा बोरिंग में बंधा इंजन को खराब होना बताया गया। किसान ने दूसरा इंजन की व्यवस्था कर बोरिंग में बांधा उसके बाद भी पानी नहीं निकला। टेक्नीशियन द्वारा जांच पड़ताल में पता चला कि बोरिंग में कहीं पर ज्वाइंट खुल गया है। जिस कारण बोरिंग पानी नहीं दे रहा है। अब इसमें तीन इंची पाइप लटकना पड़ेगा तब पानी निकलेगा। तीन इंची पाइप डालने को लेकर फिर पांच हजार रुपये की मांग की गई, लेकिन किसान द्वारा यह रकम न देने पर उसका मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। बोरिंग से पानी न निकलने से किसान काफी परेशान है। विभाग के अफसर इस योजना को धराशाई करने में लगे हुए हैं। इसके पहले भी कई किसानों से विभाग के द्वारा बोरिंग करने के नाम पर वसूली की जा चुकी है लेकिन विभागीय मामले को रफा दफा कर दिए गए हैं। यह तो एक ब्लॉक का मामला है ऐसे ही पूरे जिले में विभाग द्वारा लंबा खेल हुआ है। जिसकी आवाज किसी ने नहीं उठाई। लेकिन अब हड़कंप मचता दिख रहा है। वहीं बोरिंग टेक्नीशियन का कहना है कि आरोप गलत लगाए गए हैं। एक पैसा किसी से नहीं लिया गया है।

### इन लोगों से भी वसूले गए रुपये

इसी ब्लॉक के ग्राम करौंदी निवासी मिथिला शरण ने ब्लॉक में ही बोरिंग के लिए आवेदन किया था। इनसे आवेदन शुल्क के रुपये 350 रुपये ले लिया गया। जबकि जनसेवा केंद्र पर 100 रुपये ही लिए जा रहे हैं। इनको बोरिंग करवाये हुए दो से तीन माह हो चुके हैं। इनसे 4500 रुपये भी लिए गये। 2500 रुपये बोरिंग कराने के लिए दी गए। जो वापस नहीं किए गए। इसी तरह इसी ब्लॉक के ग्राम बलछत निवासी धर्मेंद्र पुत्र राम सुमिरन ने 2500 रूपये तो सुनील कुमार पुत्र शिव प्रसाद ने 3500 रुपये देकर बोरिंग करवाई। जबकि योजना के तहत बोरिंग का काम विभाग की ओर से किया जाना था।

### पीड़ित ने मांगी जनसूचना तो मचा हड़कंप

विभागीय अधिकारियों की खाऊकमाऊ नीति ग्रस्त पीड़ित किसान हरख गांव निवासी देशदीपक ने विभाग से तीन बिंदुओं पर जनसूचना मांगी है। इसके साथ ही जिलाधिकारी से पूरे मामले की शिकायत कर जांच कराने की मांग की है। जनसूचना में मांगा है कि वर्ष 2023-24 में हरख ब्लॉक में कितने व्यक्तियों को नलकूप योजना का लाभ दिया गया है। सूची सहित उपलब्ध कराएं, 30 मीटर गहरी प्रति बोरिंग का स्टीमेट कितना है और इसी वित्तीय वर्ष में कितने व्यक्तियों को इंजन यानी पंपसेट प्रदान किया गया है इसकी भी सूची उपलब्ध कराई जाए। जनसूचना मांगे जाने के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है। यही नहीं पीड़ित ने इस भ्रष्टाचार से जुड़े मामले की शिकायत डीएम से करते हुए जांच कराने की मांग की है।

> बोरिंग होने के बाद भी पानी न निकलना मामला गंभीर है और किसान से बोरिंग के नाम पर घूस लेना गलत है। मामले की जांच की जाएगी। यदि जांच में कर्मचारी की भूमिका मिलती है तो जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारी को भेज कर कार्यवाही की जाएगी।
>
> -**राकेश कुमार पांडेय**, जूनियर इंजीनियर, लघु सिंचाई विभाग।

# अनियंत्रित पिकअप की टक्कर में दो बाइक सवारों की मौत

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर, बाराबंकी

▸▸ ताजिया देखने जा रहे थे बरेठी पिकअप सवार दो लोग घायल

**अमृत विचार:** बाराबंकी मार्ग पर मंगलवार देर रात अनियंत्रित पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और पेड़ में जा टकराई। इस दर्दनाक हादसे में बाइक पर सवार दो युवकों की मौत हो गई। जबकि पिकअप में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें देवा सीएचसी भेजा गया है।

फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धौसार निवासी इमरान (25) अपने ममेरे भाई अरमान (18) के साथ मंगलवार देर रात बाइक से ताजिया देखने देवा थाना क्षेत्र के ग्राम बरेठी जा रहे थे। फतेहपुर बाराबंकी मार्ग पर अहिरनपुरवा गांव के पास सामने से आ रही पिकअप ने बाइक में ठोकर मार दी और असंतुलित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें देवा सीएचसी भेजा गया। जहां चिकित्सक ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। पिकअप सड़क किनारे पेड से टकराकर पलट गई। चालक मौके से फरार हो गया। जबकि पिकअप में सवार अरमान व बब्बन निवासी ग्राम तारनपुर थाना हलरपुर सीतापुर उसी में फंस गए। पुलिस ने शीशा तोडकर पिकअप में फंसे दोनों युवकों को बाहर निकालकर देवा सीएचसी भेजा। युवकों की मौत से उनके परिवार में कोहराम मचा है। कोतवाल डीके सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**गांव में छाया मातम:** मृतक इमरान अपने आठ भाईयों में सबसे छोटा था और सउदी अरब में काम करता था। पांच दिन बाद उसे वापस सउदी जाना था। वहीं अरमान अपने तीन भाईयों में दूसरे नंबर पर था। वह घर के काम काज देखता था। दोनों युवकों की अचानक हुई मौत से पूरे गांव में मातम छा गया है।

### सड़क हादसों में युवक की मौत एक व्यक्ति घायल

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी : अमृत विचार :** थाना लोनी कटरा क्षेत्र अंर्तगत दो अलग-अलग हुई मार्ग दुर्घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि एक अन्य घायल हो गया। मंगलवार रात करीब 8 बजे छबील चौकी के पास सड़क पार कर रहे व्यक्ति की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। मृतक की पहचान ईंट-भट्ठे पर मजदूरी करने वाले बिहार के नालंदा जनपद के सांडीमऊ थाना सिलाव निवासी सुनील पुत्र कारू मांझी उम्र करीब 42 वर्ष के रूप में हुई है। वहीं दूसरी घटना बुधवार सुबह करीब 11 बजे हसनपुर गांव में हुई। गांव निवासी महेंद्र प्रताप (50) दहिला पोखरा मार्ग के किनारे रखे छप्पर के नीचे लेटा था। वहीं सड़क से गुजर रही अज्ञात कार ने उसे ठोकर मार दी। घायल को सीएचसी त्रिवेदीगंज से जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। वहीं कार चालक वाहन सहित घटना स्थल से फरार हो गया।

# कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**मसौली, बाराबंकी: अमृत विचार:** जनपद लखनऊ के ऐसबाग निवासी मोहम्मद अकरम पुत्र बब्लू 45 वर्षीय दो बच्चों के साथ बाइक से बड़ागांव से लखनऊ घर को लौट रहे थे कि बाराबंकी-रामनगर हाईवे पर मसौली थान के निकट पहुंचे थे कि सामने से तेज रफ्तार आ रहे कार सवार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और फरार हो गया। हादसे में बाइक सवार गंभीर से घायल हो गया। हालांकि बाइक पर सवार दोनों बच्चे सुरक्षित थे।

## सार-संक्षेप

### सुमली नदी में उतराता मिला विक्षिप्त युवक का शव

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति का शव बुधवार को सुमली नदी में उतराया हुआ मिला। वहीं सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई तो पुलिस बल के साथ में पहुंचे प्रभारी निरीक्षक ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर कराया। उसके बाद पंचनामा भर कर पोस्मार्टम के लिए भेजा है। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के नंदापुरवा गांव के पास से होकर सुमली नदी गुजरी है। बुधवार की भोर कुछ लोग उधर से होते हुए शौच को जा रहे थे। तभी नदी में उतराता हुआ एक व्यक्ति का शव देखकर उन्होंने इसकी सूचना मोहम्मदपुर खाला पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे एसएचओ ने स्थानीय गोताखोर से शव को बाहर निकलवाया तो ग्रामीणों ने उसको मानसिक विक्षिप्त बताया और अक्सर क्षेत्र में घूमे जाने की बात कही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। शव को देखने से लग रहा था कि 22 वर्षीय युवक का है। पुलिस के मुताबिक शव दो-तीन दिनों पुराना है। मृतक ने नीले रंग की टीशर्ट और लोवर पहन रखी थी। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया हैं कि शव विक्षिप्त युवक का होना बताया जा रहा है।

### पूर्व जिलाध्यक्ष ने किया मोबाइल शॉप का शुभारंभ


दुकान का शुभारंभ करते पूर्व जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

**बाराबंकी : अमृत विचार :** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने बुधवार को शहर के लखपेडाबाग स्थित न्यू शिवी कम्युनिकेशन एंड इलेक्ट्रॉनिक शॉप का उद्घाटन किया। शॉप के प्रॉपराइटर प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि शॉप पर विभिन्न कंपनियों के मोबाइल फोन उचित दाम पर मिलेंगे। इसके आलावा इलेक्ट्रॉनिक सामान भी लोगों को मुहैया हो सकेगा। इस मौके पर भाजपा नेता राकेश वर्मा कर्रा, सानू और अखिलेश समेत कई लोग मौजूद रहे।

### पारा चढ़ने और उमस से लोग बेहाल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पिछले दो-तीन दिनों से सूरज का पारा चढ़ने और बरसात न होने से उमस ने लोगों को बेहाल करके रख दिया है। बिजली कटौती और डिम लाइट की आपूर्ति की वजह से लोगों की उमस भरी गर्मी में परेशानी और बढ गई है।

### राष्ट्रीय जागरण मंच ने फूंका आतंकवाद का पुतला


आतंकवाद का पुतला फूंकते राष्ट्रीय जागरण मंच के कार्यकर्ता। अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय जागरण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव के संयोजन में बुधवार को रानीगंज चौराहे पर पाकिस्तान व पाक प्रायोजित आतंकवाद का पुतला फूंका गया। मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि चीन के सहयोग व समर्थन से पाकिस्तान द्वारा छदम व अघोषित युद्ध किया जा रहा है। प्रत्यक्ष युद्ध लड़ने की पाकिस्तान की हैसियत नहीं है। राष्ट्रीय जागरण मंच के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पाकिस्तान के खिलाफ दोबारा एक बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक किए जाने की मांग रखी गई और कहा गया कि हमारे वीर सैनिकों का बलिदान अब भारत बर्दाशत नहीं कर सकता है। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद जायसवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता विद्यासागर पांडेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक शुक्ला, भाजपा विस्तारक अमित सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष शरद श्रीवास्तव, योगेन्द्र गुप्ता, अंशू श्रीवास्तव सहित अनेकों राष्ट्रवादी चिंतकों ने जम्मू में हमारे वीर सैनिकों पर हमले के विरोध में आक्रोश व्यक्त किया ।

# बंदर को पकड़ने गई वन विभाग की टीम लौटी खाली हाथ

संवाददाता, हैदरगढ़, बाराबंकी


गांव में बंदर की खोज करती वन विभाग की टीम। अमृत विचार

▸▸ दर्जन भर लोगों को काटकर घायल कर चुका है बंदल

**अमृत विचार:** लोनीकटरा थाना क्षेत्र के जौरास गांव में आतंक का पर्याय बने बंदर को पकड़ने गई वन विभाग की टीम को खाली हाथ वापस लौटना पड़ा।

टीम आज भी बंदर को पकड़ने के लिए गांव में कॉम्बिंग करेगी। पिछले एक पखवाड़े से दर्जन भर लोगों को काटकर घायल कर चुके बंदर को पकड़ने के लिए वन क्षेत्रधिकारी राकेश कुमार तिवारी के निर्देश पर वन विभाग की टीम क्षेत्रीय वन दरोगा अभय गौतम के नेतृत्व में वन कर्मियों व पांच शिकारियों के साथ बुधवार की सुबह 10 बजे गांव पहुंची। पूरे गांव में ग्रामीणों के सहयोग से लगभग 5 घंटे तक चले अभियान में आतंकी बंदर कहीं नजर ही नहीं आया।

बंदर के विषय में जानकारी देते हुए वन क्षेत्रधिकारी ने बताया कि गांव व बाग में चलाए गए अभियान में बंदर कहीं नजर नहीं आया है। गोमती नदी का किनारा होने की वजह से बंदर भाग जाता है। हमला करने वाले बंदर को पकड़ने के लिए टीम कॉम्बिंग करती रहेगी। जब तक वह पकड़ा नहीं जाएगा तब तक तलाश जारी रहेगी।

# घाघरा नदी में तलाश जारी, नहीं मिला डूबा युवक

संवाददाता, रामनगर, बाराबंकी


सरयू नदी में युवक की तलाश करती पुलिस व एसडीआरएफ की टीम। अमृत विचार

▸▸ बीते मंगलवार से लापता है बीबियापुर रुहेरा निवासी

**अमृत विचार:** लापता युवक की तलाश में घाघरा नदी में रेस्क्यू अभियान चलाया गया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। पूरे दिन पुलिस और स्थानीय निजी गोताखोर युवक को तलाशते रहे। शाम को पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने मोर्चा संभाला लेकिन समाचार लिखे जाने तक लापता युवक का कुछ पता नहीं चला।

ज्ञात हो कि थाना मोहम्मदपुर खाला के ग्राम बीबियापुर रुहेरा निवासी गोविंद का 20 वर्षीय पुत्र सुनील शर्मा लकड़मंडी गनेशपुर में अपने ननिहाल में बचपन से रहता था। वर्तमान समय में वह चाऊमीन बर्गर का ठेला लगाता था। मंगलवार की शाम उसकी मोटरसाइकिल, मोबाइल, पर्स और कपड़े घाघरा नदी के पुल पर मिले थे। तभी से सुनील लापता है। लोगों ने उसके घाघरा में छलांग लगाने की आशंका जताई हालांकि किसी प्रत्यक्षदर्शी ने उसे घाघरा में कूदते हुए देखा नहीं। शाम से उसकी तलाश की जा रही है। बुधवार की सुबह से ही नदी में तलाश जारी लेकिन अभी तक उसका पता नहीं चल सका है।

**आखिरी बार हुई थी बात:** वहीं लापता युवक के मामा संदीप का कहना है कि मंगलवार रात करीब 8 बजे उसके भांजे ने फोन करके कहा था कि हमारी आपकी आखरी बार बात हो रही है। इतना कहने के बाद कॉल कट गयी। दोबारा मैंने उससे संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन घंटी जाती रही और फोन नहीं उठा। करीब एक घंटे के बाद किसी राहगीर ने फोन उठाकर बताया कि उसकी गाड़ी मोबाइल फोन व कपड़े और पर्स संजय सेतु के पुल पर रखा है। मौके पर पहुंचकर इसकी सूचना पुलिस को दी, लेकिन अभी तक भांजे का कुछ भी पता नहीं चल पाया है।

### तीसरे दिन भी नहीं मिली डूबी युवती, खोज जारी

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** सरयू नदी के तेज बाहव के चलते दो दिन पहले डूबी युवती का सुराग तीसरे दिन भी नहीं लग सका। यह हादसा उस समय हुआ था जब युवती छोटी बहन के संग में नित्यक्रिया के लिए नदी के किनारे गई हुई थी और तभी मिट्टी का एक हिस्सा नदी में समाहित हो गया था। इस पर बैठी युवती भी मिट्टी के साथ नदी में डूब गई थी। उधर खोज में लगी पीएसी टीम को सफलता नही मिली तो पुलिस ने एनडीआरआफ टीम से सहयोग लिया है। बुधवार की शाम तक युवती का पता नहीं चल सका है। मोहम्मदपुर खाला थाना के बबुरी मजरे सरसंडा गांव निवासी रामनरेश मिश्र की 20 वर्षीय बेटी अंजनी व 17 वर्षीय बेटी हिमांशी मिश्रा दोनों सोमवार के दोपहर सरयू नदी के किनारे गई हुई थी तो कटान के चलते मिट्टी का एक हिस्सा नदी में समाहित हो गया मिट्टी पर बैठी हुई अंजनी उस मिट्टी के साथ नदी में डूब गई छोटी बहन की सूचना पर परिजनों ने सूचना पुलिस को दी थी।

**शासन की तैयारी** | पिछले वर्ष से 150 हेक्टेयर अधिक है इस बार का लक्ष्य, किसानों को 12 हजार रुपये की सीमा तक मिलेगा बीज

# 200 हेक्टेयर में होगी प्याज की खेती, किसान होंगे सशक्त

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


प्याज की खेती का सांकेतिक फोटो।

**अमृत विचार:** इस बार जिले में 200 हेक्टेयर में प्याज की खेती की जाएगी। उद्यान विभाग को इसके लिए लक्ष्य आवंटित कर दिया गया है। किसानों को लाभ देने के लिए उन्हें 12 हजार रूपये की सीमा तक बीज उपलब्ध कराया जाएगा। शासन की मंशा है कि जिले में खरीफ प्याज की खेती को बढ़ावा दिया जाए, जिससे की प्याज के मूल्यों को नियंत्रित करने में सहायता मिल सके। क्योंकि हर वर्ष प्याज के दामों में काफी उछाल देखने को मिलता है। उद्यान विभाग में अब तक 100 किसानों द्वारा लाभ लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जा चुके हैं। बताया जा रहा है कि करीब साढ़े तीन सौ के आसपास आवेदन आने की संभावना है।

वर्तमान समय में प्याज का दाम 50 रुपये प्रति किलो में बिक रहा है। एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत उद्यान विभाग ने जिले में खरीफ प्याज की खेती बड़े पैमाने पर कराने की योजना तैयार की है। इसी को लेकर किसानों को प्याज की खेती की ओर आकर्षिक करने के लिए उन्हें खरीफ प्याज का बीज निःशुल्क उपलब्ध कराने की तैयारी की है। उद्यान विभाग को इसके लिए 200 हेक्टेयर में प्याज की खेती कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें सामान्य और अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के किसानों के लिए अलग-अलग हिस्सेदारी तय की गई है। योजना का लाभ पाने के लिए किसानों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। बताते चले कि जब प्याज के दाम बढ़ जाते हैं तो बड़े व्यापारी महाराष्ट्र प्रांत के नासिक जिले से प्याज मंगाते हैं। पिछली बार जिले में प्याज की खेती के लिए उद्यान विभाग को मात्र 50 हेक्टेयर में खेती कराने का लक्ष्य मिला था लेकिन प्याज के बढ़ते दाम को देखते हुए किसानों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सरकार ने इस बार 150 हेक्टेयर अधिक का लक्ष्य बढ़ा कर 200 हेक्टेयर में खेती करने का लक्ष्य दिया है ताकि अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिल सके। किसानों को अधिकतम 12 हजार रुपये की सीमा तक प्याज के बीज उपलब्ध कराया जाएगा। अब तक करीब 100 से अधिक किसानों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। विभाग के अनुसार आवेदनों की संख्या करीब 350 के आसपास पहुंचेगी।

### लाभ पाने को यह अभिलेख जरूरी

एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन करने के लिए आवेदक के पास किसान आधार कार्ड, खतौनी, बैंक पासबुक, फोटो और मोबाइल नंबर की उपलब्धता जरूरी है। ऑनलाइन आवेदन के समय इन दस्तावेजों का प्रयोग किया जाएगा। अधिक से अधिक किसानों को लाभ मिले इसके लिए उद्यान विभाग इसका प्रचार प्रसार भी करा रहा है।

> इस बार 200 हेक्टेयर में प्याज की खेती कराने का लक्ष्य मिला है। पात्र किसानों को अधिकतम 12 हजार रुपये तक प्याज का बीज उपलब्ध कराया जाएगा। इससे वह अच्छी फसल पैदा कर सकेंगे। अब करीब 100 से अधिक ऑनलाइन आवेदन आ चुके हैं। गाइडलाइन के आधार पर लाभ दिया जाएगा।
>
> -**महेश श्रीवास्तव**, जिला उद्यान अधिकारी।

# चोर काट ले गए दो चंदन के पेड़

**सूरतगंज, बाराबंकी: अमृत विचार:** घर के सामने लगा कीमती चंदन का पेड़ चोर काट ले गए। भुक्तभोगी ने तहरीर थाना में दी है। पुलिस ने जांच के बाद में केस दर्ज किए जाने की बात कही है। पेड़ की कीमत लगभग एक लाख रुपये बताई जा रही है।

मोहम्मदपुर खाला थाना के रायपुर गांव के निवासी बाबा छविनाथ दास ने बताया कि पूर्वजों की ओर से लगाए गए दो चंदन के बेशकीमती पेड़ बीती रात्रि चोर काट ले गए हैं। जो काफी मोटे और पुराने थे। वहीं बीच का हिस्सा पूर्णतया पक्का हुआ था। चोरी के संबंध में प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि चंदन पेड़ चोरी होने की सूचना मिली है। जांच के लिए मौके पर हल्का दरोगा को भेजा है। शीघ्र ही मुकदमा दर्ज करके आगे की कार्रवी की जाएगी।

## एक नजर

### पौधरोपण करने को राज्यमंत्री ने मांगे सुझाव

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** रामसनेहीघाट तहसील सभागार में 20 जुलाई को नगर पंचायत रामसनेहीघाट के भिटरिया चौराहे के चारों ओर एक साथ सभी 1600 पौधों को रोपित करने के लिए राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने अधिकारियों व नगर वासियों के साथ बैठक कर कार्ययोजना को रखा व लोगों से सुझाव मांगा। इस दौरान मौजूद वन विभाग के एसडीओ अजय कुमार पांडे ने बताया कि भिटरिया चौराहे के चारों ओर 1600 वृक्षों को लगाया जाएगा। भिटरिया चौराहे से बाबा रामसनेही दास मंदिर तक गोल्ड मोहर, भिटरिया से दिलोना बाइपास तक सावनी, भिटरिया चौराहे से दरियाबाद की ओर जकरंडा, भिटरिया चौराहे से हैदरगढ़ रोड पर अमलतास के पौधे लगाए जाएंगे। वृक्ष लगने के तीन साल बाद फूल आने लगेंगे। इसमें क्षेत्र के सभी विद्यालयों के विद्यार्थी, नगर पंचायत तहसील व ब्लॉक कर्मचारी, वन कर्मी के साथ भाजपा कार्यकर्ता व नगर के लोग मानव चेन बनाकर पौधों को तीन मीटर की दूरी पर रोपित करेंगे। बैठक में एसडीएम रामआसरे वर्मा, सीओ जटाशंकर मिश्र, बीडीओ विनय मिश्रा, ईओ धीरज सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह सलूजा, बाबा परमेंद्र विक्रम सिंह और जवाहर लाल वर्मा तथा आदि लोग मौजूद रहे।

### मिलेट्स, दलहन व तिलहन बीज मिनीकिट का वितरण

**मिल्कीपुर, अयोध्या, अमृत विचार :** हैरिंग्टनगंज राजकीय कृषि बीज भंडार पर उप कृषि निदेशक एवं ब्लॉक प्रमुख अंकुर सेन ने बुधवार को किसानों को मिलेट्स में ज्वार, बाजरा, रागी एवं दलहन में उर्द, मूंग, अरहर तथा तिलहन में तिल बीज का निशुल्क वितरण किया। साथ ही किसानों को मिलेट्स की खेती के बारे में उप कृषि निदेशक के द्वारा विस्तार से बताया। वितरण कार्यक्रम में एडीओ एजी राम सुभाष, केन्द्र प्रभारी उमा शंकर यादव, छोटेलाल मौर्य, सुरेश पांडे, अमित कुमार यादव, सुरेश कुमार सिंह आदि ने किसान दिनेश त्रिपाठी, माताबदल सिंह, अमर बहादुर, राम प्रसाद मौर्य, शिवप्रसाद, दूधनाथ, साहबदीन कनौजिया आदि किसानों को मिनीकिट दिया।

# मोहर्रम के जुलूस में गूंजतीं रहीं सदाएं

## दिनभर चला मातम व नम आंखों से दफन किए ताजिये, सुरक्षा के रहे कड़े बंदोबस्त


काले लिबास में ताजिया निकालते लोग। अमृत विचार


मोहर्रम के जुलूस में शामिल अजादार। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** आज शब्बीर पे क्या आलम एक तन्हाई है... शाहे कर्बला लीजिए सलाम। बुधवार को मोहर्रम के जुलूस में यह सदाएं गुंजती रहीं। काले लिबास में नंगे पैर या हुसैन की आवाज बुलंद करते सीनाजनी से मातम मनाते हुए नौजवान ताजियों क सुपुर्द-ए-खाक करने कर्बला पहुंचे। शहर से लेकर कस्बा, गांवों में जुलूस निकाल कर गमगीन माहौल में नम आंखों से ताजिये दफन किए गए। सुरक्षा को लेकर कड़े बंदोबस्त रहे। ड्रोन के जरिए निगरानी की जाती रही।

मोहर्रम की दसवीं तारीख यौम-एक-आशूर के दिन शहर में या हुसैन या हुसन की सदाएं गूंजतीं रहीं। बुधवार को मुस्लिम समुदाय ने अपने-अपने तरीकों से हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों को खिराजे अकीदत पेश की। फजलुर्रहमान पार्क में ताजिये के जुलूस के साथ अन्य मोहल्लों के चौक पर रखे ताजिये जुलूस में शामिल हुए। जुलूस सट्टी बाजार, घंटाघर, धनोखर चौराहा, बेगमगंज होते हुए कर्बला पहुंचे और गमगीन माहौल में देर रात तक ताजिया दफन किए गए। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के युवाओं ने परंपरागत हथियारों के साथ युद्ध कला कौशल का प्रदर्शन किया। जुलूस में शामिल लोग इमाम हुसैन की याद में कलाम पढ़ते आगे बढ़ते रहे। बंकी, आलापुर, जहांगीराबाद, बिशुनपुर, कुर्सी, रामनगर, अहमदपुर, टिकैतनगर, सफदरगंज, सिद्धौर, कोठी, सुबेहा, हैदरगढ़ सहित जिले भर में जुलूस निकाले गए।

**ऊंट-घोड़े, डंका, बैंड-बाजे व अलम के साथ निकले लोग:** वहीं बडापूरा, महमूदपुर, अहिरान अली अकबर कटरा, मोलवी कटरा, जेल महल, कांशीराम कालोनी, बंजारनपुर, कालोनी, कटरा, बडी बाजार से बड़े ताजियों का जुलूस ऊंट-घोड़े, डंका, बैंड-बाजे व अलम के साथ लोगों का हुजूम नौहे ख्वानी व सीना जनी करते हुएनिकाला गया। सबीले हसैनी के मद्देनजर कस्बे के विभिन्न इलाकों में स्टॉल लगाकर शरबत, बूंदी, खजूर, जरदा बिरयानी, खीर, चने, मटर, चाय, काफी, पानी सहित विभिन्न प्रकार के पकवान का वितरण किया गया। वहीं क्षेत्र के संभ्रांत लोग भी शामिल हुए। डीएम व एसपी ने भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। सभी स्थानों पर भारी संख्या में स्थानीय पुलिस बल मौजूद रहा। पूरे जिले में मुहर्रम के शांतिपूर्ण निपटने से जिला एवं पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली है। संवेदनशील स्थानों पर तथा ताजिए के जुलूस को लेकर आपात स्थितियों से निपटने के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी कर रखी थी। कहीं से किसी अप्रिय घटना या विवाद की सूचना नहीं है। भारी पुलिस बल की तैनाती और सतर्कता के निर्देश का कड़ाई से अमल किया गया।

### मातम के साथ युवकों ने की सीनाजनी


मोहर्रम पर निकाले गए ताजिये के साथ लोग। अमृत विचार

कस्बा रामनगर में ग्राम पंचायत बुढ़वल से जुलूस निकालकर बदोसराय मार्ग होते हुए आगे बढ़ा। इस दौरान या हुसैन की सदाएं गूंजती रही। जुलूस के दौरान मुकामी व मेहमान अंजुमनों के कार्यकर्ताओं ने मार्मिक अंदाज में नौहे पढ़े और सीनाजनी की ओर छप्पन–छुरी का मातम किया। वहीं युवकों ने लट्ठ बाजी के पैंतरे दिखाएं। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल के जवान जगह–जगह लगाए गए थे। थाना रामनगर के पास दुकानदारों द्वारा लगाई गई खानपान और खिलौनों की दुकानों पर छोटे–छोटे बच्चों ने खरीदारी कर चटपटे व्यंजनो का लुफ्त उठाया। जुलूस में शामिल सभी ताजियादारों ने देर शाम वापसी करते हुए कर्बला तालाब पर गम और मातम के बीच ताजियों को दफन किया। इसी तरह नगर पंचायत हैदरगढ़ में दसवीं मोहर्रम का जुलूस कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकला। ताजियों के आगे नवयुवकों की टोली ढोल और ताशों के साथ लाठी–डंडे, गतके, तलवार आदि कलाओं को पेश करते हुए चल रही थीं। या हुसैन, या हुसैन की सदाएं गूंज रहीं थीं। जुलूस की शुरुआत नगर के बछरावां चौराहा से बच्चू शाह के यहां से उठी ताजिया से हुई। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हैदरगढ़ बछरावां मार्ग पर स्थित कर्बला में ताजियों को दफना किया गया। जैदपुर कस्बे के हर मोहल्ले से या हुसैन या हुसैन की सदाओं के साथ छोटे ताजिये का जुलूस बहुत अकीदत व एहतेराम के साथ निकला।

# बुलडोजर डांस देख लोगों की नहीं रुकी हंसी

कार्यालय संवाददाता, रामसनेहीघाट, बाराबंकी


पानी और कीचड़ के बीच खड़ा बुलडोजर।

**अमृत विचार:** नगर पंचायत रामसनेहीघाट में नागिन डांस और मुर्गा डांस की अपार सफलता के बाद पेश-ए-खिदमत है बुलडोजर डांस, एक बुलडोजर का वीडियो इतनी तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में वायरल योगी बाबा का बुलडोजर अपराधी या अवैध कब्जेदार के घर को जमीदोंज करते नहीं बल्कि कीचड़ में छपछैया करके अपने साथ-साथ आसपास मौजूद लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं।

29 सेकंड के वायरल वीडियो में नगर पंचायत की जेसीबी का एक चालक उसे पानी और कीचड़ के बीच डांस कराता नजर आ रहा है। वहीं वीडियो बना रहीं महिलाओं और बच्चों की हंसी भी सुनाई दे रही है। लेकिन जेसीबी चालक पूरी मौज और मस्ती में अपना काम जारी रखता है। जैसे यह सब करने के बाद उसे आनंद आ रहा है। बुलडोजर के डांस की वीडियो किसी तरह सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। बुलडोजर डांस की वीडियो वायरल होने के बाद लोगों की मिली प्रतिक्रिया भी सामने आ रही है। कुछ लोग इसे जनता के टैक्स के पैसे का दुरुपयोग कह रहे हैं तथा कुछ लोग कहते है कि जनता के ही पैसे का दुरूपयोग जनता के मनोरंजन के लिये हो रहा है। ईओ धीरज सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो देखने के बाद ड्राइवर अर्जुन से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि जब बारिश होती है तो कभी-कभी जेसीबी के चक्के जाम हो जाते हैं। जांच करने के लिए जेसीबी को इसी तरह घुमाया जा रहा था।

## कार्यालय ग्राम पंचायत बिछलखा विकासखंड रामनगर जिला बाराबंकी

पत्रांक :– ग्रा0पं0का0/2024–25 दिनांक – 17/07/2024

**निविदा आपूर्ति सूचना**

मनरेगा योजना अंतर्गत /15वां वित्त आयोग/पंचम राज्य वित्त आयोग/ स्वच्छ भारत मिशन अभियान/ ग्राम निधि/एस0बी0एम0 (आर0आर0सी0) अंतर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण एवं मरम्मत, अन्नपूर्णा खाद्य भंडार निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री, पंचायत भवन निर्माण एवं विद्यालयों का कायाकल्प, विद्यालय एवं पंचायत भवन चहरदीवार निर्माण, साजसज्जा, सामुदायिक शौचायलयों का निर्माण एवं मरम्मत, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, डेक्स बेंच आदि क्रय, अमृत सरोवर निर्माण, खडंजा, नाली, नाला, इंटरलॉकिंग निर्माण, आर0सी0सी0 रोड, पेयजल आपूर्ति, आरओ वाटर कूलर सिस्टम, फागिंग मशीन क्रय व मरम्मत, 2.2 वेटरीफाइट टाइल्स, व्यक्तिगत कार्य, साफ सफाई किट, हाई मास्क लाइट, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, गौ/पशु आश्रय स्थल निर्माण एवं मरम्मत, समतलीकरण, भूसा, हरा चारा, चोकर, पी एल सी, सी एस सी, प्रवेश द्वार निर्माण, अन्य आकस्मिक कार्य, इत्यादि विकास कार्यो के लिए सीमेंट ईट प्रथम श्रेणी, सीधा तांबड़ा ईट, मौरंग, बालू, सरिया, टाइल्स, रंगाई पुताई तथा वायरिंग, गिट्टी ह्यूम पाइप पत्थर गिट्टी, सीमेंट ईट, हैंडपम्प मरम्मत एवं रिबोर सामग्री, पशु देखभाल एवं उपचार सामग्री, ठेलिया, ई0–रिक्शा ऑटो इत्यादि आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा सूचना प्रकाशन के दिनांक 18 जुलाई से 28/7/2024 के अंदर सामग्री आपूर्ति हेतु अपने निविदा दर व वंचित पत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के टेंडर बॉक्स में डालना सुनिश्चित करें।

नियम एवं शर्तें :–

1–जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसी की निविदा स्वीकार करते हुए सामग्री आपूर्ति के लिए सूचित किया जाएगा। यदि आपूर्तिकर्ता निर्धारित समय सीमा में आपूर्ति नहीं कर पाता है तो ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायत निविदा निरस्त करते हुए वरीयता क्रम में अन्य फर्म को आपूर्ति करवाने के लिए स्वतंत्र होगी।
2– जिस फर्म का जीएसटी पंजीकृत हो व आयकर दाता हो की प्रमाणित छाया प्रति संकलन करना आवश्यक है।
3– यह की ग्राम पंचायत सचिव/ ग्राम पंचायत द्वारा नामित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा आपूर्ति करता की मौजूदगी में निविदा खोली जाएगी।
4– सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत करो से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी।
5– जो दरे प्रस्तुत की जाए वह दरें जीएसटी, धुलाई, चढ़ाई उतराई तथा अन्य करो को जोड़कर प्रस्तुत की जाए।
6– सामग्री आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत / ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाए।
7– प्रस्तुत रेट पी डब्लू डी व एस0 ओ 0आर 0 के स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए।
8– स्वीकृत आपूर्ति का भुगतान तकनीकी सहायक /अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरांत की जाए।

**नोट–सामग्री की गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जाएगा।**

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बिछलखा
विकास खंड रामनगर
जिला बाराबंकी।

सचिव
ग्राम पंचायत बिछलखा
विकास खंड रामनगर
जिला बाराबंकी।

# यहां श्रीराम ने ग्रहण की थी शिक्षा

▸▸ 21 को गुरु पूर्णिमा, बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मर्यादा पुरुषोत्तम की जन्मस्थली अयोध्या के कण-कण में श्री राम बसते हैं। यहां के हर महत्वपूर्ण मंदिर, प्राचीन इमारतों से कहीं न कहीं भगवान श्रीराम का संबंध रहा है। ऐसा ही एक उनके कुल गुरु वशिष्ठ का मंदिर और कुंड है। पौराणिक मान्यता के अनुसार श्रीराम ने अपने तीनों भाइयों के साथ गुरु वशिष्ठ से इसी स्थान पर शिक्षा ग्रहण की थी। 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा है। इस बार राम मंदिर में रामलला भी विराजमान हो चुके हैं। इसलिए संभावना जताई जा रही है कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर दर्शन-पूजन करेंगे।

अयोध्या के थाना राम जन्मभूमि से कुछ दूरी पर स्थित इस प्राचीन मंदिर का महत्व अद्भुत है। यहां स्थापित गुरु वशिष्ठ की मूर्ति का दर्शन पूजन करने से व्यक्ति को ज्ञान और विद्या की प्राप्ति होती है। इस मंदिर परिसर में मौजूद पवित्र कुंड के जल से स्नान और आचमन करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है, जिसके चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस प्राचीन मंदिर में दर्शन करने के साथ इस कुंड के जल को प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं।

# हत्यारोपी की निशानदेही पर पुलिस ने बरामद किया बांका

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार:** कैंट थाना पुलिस ने क्षेत्र के कोटसराय गांव निवासी युवती की हत्या के मामले में आरोपी की निशानदेही पर आला कत्ल बांका बरामद किया है। साथ ही पुलिस कस्टडी रिमांड की अवधि खत्म होने पर अदालत के समक्ष प्रस्तुत कर जेल में दाखिल कराया है।

28 जून की सुबह कोटसराय गांव निवासी युवती पूजा यादव (22) का शव उसके बिस्तर खून से लथपथ शव मिला था। मृतका के छोटे जीजा अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के गढ़ी का पुरवा दर्शननगर निवासी प्रदीप कुमार यादव ने अज्ञात के खिलाफ गला रेतकर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तफ्तीश में जुटी पुलिस टीमों ने तीन जुलाई को थाना क्षेत्र के ही ग्राम रायपुर निवासी अमित कुमार श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया था।

## कार्यालय ग्राम पंचायत भैंसुरिया विकासखंड रामनगर जिला बाराबंकी

पत्रांक :– ग्रा0पं0का0/2024–25 दिनांक – 16/07/2024

**निविदा आपूर्ति सूचना**

मनरेगा योजना अंतर्गत /15वां वित्त आयोग/पंचम राज्य वित्त आयोग/ स्वच्छ भारत मिशन अभियान/ ग्राम निधि/एस0बी0एम0 (आर0आर0सी0) अंतर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण एवं मरम्मत, अन्नपूर्णा खाद्य भंडार निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री, पंचायत भवन निर्माण एवं विद्यालयों का कायाकल्प, विद्यालय एवं पंचायत भवन चहरदीवार निर्माण, साजसज्जा, सामुदायिक शौचायलयों का निर्माण एवं मरम्मत, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, डेक्स बेंच आदि क्रय, अमृत सरोवर निर्माण, खडंजा, नाली, नाला, इंटरलॉकिंग निर्माण, आर0सी0सी0 रोड, पेयजल आपूर्ति, आरओ वाटर कूलर सिस्टम, फागिंग मशीन क्रय व मरम्मत, 2.2 वेटरीफाइट टाइल्स, व्यक्तिगत कार्य, साफ सफाई किट, हाई मास्क लाइट, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, गौ/पशु आश्रय स्थल निर्माण एवं मरम्मत, समतलीकरण, भूसा, हरा चारा, चोकर, पी एल सी, सी एस सी, प्रवेश द्वार निर्माण, अन्य आकस्मिक कार्य, इत्यादि विकास कार्यो के लिए सीमेंट ईट प्रथम श्रेणी, सीधा तांबड़ा ईट, मौरंग, बालू, सरिया, टाइल्स, रंगाई पुताई तथा वायरिंग, गिट्टी ह्यूम पाइप पत्थर गिट्टी, सीमेंट ईट, हैंडपम्प मरम्मत एवं रिबोर सामग्री, पशु देखभाल एवं उपचार सामग्री, ठेलिया, ई0–रिक्शा ऑटो इत्यादि आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा सूचना प्रकाशन के दिनांक 18 जुलाई से 28/7/2024 के अंदर सामग्री आपूर्ति हेतु अपने निविदा दर व वंचित पत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के टेंडर बॉक्स में डालना सुनिश्चित करें।

नियम एवं शर्तें :–

1–जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसी की निविदा स्वीकार करते हुए सामग्री आपूर्ति के लिए सूचित किया जाएगा। यदि आपूर्तिकर्ता निर्धारित समय सीमा में आपूर्ति नहीं कर पाता है तो ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायत निविदा निरस्त करते हुए वरीयता क्रम में अन्य फर्म को आपूर्ति करवाने के लिए स्वतंत्र होगी।
2– जिस फर्म का जीएसटी पंजीकृत हो व आयकर दाता हो की प्रमाणित छाया प्रति संकलन करना आवश्यक है।
3– यह की ग्राम पंचायत सचिव/ ग्राम पंचायत द्वारा नामित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा आपूर्ति करता की मौजूदगी में निविदा खोली जाएगी।
4– सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत करो से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी।
5– जो दरे प्रस्तुत की जाए वह दरें जीएसटी, धुलाई, चढ़ाई उतराई तथा अन्य करो को जोड़कर प्रस्तुत की जाए।
6– सामग्री आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत / ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाए।
7– प्रस्तुत रेट पी डब्लू डी व एस0 ओ 0आर 0 के स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए।
8– स्वीकृत आपूर्ति का भुगतान तकनीकी सहायक /अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरांत की जाए।

**नोट–सामग्री की गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जाएगा**

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत भैंसुरिया
विकास खंड रामनगर
जिला बाराबंकी।

सचिव
ग्राम पंचायत भैंसुरिया
विकास खंड रामनगर
जिला बाराबंकी।

### घर के अंदर लटकता मिला युवक का शव

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार:** घर के अंदर रस्सी के सहारे लटकते युवक के शव को देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक थाना क्षेत्र के ग्राम भवानीगंज मजरे सीहामऊ निवासी संतराम के 22 वर्षीय पुत्र अखिलेश की मानसिक हालत खराब होने के चलते महीनों से उसका इलाज चल रहा था। बुधवार की शाम वह अपने मकान की कोठरी में गया काफी समय तक जब बाहर नहीं निकला, तभी परिजनों ने अंदर जाकर देखा। उस वक्त उसका शव छत के छल्ले में रस्सी के सहारे लटकता पाया गया है।

# नकली मोनोजिंक बेचने पर 3 लोगों के विरुद्ध मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


दुकान पर जांच करते जिला कृषि अधिकारी राजित राम। अमृत विचार

▸▸ जिला कृषि अधिकारी ने जांच के बाद की कार्रवाई

**अमृत विचार:** दयाल फर्टिलाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के वाइस प्रेसीडेन्ट डॉ. जेके सिंह ने जिला कृषि अधिकारी को जानकारी दी कि उनकी कंपनी के प्रतिनिधि विनीत शुक्ला द्वारा क्षेत्रीय विजिट के दौरान मेसर्स वर्मा फर्टिलाइजर्स भिटौरालखन की दुकान में नकली दयाल मोनोजिंक उपलब्ध मिली है। जिसके नकली होने के बारे में विक्रेता को बताया गया तो उसने खुद ही सारा स्टॉक नष्ट कर दिया। जानकारी मिलने के बाद जिला कृषि अधिकारी राजित राम ने वरिष्ठ सहायक सर्वदेव श्रीवास्तव और कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ बुधवार को मौके पर जाकर जांच की। जांच में अनियमितता पाए जाने पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

जिला कृषि अधिकारी के मुताबिक जांच के दौरान मौके पर मिले राम तीरथ वर्मा ने बताया गया कि दुकान अमन वर्मा निवासी बिन्धियामऊ की है। वह केवल दुकान पर देख-रेख और बिक्री का काम देखते हैं। बीती 15 जुलाई को पिकअप से आए शनि नाम के एक शख्स ने दयाल जिंक लेने के लिए कहा। उसने दयाल कंपनी का समझकर डेढ़ क्विंटल जिंक 50 रुपये की दर से कुल 7500 रुपये में खरीद लिया। इसके अगले दिन दयाल कंपनी के विनीत शुक्ला ने विजिट के दौरान स्टॉक के बारे में पूछताछ की। जिसके बाद उन्होंने बताया कि यह स्टॉक नकली है। जिस पर सारा स्टॉक नष्ट कर दिया गया। पूछताछ के बाद जांच टीम ने मौके से जिंक के कुछ पैकेटों को परीक्षण के लिए एक बोरी में सीलकर नमूने के तौर पर जब्त कर लिया। साथ ही जिला कृषि अधिकारी राजित राम ने अमन कुमार वर्मा, राम तीरथ वर्मा और शनि के खिलाफ जिलाधिकारी की अनुमति के बाद मुकदमा दर्ज कराया। वहीं जिला कृषि अधिकारी राजित राम ने बताया-निरीक्षण के समय सामग्री का बिल न पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**लापरवाही** बच्चों ने खानापूर्ति करने का लगाया आरोप, पं. दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना के तहत चल रहा केंद्र

# समय पर नहीं मिल रहा भोजन, भूखे पेट ट्रेनिंग ले रहे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, सतरिख, बाराबंकी


छात्रावास के अंदर जाने वाले रास्ते पर उगी घास। अमृत विचार

**अमृत विचार:** पंडित दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण ले रहे बच्चों को भूखे पेट ही ट्रेनिंग लेनी पड़ रही है। जिसके चलते कुछ बच्चे घर वापस चले गए हैं। उन्होंने प्रबंधन पर समय से भोजन नहीं देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण देने के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है।

सतरिख स्थिति पंडित दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना के तहत बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रिटेल मार्केटिंग का आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण केंद्र सतरिख थाने के निकट संचालित हो रहा है। लाइफ केयर स्किल नामक एक संस्था इसे संचालित कर रही है। प्रबंधन के कंधे पर आवास और भोजन की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी है। प्रशिक्षण ले रहे बच्चों ने समय पर भोजन और मेनू के अनुसार खाना नहीं देने का आरोप लगाया है। इस बात से नाराज लगभग एक दर्जन बच्चों को छात्रावास से घर खाना खाने के लिए जाना पड़ रहा है। जिस वजह से बच्चों को काफी परेशानी हो रही है और प्रशिक्षण लेने में अड़चन आ रही है।

### बच्चों ने बताया-छात्रावास के आसपास उग गई झाड़ी, निकलते हैं जीव-जंतु

छात्रावास के बच्चों ने बताया कि जगह–जगह गंदगी की भरमार है। बरसात के कारण छात्रावास के आसपास बड़ी–बड़ी झाड़ी उगी हुई हैं। कई बार जीव–जंतु भी निकल चुके हैं। जान का खतरा बना हुआ है। उसके बाद भी आज तक साफ सफाई नहीं कराई गई। प्रशिक्षण केंद्र में अव्यवस्थाओं का बोलबाला मचा हुआ है। बच्चो ने कहा है कि अधिकांश कंप्यूटर खराब हैं। बच्चों को बीमार होने पर दवाई का प्रबंध बाहर से ही करना पड़ता है। प्रशिक्षण देने के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है, लेकिन जिम्मेदार अफसर इस ओर सुध नहीं ले रहे हैं।

बच्चों का कहना है कि भूखे रहने से अच्छा है हम अपने घर लौट जाएं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हम लोग जहां रहते हैं, वहां पानी की उचित व्यवस्था नहीं है। इस कारण शौचालय की व्यवस्था भी लचर हो गई है।

> प्रशिक्षण केंद्र में जो भी कमियां हैं, टीम बनाकर उसकी जांच की जाएगी। जांच के बाद शिकायत सही मिलने पर प्रशिक्षण केंद्र को संचालित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
> –**आशुतोष कुमार सिंह,** प्रधानाचार्य, आईटीआई बाराबंकी/ नोडल अधिकारी।

## कार्यालय ग्राम पंचायत तपेसिपाह विकासखंड रामनगर जिला बाराबंकी

पत्रांक :– ग्रा0पं0का0/2024–25 दिनांक – 16/07/2024

**निविदा आपूर्ति सूचना**

मनरेगा योजना अंतर्गत /15वां वित्त आयोग/पंचम राज्य वित्त आयोग/ स्वच्छ भारत मिशन अभियान/ ग्राम निधि/एस0बी0एम0 (आर0आर0सी0) अंतर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण एवं मरम्मत, अन्नपूर्णा खाद्य भंडार निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री, पंचायत भवन निर्माण एवं विद्यालयों का कायाकल्प, विद्यालय एवं पंचायत भवन चहरदीवार निर्माण, साजसज्जा, सामुदायिक शौचायलयों का निर्माण एवं मरम्मत, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, डेक्स बेंच आदि क्रय, अमृत सरोवर निर्माण, खडंजा, नाली, नाला, इंटरलॉकिंग निर्माण, आर0सी0सी0 रोड, पेयजल आपूर्ति, आरओ वाटर कूलर सिस्टम, फागिंग मशीन क्रय व मरम्मत, 2.2 वेटरीफाइट टाइल्स, व्यक्तिगत कार्य, साफ सफाई किट, हाई मास्क लाइट, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, गौ/पशु आश्रय स्थल निर्माण एवं मरम्मत, समतलीकरण, भूसा, हरा चारा, चोकर, पी एल सी, सी एस सी, प्रवेश द्वार निर्माण, अन्य आकस्मिक कार्य, इत्यादि विकास कार्यो के लिए सीमेंट ईट प्रथम श्रेणी, सीधा तांबड़ा ईट, मौरंग, बालू, सरिया, टाइल्स, रंगाई पुताई तथा वायरिंग, गिट्टी ह्यूम पाइप पत्थर गिट्टी, सीमेंट ईट, हैंडपम्प मरम्मत एवं रिबोर सामग्री, पशु देखभाल एवं उपचार सामग्री, ठेलिया, ई0–रिक्शा ऑटो इत्यादि आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा सूचना प्रकाशन के दिनांक 18 जुलाई से 28/7/2024 के अंदर सामग्री आपूर्ति हेतु अपने निविदा दर व वंचित पत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के टेंडर बॉक्स में डालना सुनिश्चित करें।

नियम एवं शर्तें :–

1–जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसी की निविदा स्वीकार करते हुए सामग्री आपूर्ति के लिए सूचित किया जाएगा। यदि आपूर्तिकर्ता निर्धारित समय सीमा में आपूर्ति नहीं कर पाता है तो ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायत निविदा निरस्त करते हुए वरीयता क्रम में अन्य फर्म को आपूर्ति करवाने के लिए स्वतंत्र होगी।
2– जिस फर्म का जीएसटी पंजीकृत हो व आयकर दाता हो की प्रमाणित छाया प्रति संकलन करना आवश्यक है।
3– यह की ग्राम पंचायत सचिव/ ग्राम पंचायत द्वारा नामित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा आपूर्ति करता की मौजूदगी में निविदा खोली जाएगी।
4– सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत करो से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी।
5– जो दरे प्रस्तुत की जाए वह दरें जीएसटी, धुलाई, चढ़ाई उतराई तथा अन्य करो को जोड़कर प्रस्तुत की जाए।
6– सामग्री आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत / ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाए।
7– प्रस्तुत रेट पी डब्लू डी व एस0 ओ 0आर 0 के स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए।
8– स्वीकृत आपूर्ति का भुगतान तकनीकी सहायक /अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरांत की जाए।

**नोट–सामग्री की गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जाएगा।**

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत तपेसिपाह
विकास खंड रामनगर
जिला बाराबंकी।

सचिव
ग्राम पंचायत तपेसिपाह
विकास खंड रामनगर
जिला बाराबंकी।

### आज का मौसम



आगामी 24 घंटे में में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने की संभावना है।

| 33.5° | 27.5° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**हैदरगंज, अयोध्या।** हैदरगंज थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत जाना मजरे चौबेपुर में बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में महेश कुमार (30) पुत्र द्वारिका भारती का शव घर के कमरे में लगे पंखे में साड़ी के फंदे से लटकता मिला। महेश की 2018 में शादी हुई थी। उसका पांच वर्ष का बेटा भी है। लगभग एक माह से पत्नी मायके में है। प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद अरशद ने बताया मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच की जा रही है।

### देवर पर हसिया से किया वार, गंभीर



**रुदौली, अयोध्या।** थाना पटरंगा के ग्राम सराय अहमद में बंटवारे के विवाद में भाभी ने बेटी के साथ देवर पर हासिया से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल देवर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रामदीन लोध का भाई गुरुदीन से घर के बटवारे का विवाद चल रहा है। बुधवार दोपहर रामदीन की भाभी गया देई और बेटी शिल्पा कहा सुनी करने लगीं। इस दौरान दोनों ने रामदीन पर हंसिया से सिर पर वार कर दिया। लहुलूहान हुए रामदीन को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया कि केस दर्जकर मामले की जांच की जा रही है।

# नारे तक सीमित रह गया प्लास्टिक मुक्त अभियान

**02** वर्ष पहले सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगा था प्रतिबंध

## छह टन प्लास्टिक जब्त व 75 लाख जुर्माना, फिर भी दुकानों पर प्लास्टिक की भरमार

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

**अमृत विचार :** रामनगरी को प्लास्टिक मुक्त बनाने का अभियान नारे तक ही सीमित रहा गया है। अब तक छह टन सिंगल यूज प्लास्टिक के जब्त होने व 75 लाख का जुर्माना ठोकने के बाद भी जिले में धड़ल्ले से इनका इस्तेमाल हो रहा है। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने 15 दिन के भीतर अयोध्या को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए कहा है। डेडलाइन आज 18 जुलाई को खत्म हो रही है, लेकिन नगर क्षेत्र में हर दुकान पर पॉलीथिन का इस्तेमाल होता दिख जाएगा। वहीं नगर निगम ने इसका सारा ठीकरा जिले की नगर पालिका व नगर पंचायतों पर फोड़ा है।

भारत सरकार ने एक जुलाई 2022 से सिंगल यूज या एक बार उपयोग होने वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा दिया था। प्रतिबंध लगाने के बाद अयोध्या को प्लास्टिक मुक्त करने नारा देकर लगातार जागरुकता अभियान चलाया गया। नगर निगम के प्रवर्तन दल ने पांच साल में जगह-जगह से सिंगल यूज प्लास्टिक और उससे बने उत्पादों पर कार्रवाई की। उस टीम के जाने के बाद प्रवर्तन दल में नए सदस्य आ गए। बताया जाता है कि कुल छह वर्ष में 600 क्विंटल सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्रवाई करते हुए 75 लाख से अधिक का जुर्माना किया गया है।

▸▸ नगर निगम ने फोड़ा नगर पालिका व नगर पंचायतों पर ठीकरा

**15** दिन तक अभियान चलाने का निर्देश दिया था नगर विकास मंत्री ने



चौक में खुलेआम ग्राहक को पॉलीथिन में जामुन देता ठेले वाला। अमृत विचार

### डेडलाइन आज पूरी, 55 किलो पॉलीथिन पकड़ी

हाल ही में नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने वीसी के जरिए नगर निगम के अधिकारियों को 15 दिन तक बैन पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चलाने और रामनगरी को पॉलीथिन मुक्त करने के निर्देश दिए थे। इसकी डेडलाइन 18 जुलाई को समाप्त हो रही है। इस माह में अब तक 55 किलो पॉलीथिन व उससे निर्मित उत्पाद पकड़े गए हैं। 70 हजार रुपये का जुर्माना भी किया गया है। इसके अलावा राष्ट्र प्रदूषण पखवाड़े के तहत भी पॉलीथिन के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### अमूमन होती रहती है झड़प

नगर निगम के प्रवर्तन दल की खबरें लगातार सामने आती हैं। दल के सदस्य ही बताते हैं कि कार्रवाई करने के लिए दुकानों पर जाओ तो लोग घेर लेते हैं। राजनीतिक रसूख दिखाते हैं। कार्रवाई करने पर वीडियो बनाते हैं। हम लोग कभी-कभी असुरक्षा की भावना महसूस करते हैं।



### नगर पालिका व नगर पंचायत में हो रहा निर्माण

नगर निगम क्षेत्र में पॉलीथिन का बढ़ता इस्तेमाल घातक होता जा रहा है। एक अनुमान के मुताबिक प्रतिदिन एक क्विंटल पॉलीथिन का कचरा शहरी क्षेत्र से निकलता है। प्रवर्तन दल के प्रभारी वीके सिंह ने बताया कि अभियान न भी चले तो हमारी तरफ से शहरी क्षेत्र में प्रतिदिन कार्रवाई की जाती है। उन्होंने बताया कि अमूमन सिंगल यूज प्लास्टिक का निर्माण नगर पालिका व नगर पंचायत क्षेत्रों में हो रहा है। वहीं से थोड़ी-थोड़ी मात्रा में पॉलीथिन नगर क्षेत्र में लाकर बेची जाती हैं। बड़ी संख्या में आने पर पकड़ी जाती है। उन्होंने बताया कि हम वहां जाकर कार्रवाई नहीं कर सकते हैं। हमारे अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

### 40 माइक्रॉन से कम की थैली अमानक

अमानक पॉलीथिन के उपयोग न करने के लिए राज्य और केंद्र सरकार द्वारा कई नियम बनाए गए हैं। भारत सरकार के ठोस अपशिष्ट निवारण अधिनियम के तहत 40 माइक्रॉन से कम के मानक की थैली पर्यावरण को प्रदूषित करती है। प्लास्टिक की थैलियां जलने के कारण उठने वाला धुआं जन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बनता जा रहा है। दुकानदार से लेकर ग्राहक बेखौफ हो बाजार में पॉलीथिन लिए घूमते हैं।

> जोनल अधिकारियों को भी इस संबंध में निर्देशित किया गया है। प्रवर्तन दल लगातार कार्रवाई कर रहा है। नगर पालिका व नगर पंचायत क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पॉलीथिन आने की सूचनाएं मिलती हैं। हमारी टीम कार्रवाई भी करती है। जनता को भी जागरूक रहना होगा। रही बात नगर क्षेत्र की तो पॉलीथिन रखने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। -**सुमित कुमार, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम**

# 14 केन्द्रों पर 18 से होंगी एलएलबी सेमेस्टर परीक्षा

अयोध्या कार्यालय

**अवध विश्वविद्यालय**



**अमृत विचार:** अवध विश्वविद्यालय की एलएलबी सेमेस्टर परीक्षा 18 से 28 जुलाई तक चलेगी।

विवि के मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बुधवार को परीक्षा नियंत्रक उमानाथ के हवाले से बताया कि कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के निर्देश पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने सम्बद्ध महाविद्यालयों की एलएलबी परीक्षा व प्रतियोगी परीक्षाओं की तिथियों में समानता को देखते हुए एलएलबी त्रिवर्षीय व पंचवर्षीय सेमेस्टर के परीक्षा कार्यक्रम की तिथियों में बदलाव किया है। अब यह परीक्षा 18 जुलाई दिन गुरूवार से शुरू होकर 23, 24, 25, 26, 27 व 28 जुलाई तक चलेगी। एलएलबी त्रिवर्षीय व पंचवर्षीय सेमेस्टर की परीक्षा दो पालियों में सात जनपदों के कुल 14 परीक्षा केन्द्रों पर कराई जायेगी। जिनमें 19069 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि उक्त सूचना से सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों को भी अवगत करा दिया गया है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट व कॉलेज की लॉगिन पर संशोधित परीक्षा कार्यक्रम को अपलोड कर दिया गया है।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**अयोध्या। अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ बाईपास पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। शव को मोर्चरी में रखवाया गया है, अभी मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। कोतवाली के नाका बाईपास क्षेत्र स्थित दिशा कोचिंग के सामने एक युवक को मंगलवार देर रात लखनऊ से गोरखपुर की ओर जा रहे किसी वाहन ने टक्कर मार दी। फतेहगंज चौकी के सिपाही रवि ने गंभीर रूप से घायल 30 वर्षीय युवक को जिला चिकित्सालय पहुंचाया। इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी प्रभारी अक्षय पटेल का कहना है कि मृतक के पास से ऐसा कुछ नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके। जिला अस्पताल प्रशासन की ओर से शव को मोर्चरी में रखवाया गया है, शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

# हिमालय से पहुंची बाबा बौखनाग की पालकी यात्रा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के हिमालय से 1200 किलोमीटर की यात्रा कर प्राचीन देवाधिदेव बाबा बौखनाग देव की पालकी यात्रा बुधवार को अयोध्या पहुंची। यात्रा में शामिल दो हजार से अधिक भक्तों ने रामलला का दर्शन किया।

इसके पहले यह यात्रा श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा स्थापित तीर्थ क्षेत्र पुरम पहुंची, जहां ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। यात्रा में उत्तराखंड से पहुंचे सभी श्रद्धालुओं के ठहरने के इंतजाम तीर्थ क्षेत्र पुरम में किये गए हैं। बाबा बौखनाग उत्तरकाशी जिले के यमुना घाटी के आराध्य ईष्टदेव ग्राम देवता हैं, जिसमें क्षेत्र के लोगों की अटूट श्रद्धा है। 16 जुलाई को अपने मूल थान ग्राम भाटिया से सुबह 10 बजे अयोध्या यात्रा के लिए प्रस्थान किया। यात्रा नौगांव, बर्नीगाड़, सारीगाड़, डामटा, नैनबाग, वाया विकासनगर होते हुए परेड ग्राउंड देहरादून पहुंची। जहां उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल ने देव डोली और श्रद्धालुओं को स्वागत किया। हिमालय के सुप्रसिद्ध कथावक्ता यमुनापुत्र आचार्य सुरेश उनियाल व शशि मोहन रवांल्टा ने यात्रा की आगवानी करते हुए राम मंदिर में दर्शन पूजन संपन्न किया। समिति के अध्यक्ष जयेन्द्र सिंह रावत ने दावा किया कि बाबा बौखनाग पहली बार अपने स्थान से नीचे उतरकर अयोध्या पहुंचे हैं।



पालकी यात्रा में शामिल श्रद्धालु जयकारा लगाते हुए। अमृत विचार

▸▸ यात्रा में शामिल दो हजार भक्तों ने किया रामलला का दर्शन

# वीडियो रिकॉर्डिंग के बीच स्मैक स्प्लायर की तलाशी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** युवाओं को नशे की खेप सप्लाई करने वाले चर्चित सौदागर को लोगों ने पकड़ वीडियो रिकॉर्डिंग के बीच उसकी तलाशी कराई। आरोपी और बरामद माल के साथ पुलिस के हवाले किया है। पहली बार पुलिस को एनडीपीएस एक्ट के मामले में गवाह मिले हैं और पुलिस ने वीडियो रिकॉर्डिंग को बतौर साक्ष्य सील किया है।

स्मैक के कारोबार को लेकर वर्षों से बदनाम और कई बार जेल जा चुके कोतवाली के फतेहगंज क्षेत्र स्थित दाल मंडी निवासी बिंदु अग्रवाल हाईवे किनारे विक्रेताओं व नशेड़ियों को मादक पदार्थ की आपूर्ति की जा रही थी। क्षेत्रीय लोगों ने बुधवार दोपहर साइन डाटा कुटिया के पास उसको घेर लिया। वीडियो रिकॉर्डिंग के बीच उसकी तलाशी कराई तो तमाम पुड़िया बरामद हुई। लोगों ने वीडियो रिकॉर्डिंग व बरामद माल के साथ आरोपी को मौके पर पहुंचे पुलिस तथा पीआरबी दस्ते को सौंप दिया। खास बात यह भी रही की लोगों ने अपना नाम पता गवाही में भी दर्ज कराया है।

▸▸ लोगों ने पकड़ पुलिस को सौंपा, स्मैक, चार सीसी ओविल इंजेक्शन व बिक्री के 3290 रुपये बरामद

### कोड और नंबर के आधार पर को जा रही थी सप्लाई

पुलिस को बिंदु अग्रवाल के पास से कुल 64 स्मैक मिली है। जिसमें लाल स्केच पेन से पांच पुड़िया पर दोनों तरफ 250, एक पुड़िया पर एक तरफ 250 व दूसरी तरफ रोटी, तीन पुड़िया पर दोनों तरफ एन, एक पुड़िया पर एन-एक, दो पुड़िया पर के, सात पुड़िया पर 150, एक पुड़िया पर एक तरफ बिजली व दूसरी तरफ आधा, एक पुड़िया पर एक तरफ आधा दूसरी तरफ बाबा, एक पुड़िया पर दोनों तरफ काला, दो पुड़िया पर एक तरफ 400 व दूसरी तरफ नितिन, दो पुड़िया पर दोनों तरफ 1505, एक पुड़िया पर दोनों तरफ 51, पांच पुड़िया पर एक तरफ 650 व दूसरी तरफ नितिन, नौ पुड़िया पर एक तरफ 350 तथा दूसरी तरफ तीन पुड़ियो रोठी, दो पुड़ियो में नितिन, एक पुड़िया पर 51 और आठ पुड़िया पर तीन लिखा मिला है। जबकि 15 पुड़िया पर कुछ नही लिखा मिला है। इससे स्पष्ट है कि गोरखधंधे से जुड़े लोगों की पहचान छिपाने के लिए कोडिंग की गई है।

### जमानत के बाद फिर से इस कारोबार में हुआ लिप्त

नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि उपनिरीक्षक चंद्रशेखर की ओर से बिंदु कुमार अग्रवाल निवासी दाल मंडी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज करवा चालान किया गया है। उन्होंने बताया कि जनौरा निवासी मुकेश कुमार मौर्या, वजीरगंज जप्ती निवासी राहुल वर्मा को गवाह बनाया गया है। वीडियो रिकार्डिंग को पेन ड्राइव में साक्ष्य के रूप में सील किया गया है। कोतवाल का कहना है कि बिंदु नशे का पेशेवर कारोबारी है और आजीवन कारावास की सजा में जमानत के बाद फिर से इस कारोबार में लिप्त हो गया है। इसके खिलाफ पहले से कई मामले पंजीकृत हैं।

# ताजिया देखने गए युवक पर हमला, मुकदमा दर्ज

मवई अयोध्या

**अमृत विचार :** मोहर्रम का जुलूस और ताजिया देखने गए पटरंगा थाना क्षेत्र के गंगरेला गांव निवासी एक युवक पर मंगलवार रात्रि बाइक सवार दो युवकों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे सीएचसी बनीकोडर से जिला अस्पताल बाराबंकी रेफर किया गया है। घटना बाराबंकी जिले के असन्दरा थाना अंतर्गत दिलावलपुर पुलिस चौकी के अयोध्या जिले के सीमावर्ती गांव जमौली की है। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

पटरंगा थाना क्षेत्र के गंगरेला गांव निवासी मोहम्मद शादाब पुत्र मोहम्मद अयाज ने बताया कि मंगलवार रात्रि वह दोस्त सआलम के साथ बाराबंकी के ग्राम मोहम्मदनगर मजरे जमौली थाना असन्दरा में ताजिया देखने गया था। आरोप लगाया कि वहीं पर उसी गांव निवासी अरशद अपने एक अन्य साथी इरशाद निवासी अनार पट्टी के साथ आए और गालियां देने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडे व सरिया से हमला बोल दिया। जिससे उसे कई जगह चोट आई है, इसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। दिलावलपुर चौकी प्रभारी अशोक ने बताया कि प्रकरण में केस दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

## सार-संक्षेप

### बीच सड़क जाम हुआ ब्रेक, कारें टकराईं

**बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 27 के मकसूमगंज में दो कार आपस में टकरा गईं। हादसे में घायल हुए लोगों को ग्रामीणों ने गाड़ी से बाहर निकाला। एक कार में सवार पांच लोग बुधवार को अयोध्या दर्शन कर आगरा जा रहे थे। मकसूमगंज चौराहे के पास उनकी कार का ब्रेक बीच सड़क पर ही जाम हो गया। पीछे से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी। पूर्व प्रधान कटरौली सिराज अहमद खान व पूर्व प्रधान खिरौनी सतनाम सिंह ने घायलों को गाड़ी से बाहर निकालवाया और प्राथमिक उपचार में मदद की। थाना प्रभारी रौनाही पंकज सिंह ने बताया किसी को ज्यादा चोट नहीं लगी थी। सब लोग अपने अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गए।



दुर्घटना के बाद हाईवे क्षतिग्रस्त खड़ी गाड़ी।

### चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार, सामान बरामद

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** पुलिस चौकी पूरा बाजार अंतर्गत स्थानीय बाजार में 13 व 14 जुलाई की रात शटर तोड़कर विष्णु गुप्ता के घर हुई चोरी के मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सामान व नगदी बरामद की है। थानाध्यक्ष महाराजगंज अमरजीत सिंह ने बताया कि आरोपी अजय गौड़ ग्राम अब्दुल्लापुर कोतवाली अकबरपुर जिला अंबेडकरनगर व शिवकुमार यादव रामपुर हलवारा थाना महाराजगंज अयोध्या को माई राम की कुटिया को जाने वाले रास्ते के मोड़ से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से दो पायल, एक नकली चेन, दो झुमकी, एक अंगूठी, तीन बिछिया व 5980 रुपये बरामद किया गया है। चौकी प्रभारी आलोक कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी सामान बेचने जाने वाले थे।

### जिला स्कूली हैंडबॉल प्रतियोगिता आज

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राकेश कुमार आर्या के निर्देशन में जिला क्रीड़ा समिति की देखरेख में और मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज के संयोजन में गुरुवार को जनपदीय हैंडबॉल प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिला क्रीड़ा समिति के सचिव धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज मैदान पर अंडर-14, 17 व अंडर-19 बालक व बालिका वर्ग की हैंडबॉल प्रतियोगिता सुबह आठ बजे से आयोजित की गई है। संयोजक विद्यालय मेथोडिस्ट कालेज के क्रीड़ा प्रभारी परमेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता की सारी तैयारियां कर ली गई हैं।

### मेथोडिस्ट टीम जिला स्कूली बालिका कुश्ती की विजेता

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जनपदीय विद्यालयीय अंडर-14, 17 व अंडर-19 बालिका कुश्ती प्रतियोगिता का बुधवार को मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज के संयोजन में आयोजन किया गया। प्रतियोगिता संयोजक मेथोडिस्ट कालेज के क्रीड़ा प्रभारी परमेन्द्र सिंह ने बताया कि डाभासेमर स्थित डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल के बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित बालिका कुश्ती प्रतियोगिता में जिले की कोई भी टीम प्रतिभाग करने नहीं पहुंची। इस पर जिला क्रीड़ा समिति के सचिव धमेन्द्र सिंह व संयुक्त सचिव अभिषेक सिंह ने मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज टीम को विजेता घोषित किया। मेथोडिस्ट टीम मंडलीय बालिका कुश्ती प्रतियोगिता में अयोध्या जनपद का प्रतिनिधित्व करेगी।

### कुंभ मेले की बैठक में शामिल होने के लिए संत रवाना



प्रयागराज के लिए रवाना होते साधु-संत। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अखिल भारतीय श्री पंच रामानंदी अखाड़ा हनुमानगढ़ी अयोध्या के साधु-संतों का जत्था मंगलवार को आगामी कुंभ मेले की बैठक के लिए प्रयागराज रवाना हुआ, जिसमें निवाड़ी अनी अखाड़ा के श्रीमहंत मुरली दास, महासचिव सत्य देवदास और नंद रामदास के साथ पूर्व अखाड़ा परिषद अध्यक्ष के उत्तराधिकारी महंत संजय दास, पुजारी हेमंत दास हनुमान गढ़ी के गद्दीनशीन प्रेमदास के उत्तराधिकारी डॉ. महेश दास, अभिषेक दास, राजेश दास, पहलवान रामकृष्ण दास, पहलवान केशव दास समेत हनुमानगढ़ी के लगभग एक दर्जन से अधिक साधु संत शामिल रहे। महंत संजय दास ने बताया कि 13 अखाड़े की पहली बैठक में शामिल होने के लिए सभी अखाड़ों के साधु संत प्रयागराज पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुंभ मेले को सकुशल संपन्न होने में अखाड़ा परिषद की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है।

# एनएसजी की टीम ने डाला डेरा, कर सकती है मॉकड्रिल

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचार :** राम मंदिर परिसर की सुरक्षा और व्यवस्था को चाक चौबंद बनाने की कवायद के तहत नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) की टीम ने जिले में डेरा डाल दिया है। चार दिवसीय प्रवास कार्यक्रम के तहत एनएसजी टीम अधिकारियों के साथ बैठक करेगी और मंदिर परिसर समेत अन्य स्थलों का जायजा लेगी। आपात हाल से निपटने के लिए एनएसजी की ओर से साजो सामान के साथ मौके पर पहुंचने और हालात पर नियंत्रण का पूर्वाभ्यास (मॉक ड्रिल) भी किया जा सकता है।

राम मंदिर की सुरक्षा को लेकर शासन की ओर से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के साथ प्रदेश की विशेष सुरक्षा बल वाहिनी (एसएसएफ) को लगाया गया है। सुरक्षा व्यवस्था के इंटीग्रेटेड प्लान के तहत जिले में एटीएस और एसटीएफ की इकाई स्थापित किए जाने के बाद केंद्र सरकार की ओर से एनएसजी को भी व्यवस्था में सम्मिलित किए जाने की योजना है। केंद्र ने एनएसजी की एक टीम परिसर की सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य चीजों की जानकारी और भावी योजना आदि में मदद अथवा सुझाव के लिए भेजी है। मामला केंद्रीय एजेंसी से जुड़ा होने के चलते अधिकारी इस विषय में बोलने से बच रहे हैं, फिलहाल एक शीर्ष अधिकारी ने एनएसजी टीम के आने की पुष्टि की है।

# 50 बेड आरक्षित, 15 जगह तैनात रहेगी एंबुलेंस

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सावन माह व झूला मेले को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। नए जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने पदभार संभालते ही साफ कर दिया है कि मेले में आने वाले किसी भी श्रद्धालु को दिक्कत न हो। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 22 जुलाई से 19 अगस्त तक चलने वाले मेले में एक मेला नियंत्रण कक्ष व 14 अस्थाई चिकित्सा केन्द्र की स्थापना की जाएगी। केंद्रों पर चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति की जाएगी। आवश्यक व जीवन रक्षक दवाओं की भी उपलब्धता रहेगी। सात संवेदनशील स्थानों पर हॉटस्पॉट बनाकर 108 एंबुलेंस को श्रद्धालुओं की सेवा के लिए खड़ा किया जायेगा। अयोध्या धाम मेला क्षेत्र में प्रत्येक दिन शाम छह से आठ बजे तक फॉगिंग कराई जाएगी। मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए एंटीलार्वा का छिड़काव कराया जाएगा।

सीएमओ डॉ. संजय जैन ने बताया कि 50 बेड आरक्षित किए गए हैं। इसमें राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज व जिला पुरुष चिकित्सालय में 20-20 व श्रीराम चिकित्सालय में 10 बेड आरक्षित रहेंगे। स्वास्थ्य शिविर कंट्रोल रूम, लता मंगेशकर चौक, अंतरराष्ट्रीय बस अड्डा, राम जन्मभूमि, दशरथ महल, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन, कार सेवक पुरम, नागेश्वर नाथ, हनुमानगढ़ी, कनक भवन व मणि पर्वत पर लगाए जाएंगे। शिविरों के संचालन के लिए 40 चिकित्सक, 40 फार्मासिस्ट व 40 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की व्यवस्था मंडल भर के चिकित्सालयों से की जा रही है।



**तैयारी**

▸▸ मेला क्षेत्र में प्रतिदिन शाम छह से आठ बजे तक कराई जाएगी फॉगिंग

### कांवड़ियों के आगमन मार्ग पर अस्पताल रहेंगे अलर्ट

स्वास्थ्य विभाग ने मेला क्षेत्र में सफाई अभियान को सफल बनाने के लिए नगर निगम को 250 सफाई कर्मचारी देने की व्यवस्था की है। इसके अलावा फाइलेरिया विभाग की ओर से एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जाएगा, जबकि मलेरिया विभाग की ओर से फॉगिंग कराई जाएगी। कांवड़ियों के आगमन वाले मार्ग में पड़ने वाले सभी सरकारी अस्पतालों को 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं।

**जलवायु परिवर्तन** — दिनों के साथ ही गिर रहा औसत बारिश का आंकड़ा, मौसम विज्ञान विभाग के स्टेटिक एनालिसिस से हुआ खुलासा

# दो दशक से कम हो रही बारिश के औसत दिनों की संख्या

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार:** दो दशक से बारिश के औसत दिनों की संख्या घट रही है। दिनों के साथ ही औसत बारिश का आंकड़ा भी गिर रहा है। नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्विविद्यालय के मौसम विज्ञान विभाग में स्टेटिक एनालिसिस से इस बात का खुलासा हुआ है। वैज्ञानिक चिंतित हैं। इसे क्लाइमेट चेंज का असर मान रहे हैं। इसके कारण कई समस्याएं आ सकती है। इसमें सुधार जरूरी मानते हैं।

कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञान विभाग ने साल 1986 से 2023 तक के आंकड़ों का विश्लेषण किया। 37 साल के आंकड़ों के एनालिसिस का जो परिणाम सामने आया, वह चौंकाने वाला है। विश्लेषण में सामने आया कि साल 1986 से 2011 के बीच 25 साल में सात साल बारिश औसत दिनों से कम हुई।

जिले में औसत बारिश के दिनों की संख्या 53 दिन मानी जाती है। इन सात वर्षों में बारिश के दिन 46 से 49 के बीच रहे। 2011 से 2023 के बीच केवल दो साल ऐसे रहे जब बारिश औसत मानक के ऊपर रही। औसत बारिश के आंकड़ों पर नजर डाले तो आंकड़े बताते हैं कि साल 1986 से 2003 तक 17 साल में केवल छह साल ऐसे रहे जब बारिश, वार्षिक औसत से कम रही। इन वर्षो में बारिश 800 से 1000 मिमी. के बीच रही। जिले के लिए औसत बारिश 1001.7 मिमी. है। इसके ठीक उल्ट 2003 से 2023 के बीच केवल आठ साल ऐसे रहे जब औसत बारिश जिले की औसत बारिश से ज्यादा रही। 12 साल ऐसे रहे जब बारिश औसत से कम हुई। बारिश में यह कमी भी 600 से 900 मिमी. के बीच पहुंच गई।

एक खास बात और है कि इन वर्षो में मौसम के ठहराव के दिनों की संख्या में कोई खास परिवर्तन नहीं हुआ। मसलन साल 2017 में मानसून 117 दिन रहा तो साल 2023 में मानसून 112 दिन रहा।

### 2.5 मिमी. बारिश हुई तो रेनी-डे

मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक जिस दिन औसत बारिश 2.5 मिमी होती है उसे मौसम विज्ञान विभाग की भाषा में रेनी-डे माना जाता है। आंकड़ों का विस्लेषण इसी के आधार पर किया गया है।

### 1989 में सबसे ज्यादा, 2015 में सबसे कम बारिश

विश्लेषण के आंकड़ों के मुताबिक साल 1989 में सबसे ज्यादा 1342.6 मिमी. बारिश रिकॉर्ड की गई तो साल 2015 में सबसे कम 390.7 मिमी. रही।



> आंकड़ों के विश्लेषण में यह बात सामने आई कि बारिश के दिनों की संख्या दो दशक से गिर रही है। पहले की तुलना में औसत बारिश भी कम हुई है। इसके पीछे कारण वायुमंडल परिवर्तन का असर है। पेड़-पौधों की कमी के कारण मौसम में परिवर्तन हो रहा है। गर्मी बढ़ रही है। बारिश कम हो रही है। -**अमर नाथ मिश्र, मौसम विज्ञानी, नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि, कुमारगंज**

### 10 साल में बारिश का आंकड़ा

| साल | बारिश (मिमी.) | दिन |
|---|---|---|
| 2013 | 1148.0 | 58 |
| 2014 | 687.3 | 43 |
| 2015 | 542.9 | 35 |
| 2016 | 739.4 | 44 |
| 2017 | 883.0 | 42 |
| 2018 | 836.6 | 34 |
| 2019 | 1033.2 | 47 |
| 2020 | 1083.2 | 58 |
| 2021 | 1053.0 | 47 |
| 2022 | 811.4 | 42 |
| 2023 | 879.2 | 51 |

अमृत विचार
www.amritvichar.com

आक्रुश्यमानो नाक्रोशेन्मन्युरेव तितिक्षतः।
आक्रोष्टारं निर्दहति सुकृतं चास्य विन्दति॥

अपनी बुराई सुनकर भी जो स्वयं बुराई न करें, उसे क्षमा कर दें। इस प्रकार उसे उसका पुण्य प्राप्त होता है और बुराई करने वाला अपने कर्मों से स्वयं ही नष्ट हो जाता है।


## संपादकीय

# मंडराते संकट

पृथ्वी पर मंडराते संकटों जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण व कचरा के गहराने की गति तेज हो रही है। प्राकृतिक जगत का मानव गतिविधियों के कारण क्षरण हो रहा है, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी टेक्नोलॉजी को त्वरित ढंग से इस्तेमाल में लाया जा रहा है, प्राकृतिक संसाधनों के लिए स्पर्धा बढ़ रही है, विषमताएं चौड़ी होती जा रही हैं और संस्थाओं से भरोसा कम हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) और अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान परिषद (आईएससी) की ओर से जारी रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि ये चुनौतियां, एक ऐसे बहुसंकट का निर्माण कर रही हैं जो वैश्विक संकटों को और गहन बना रहा है, जिसके मानवता और पृथ्वी के लिए विशाल दुष्परिणाम हो सकते हैं। भारत उन नौ देशों में से एक है जहां पिछले दो वर्षों में अत्यधिक तापमान और जलवायु संबंधी आपदाओं की प्रवृत्ति ने बड़े पैमाने पर, लंबे समय तक और बार-बार होने वाले विस्थापन में अभूतपूर्व वृद्धि की है। अन्य देशों में पाकिस्तान, फिलीपींस, सोमालिया, चीन, बांग्लादेश, ब्राजील, कोलंबिया और केन्या शामिल हैं। संघर्षों और हिंसा के अलावा, जलवायु परिवर्तन लोगों के जबरन विस्थापन का सबसे प्रमुख कारण रहा है, जिनके घर जलवायु-जनित चरम स्थितियों जैसे कि जंगल की आग, बाढ़, खराब वायु गुणवत्ता, असहनीय गर्मी और/या लंबे समय तक संघर्ष के परिणामस्वरूप मानव निवास के लिए अनुपयुक्त हो जाते हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि हर 69 लोगों में से एक या दुनिया की 1.5 प्रतिशत आबादी अब जबरन विस्थापित है, जो एक दशक पहले विस्थापित हुए लोगों की संख्या से लगभग दोगुनी है।

यूएनईपी एक अग्रणी वैश्विक पर्यावरण प्राधिकरण है, जो वैश्विक पर्यावरण एजेंडा निर्धारित करता है, संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के भीतर सतत विकास के पर्यावरणीय आयाम के सुसंगत कार्यान्वयन को बढ़ावा देता है तथा वैश्विक पर्यावरण के लिए एक आधिकारिक अधिवक्ता के रूप में कार्य करता है। इसका मिशन, भविष्य की पीढ़ियों के जीवन स्तर से समझौता किए बिना, राष्ट्रों और लोगों को उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए प्रेरित, सूचित और सक्षम बनाकर पर्यावरण की देखभाल में नेतृत्व प्रदान करना और साझेदारी को प्रोत्साहित करना है। बदलाव के संकेतकों की निगरानी और अग्रदृष्टि तौर-तरीकों के इस्तेमाल के जरिये, दुनिया अतीत की गलतियों को दोहराने से बच सकती है। साथ ही, ऐसे समाधानों पर ध्यान केन्द्रित किया जा सकता है, जिनसे भावी व्यवधानों का पुख्ता ढंग से सामना किया जा सके। बेहतर समाधानों व उपकरणों को साथ लेकर चलना, भावी व्यवधानों को समझने और उनसे निपटने की तैयारी करने का सर्वोत्तम तरीक़ा है। ऐसे में एक रणनीतिक दूरदर्शी ढांचा स्थापित करने और भविष्य की आपदाओं से निपटने के लिए प्रतिक्रियात्मक दृष्टिकोण से सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

# तब शाहबानो अब समद



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

मोदी सरकार का रुख उन्हें पता है। जाहिर है कि उनकी उम्मीदें मुस्लिम हकों की हिमायती मानी जाने वाली सेक्युलर पार्टियों के रुख पर टिकी हैं। माना जाता है कि हाल के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सीटों की बढ़ोतरी में मुस्लिम समर्थन का योगदान रहा है।

बेशक मुद्दा वही है, लेकिन हालात बदले हुए हैं। 1985 में आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अंतर्गत गुजारा भत्ते का हकदार माने जाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ सड़कों से सदन तक जबरदस्त लड़ाई लड़ी थी। तब बोर्ड सरकार को झुकाने में कामयाब हो गया था।

इसी मसले पर सुप्रीम कोर्ट के अब्दुल समद मामले के हाल के फैसले ने बोर्ड और मुस्लिम संगठनों को फिर उत्तेजित कर दिया है, लेकिन फैसले से असंतुष्ट होने के बाद भी बोर्ड सधे कदमों के साथ आगे बढ़ रहा है और कानूनी रास्तों पर जोर दे रहा है। बोर्ड ने इसे शरिया कानून से टकराव बताए जाने के साथ ही संविधान प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता का विरोधी बताया, लेकिन मसले को अपने संगठन की कानूनी समिति को सौंपने का फैसला किया। समिति कानूनी, संवैधानिक और लोकतांत्रिक विकल्प सुझाएगी। उत्तराखंड सरकार द्वारा लाई जा रही समान नागरिक संहिता को भी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का फैसला हुआ। असलियत में मुस्लिम लॉ पर्सनल बोर्ड तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ते के सवाल पर लगभग चार दशक पुराने शाहबानो मामले में लिए स्टैंड पर कायम है, लेकिन फिलहाल उस और इस बार की लड़ाई की तैयारी में बड़ा फर्क नजर आ रहा है। क्यों? तब कांग्रेस की राजीव गांधी सरकार थी। अब नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली एनडीए की सरकार का सामना है।

23 अप्रैल 1985 को एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला शाहबानो को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता की हकदार बताए जाने के फैसले ने पूरे देश का माहौल सरगर्म कर दिया था। मुस्लिम संगठनों ने इसे पर्सनल लॉ में दखल माना था। इस लड़ाई में राजीव सरकार बैकफुट पर आ गई थी। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया। 1986 में मुस्लिम महिलाओं के लिए विशेष कानून बनाया गया। लगभग चार दशक के अंतराल पर सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर ऐसे ही एक मामले में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को भी गुजारा भत्ता पाने का हकदार माना है। इस अदालती फैसले पर मुस्लिम संगठनों की खिलाफ प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई हैं। तय है कि उनकी गूंज अदालतों के बाहर भी सुनाई देगी। संसद में उनके हक में कौन से दल खड़े होंगे? जल्दी ही बजट सत्र में इसकी झलक दिख सकती है। मुद्दा भले एक हो, लेकिन शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जब दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत तलाकशुदा मुस्लिम महिला को गुजारे भत्ते का हकदार माना था तो उनके लिए कोई पृथक कानून वजूद में नहीं था। राजीव सरकार ने इस फैसले को मुस्लिम महिला (तलाक संबंधी अधिकारों के संरक्षण) अधिनियम 1986 के जरिए निष्प्रभावी कर दिया था। अब्दुल समद (तेलांगना) के ताजा मामले में धारा 125 के तहत मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता पाए जाने का हकदार मानते समय सुप्रीम कोर्ट के सामने 1986 का वह भी कानून था, जिसे शाहबानो मामले को पलटने के लिए तत्कालीन सरकार ने बनाया था। बावजूद इसके कोर्ट ने इस कानून के कारण समद मामले को धारा 125 के दायरे से बाहर होने की दलील खारिज कर दी। कोर्ट ने फैसला दिया है कि अन्य कानून दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अंतर्गत किसी भी धर्म की तलाकशुदा महिला के अधिकारों को प्रभावित नहीं कर सकते।

> 23 अप्रैल 1985 को एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला शाहबानो को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता की हकदार बताए जाने के फैसले ने पूरे देश का माहौल सरगर्म कर दिया था। मुस्लिम संगठनों ने इसे पर्सनल लॉ में दखल माना था।

पहली नजर में सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला एक तलाकशुदा जोड़े अब्दुल समद और उसकी पत्नी के बीच की कानूनी लड़ाई के निपटारे तक सीमित है, लेकिन मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड या अन्य मुस्लिम संगठनों का नजरिया इसे लेकर जुदा है। वे इसे मुस्लिम पर्सनल लॉ में सीधा हस्तक्षेप मानते हैं। वे इसके दूरगामी प्रभावों को लेकर फिक्रमंद हैं। स्वाभाविक है कि वे चाहेंगे कि यह पलटा जाए। ऐसे ही हालात शाहबानो मामले में पैदा हुए थे। तब मुस्लिम संगठनों ने इसकी लड़ाई अदालत की जगह सड़कों और सदन में लड़ी थी। राजीव गांधी सरकार को झुकाकर कामयाबी भी हासिल की थी। हालांकि इस लड़ाई में उनकी जीत ने देश के माहौल पर बुरा असर डाला था। बहुसंख्यकों के बीच विपरीत प्रतिक्रिया के डर से डैमेज कंट्रोल में राजीव सरकार ने अयोध्या में मंदिर का ताला खोला था। ये कोशिश भी कांग्रेस के काम नहीं आई थी। आने वाले दिनों में कांग्रेस ने इसकी भारी राजनीतिक कीमत चुकाई।

तब क्या हुआ था? शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तीन महीने बाद मुस्लिम लीग के सदस्य जी.एम.बनातवाला ने लोकसभा में एक निजी बिल पेश कर मुस्लिमों को धारा 125 के दायरे से बाहर रखने की मांग की। राजीव गांधी की पहल पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री आरिफ मोहम्मद खान ने इसका जोरदार विरोध किया। उन्होंने इस्लामिक मामलों के अधिकारी विद्वान और आजादी की लड़ाई की अगली कतार के नेता मौलाना अबुल कलाम आजाद के औरतों से जुड़े अधिकारों से जुड़े विचारों के हवाले से बिल का कड़ा विरोध किया था। संसद में यह बिल गिर गया, लेकिन अदालती फैसले के खिलाफ मुस्लिम संगठनों सड़कों पर विरोध तीव्र होता गया। 1984 में राजीव गांधी ने लोकसभा की 403 सीटों पर जबरदस्त जीत दर्ज की थी, लेकिन 1985 के अंत तक उत्तर भारत में उपचुनावों में पार्टी को बुरी पराजय का सामना करना पड़ा था। इसे शाहबानो मामले का इफेक्ट माना गया। दबाव बढ़ने पर राजीव गांधी का रुख बदला और मुस्लिमों से जुड़े मामलों में उन्होंने आरिफ मोहम्मद खान को दरकिनार कर जेड.ए.अंसारी को तरजीह देनी शुरू कर दी।

आरिफ खान और अंसारी की पार्टी भले एक रही हो, लेकिन शाहबानो मामले में दोनों का स्टैंड दो किनारों पर था। अंसारी ने लोकसभा में अपने तीन घंटे के भाषण में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को सिर्फ पूर्वाग्रह ग्रस्त, भेदभावपूर्ण और विरोधाभासी ही नहीं बताया था, बल्कि न्यायधीशों को इस्लामी कानूनों की व्याख्या के नजरिए से "बहुत छोटा इंसान" कहते हुए खारिज किया था। फरवरी 1986 में सरकार ने संसद में मुस्लिम महिला बिल पेश किया, जिसके द्वारा पूर्व पति को सिर्फ इद्दत अवधि (तीन महीने) के लिए गुजारा भत्ता देने का जिम्मेदार माना गया। इस बिल को पारित कराने के लिए कांग्रेस ने अपने सांसदों के लिए व्हिप जारी किया था। खिन्न आरिफ मोहम्मद खान ने कांग्रेस छोड़ दी थी।

मुस्लिम पर्सनल बोर्ड एक बार फिर शाहबानो मामले जैसी चुनौती से रूबरू है। हालांकि अब्दुल समद मामले में भी उसका स्टैंड पुराना है अर्थात् सुप्रीम अदालत के इस फैसले को भी वह मुस्लिम पर्सनल लॉ में दखल मानता है, लेकिन 1985 और 2024 के राजनीतिक हालात में बुनियादी फर्क है। तब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, जिसे मुस्लिम वोटरों के समर्थन की हमेशा फिक्र थी। 2024 में नरेंद्र मोदी मुस्लिम वोटरों के प्रायः एक मुश्त विरोध के बीच तीसरी बार सत्ता में हैं। उनकी सरकार तीन तलाक को रद्द कर चुकी है। पिछले कार्यकाल में वे तेजी से समान नागरिक संहिता की ओर बढ़ रहे थे। यद्यपि इस बार पूर्ण बहुमत न मिलने और सहयोगियों के सहारे होने के कारण मुमकिन है कि ऐसे सवालों पर वे उतनी तेजी न दिखाएं, लेकिन अपनी विचारधारा के अनुकूल किसी अदालती फैसले के खिलाफ उनके जाने की कल्पना भी नहीं की जा सकती। फिर भी पर्सनल बोर्ड और अन्य मुस्लिम संगठन चाहेंगे कि संसद में यह मुद्दा जोरशोर से उठे।

मोदी सरकार का रुख उन्हें पता है। जाहिर है कि उनकी उम्मीदें मुस्लिम हकों की हिमायती मानी जाने वाली सेक्युलर पार्टियों के रुख पर टिकी हैं। माना जाता है कि हाल के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सीटों की बढ़ोतरी में मुस्लिम समर्थन का योगदान रहा है। क्या पार्टी इस मसले पर सॉफ्ट हिंदुत्व के साथ राजीव गांधी के दौर के रुख की जुगलबंदी करना चाहेगी? उत्तर प्रदेश में सपा, बिहार में राजद तो पश्चिम बंगाल में टीएमसी को मुस्लिम वोटरों का जबरदस्त समर्थन मिलता रहा है। दिलचस्प है कि ये दल अब अपने प्रभाव क्षेत्र में मुस्लिम मतों के साथ ही हिंदू मतों को लेकर भी सजग और संवेदनशील हो चुके हैं। आगे वे क्या स्टैंड लेते हैं, इस पर सबकी नजर रहेगी। बेशक फैसला अदालत का है, लेकिन उसका असर देश की राजनीति पर दिखना तय है।

## प्रसंगवश

# सच्चा रास्ता मत छोड़ना



हफीज किदवई
लेखक

वह दिन, जब सुनसान रेगिस्तान में, तपती रेत में, दुनिया के बहुत बड़े लावलश्कर के जुल्मी ने सोचा था। एक शख्स और उनके अपनों का खून को यहां बहाकर किस्सा खत्म कर देंगे। वह लहू, आम लहू नहीं था, जुल्म के खिलाफ एक दास्तान था। यह सच है कि उस रोज वह खून बह गया। तपती रेत ने उसे अपनी नसों में पैबस्त कर लिया और फिर रेत तो रेत थी। जहां-जहां पहुंच सकती थी, उस मैदान की दास्तान की वह जुल्म भरी दास्तान खोलती चली गई और सारे आलम ने जान लिया कि एक थी 'कर्बला'।

कर्बला के मैदान में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे, मौला हजरत अली की औलाद और हर जमाने की ईमाम हजरत हुसैन का लहू मुबारक उस कर्बला की रेत में जज्ब हो गया। धीरे-धीरे वह हर उस दिल में अपनी दस्तक देने लगा, जो जुल्म के खिलाफ था। यह वह लहू था, जिसने कर्बला की जमीन को चूमा और हर उस तरफ बिखर गया, जिधर-जिधर हजरत हुसैन का रास्ता था। यह लहू जमाने की ऐसी तारीख बनकर जिंदा हुआ कि हर दौर उससे रोशनी पाने लगा। कर्बला ने जो अपनी आंखों से देखा, वह इस माटी के बर हिस्से में वैसे ही दर्ज हो गया। जैसे वह उसके सामने हुआ हो। कर्बला ने वह राज जमाने को दे दिया। शहादत के मर्तबे को बुलंद कर दिया और जमाने को बता दिया, जुल्म के खिलाफ जो मौत मिलती है, वह किसी भी जिंदगी से बहुत बेहतर है। दसवीं मोहर्रम है। गम है। तकलीफ है। दर्द है। तड़प है मगर मायूसी नहीं है।

कर्बला ने हमें बताया कि झुकना नहीं और उसकी जात से मायूस मत होना। सर भले तन से उतर जाए, सही और सच्चा रास्ता मत छोड़ना। जुल्मी कितना ही ताकतवर, सितमगर हो, झुकना नहीं। कर्बला के किस्से आज भी जिंदा हैं। कर्बला हमारा सबक है। हमारा रास्ता है। हमारा इम्तेहान है। हमारा गुरूर है, क्योंकि इसमें हमारी तारीख की सबसे जानदार नजीर दर्ज है। मोहर्रम और कर्बला हमारे दिलों को जुल्म के खिलाफ मजबूत करे और कमजोर के साथ खड़े होने की ताकत, हिम्मत दे...

# जनता को भी मिले बैंकों के लाभ का फायदा



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

> सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को और मजबूत किया जाना ध्येय होना चाहिए, अन्य निजी बैंकों का भी राष्ट्रीयकरण किया जाना चाहिए।

स्वतंत्रता से पूर्व कराची में कांग्रेस के अधिवेशन में निर्णय लिया गया कि स्वतंत्रता मिलने के बाद भारत में कार्यरत निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया जाना पहली प्राथमिकता होगी, जिसके पीछे भारतीय राजनीतिज्ञों की सोच थी कि भारत की जनता जो थोड़ी बहुत पूंजी धीरे-धीरे जोड़ती है उसका उपयोग देश के विकास में हो सके और गरीब जनता को प्राइवेट बैंकों/साहूकारों के चंगुल से बचाया जा सके।

बैंकों की सुविधा दूर ग्रामीण अंचलों तक पहुंच सके और यह कार्य केवल राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा ही संभव था। स्वतंत्रता के बाद नेहरू जी ने सामाजिक विकास का मॉडल देश के सामने रखा, जिसमें राष्ट्रीय बैंकों की परिकल्पना की गई, किंतु बैंकों को राष्ट्रीयकृत करने की औपचारिक घोषणा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने की। राष्ट्रीयकरण घोषित होते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में दो फाड़ हो गए। राष्ट्रपति के अध्यादेश को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई। तत्कालीन भारतीय जनसंघ के बलराज मधोक सहित फेडरेशन ऑफ कॉमर्स और अन्य राजनीतिज्ञों ने सर्वोच्च न्यायालय में रिट पिटीशन दिया कि इस अध्यादेश को तत्काल निरस्त किया जाए। इसके विपरीत ए.के. गोपालन (सांसद) और सुशीला गोपालन बुंबई ट्रेड यूनियन लीडर ने 22 जुलाई 69 को अध्यादेश के समर्थन में पिटीशन दायर की। अध्यादेश के विरोध में रिट पिटीशन आने से संपूर्ण देश के कर्मचारी उद्वेलित और आंदोलित हो गए।

इन 14 बैंकों के राष्ट्रीयकरण के पूर्व इनके संचालन निजी पूंजीपतियों के घरानों के हाथ में था। यहां सेंट्रल बैंक-टाटा घराने, यूनाइटेड कमर्शियल बैंक-बिड़ला घराने, पंजाब नेशनल बैंक-डालमिया एवं जैन घराने एवं कुछ गुजराती बड़े घराने देना बैंक का संचालन कर रहे थे। इस अवसर पर मतभेद होते हुए भी तमाम वर्किंग क्लास ने कांग्रेस के इस कदम को विशेषकर इंदिरा जी के इस कदम को सराहा। यही नहीं इसके फलस्वरूप अगले लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को भारी सफलता भी हासिल हुई और श्रीमती इंदिरा गांधी पूर्ण बहुमत हासिल कर पुनः सत्तासीन हुई। तत्पश्चात 15 अप्रैल 1980 को 6 और बड़े बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया।

1969 से 1985 का दौर सामाजिक बैंकिंग का स्वर्ण युग रहा। इस काल में हर वर्ग के छोटे से छोटे तबके तक बैंकिंग पहुंची। इस दौर में कृषि, ग्रामीण उद्योग, बेरोजगारी दूर करने के लिए महिलाओं और विद्यार्थियों के लिए आर्थिक सुविधाएं प्रदान करने को बैंक आगे आए, यही वह दौर था जब देश में जीडीपी वास्तव में 8 प्रतिशत के समीप रही और हरित क्रांति, दुग्ध क्रांति संभव हो सकी। इसके बाद राजनीतिक उथल-पुथल का दौर रहा। 1988 की बाढ़ में देश की अर्थव्यवस्था चौपट रही। 1991 की कांग्रेस सरकार की मनमोहनी नई आर्थिक नीतियों ने इसे काफी चोट पहुंचाई और अब यह सरकार पूरी तरह देशी और विदेशी पूंजीपतियों के आगे घुटने टेक चुकी है। विगत कुछ वर्षों से सार्वजनिक बैंकों ने काफी अच्छा लाभ कमाया है। अगर वर्ष 2023-2024 के लाभ की बात की जाए तो सभी 12 राष्ट्रीकृत बैंकों ने 141203 करोड़ का शुद्ध मुनाफा कमाया है, जबकि विगत 2022-2023 में यह लाभ 104649 करोड़ था। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि सरकार क्यों इनमें से कुछ बैंको को निजी क्षेत्र में देने की सोच रही है। विगत वर्षों में कुछ बैंकों के विलय हो जाने से मात्र 12 ही राष्ट्रीयकृत बैंक बचे हैं, जिन्हें आज भी नवरत्न कहना असंगत न होगा। जब सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों ने अच्छा लाभ कमाकर दिया है तो इस बार 55 वें राष्ट्रीयकरण दिवस पर राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारियों की मांग है कि जनता पर लगाए गए अधिभारों जैसे एसएमएस चार्जेज, एटीएम से नकद निकासी चार्जेज, पासबुक, चेकबुक चार्जेज, नकदी जमा चार्जेज, को समाप्त करने, जमा राशियों पर ब्याज दरें बढ़ाने और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के ऋणों में ब्याज कम कर जनता को राहत दिए जाने का समय आ गया है।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को और मजबूत किया जाना ध्येय होना चाहिए, अन्य निजी बैंकों का भी राष्ट्रीयकरण किया जाना चाहिए। ये देश के हित में आवश्यक है, लेकिन दुर्भाग्यवश, सरकार बैंकों का निजीकरण करना चाहती हैं और हो सकता है इस संबंध में बजट सत्र में कोई प्रयास सरकार की तरफ से हो, जिसमें राष्ट्रीयकृत बैंको में सरकार की अंश धारिता को 51 प्रतिशत से कम किए जाने का प्रयास किया जाए। बैंकों के निजीकरण को विफल करने के लिए एकजुटता अभियान को तीव्र करना होगा।

## सोशल फोरम

# धर्म और ईश्वर



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

आज से करीब दस बारह हजार साल पहले घुमंतु मानव समाज पालतू होने लगा। गेहूं संग्रह ने उसे विशेष रूप से पालतू बनाया। वह एक जगह रहने लगा, उसने समाजोपयोगी नियम, मर्यादाएं, पाबंदियां विकसित की और उपयोगिता के आधार पर उनकी स्वीकृतियां ही तो तो सनातन है।

वस्तुतः एक जीवनशैली विकसित हुई, जो समाज द्वारा स्वतः चुना गया अनुशासन था। यही उनका धर्म था। धर्म क्या है? धर्म का शाब्दिक अर्थ होता है, 'धारण करने योग्य', अर्थात् जिसे सबको धारण करना चाहिए। इस आधार पर हम कह सकते हैं कि नैतिक मूल्यों का आचरण ही धर्म है। धर्म से हमारी चेतना का शुद्धिकरण होता है। अपने-अपने कर्तव्य का निःस्वार्थ भाव से पालन करना 'स्वधर्म' और साथ ही मानवता को मनुष्य का सच्चा धर्म कहा जा सकता है। ईसा ने जैसे ईसाइयत को और हजरत मुहम्मद ने जैसे इस्लाम को जन्म दिया, हिंदू धर्म की रचना उस तरह किसी पुरुष द्वारा नहीं की गई। हिंदू धर्म अनेक विश्वासों का समुदाय है। जिस प्रकार भारतीय समाज की रचना उन अनेक जातियों से हुई, जो समय-समय पर इस देश में आती रहीं, उसी प्रकार हिन्दुत्व भी इन विभिन्न जातियों के धार्मिक विश्वासों के योग से आगे बढ़ता रहा। जब 1800 ईपू. के आसपास आर्य यहां आए, उसके पहले ही सिंधु घाटी जैसी विकसित सभ्यता यहां हो चुकी थी। आर्यों और द्रविड़ों की सभ्यताओं का संघर्ष और बाद में समन्वय एक ऐतिहासिक सत्य है। महाभारत और पुराणों के अध्ययन से आर्यों और नागों के क्रांतिकर संघर्ष का पता चलता है। आगे चलकर इन नागों की अनेक रीति-नीतियां आर्य-विश्वास का अंग बन गईं। सिंदूर नाग-चूर्ण है। आर्य स्त्रियों ने इसे नागजाति की आचार पद्धति से ग्रहण किया था, परंतु आज वह हिंदू-विवाह का अविच्छेद्य अंग हो गया है। भारत की अन्य जातियों ने आर्यों की जाति प्रथा को स्वीकार कर लिया, यह हमारे देश में संस्कृति-समन्वय की ओर पहला कदम था। इससे इतना हुआ कि आर्य, द्रविड़, औष्ट्रिक और नीग्रो तथा सभी मंगोल खानदानों के लोग एक समाज के सदस्य हो गए, जिसका नाम आगे चलकर हिंदू समाज पड़ा। **-फेसबुक वॉल से**

# डिजिटल अरेस्ट



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

डिजिटल अरेस्ट न तो कोई लीगल टर्म है और न ही कोई प्रशासनिक व्यवस्था। दरअसल यह साइबर ठगों द्वारा अपनाया जाने वाला वह तरीका है, जिसके द्वारा किसी भी व्यक्ति को फोन काल पर डरा धमकाकर उसे उसके घर-परिवार के लोगों से अलग कर एक बंद कमरे में रहने को विवश किया जाता है और किसी भी व्यक्ति से संपर्क न करने को कहा जाता है। इसके द्वारा पीड़ित व्यक्ति को किसी जांच अथवा किसी बड़े मामले में फंसा दिखा करके उससे लगातार वार्ता की जाती है और क्रमशः उसके बैंक अकाउंट, बचत आदि के डिटेल्स पूछकर उसका पैसा अन्य अकाउंट में ट्रांसफर करा लिया जाता है।

यह एक प्रकार से ठगी व ब्लैकमेलिंग का घातक मिश्रण है। इस प्रकार की साइबर ठगी की अनेक विधाएं हैं, लेकिन पिछले दिनों जो प्रकाश में आया है, उनमें सबसे उल्लेखनीय विधा यह है कि ईडी/ सीबीआई ऑफिसर बनकर फोन पर कॉल करके यह कहा जाता है कि संबंधित व्यक्ति का नाम किसी मनी लांड्रिंग केस में आ गया है और सही जांच के लिए तथा पीड़ित व्यक्ति को मुसीबत से बचाने के लिए कुछ तथ्यों का सत्यापन करना आवश्यक है। ईडी, सीबीआई और मनीलांड्रिंग का नाम सुनते ही माहौल के अनुसार संबंधित व्यक्ति को ऐसा लगता है, मानो उसे कोरोना डायग्नोज हो गया है। वह घबराहट में अपने बचने के लिए इन साइबर ठगों को अपना हितैषी समझकर उनके निर्देशों का पालन करता जाता है और उनके मायाजाल में फंसकर बैंक डिटेल्स आदि दे देता है और साइबर ठग संबंधित धनराशि को अपने सुविधाजनक खातों मे ट्रांसफर करते जाते हैं। पीड़ित व्यक्ति को किसी एकांत कमरे में पहुंचकर, कमरा बंदकर बात करने को कहा जाता है और यह भी कहा जाता है कि इस अवधि में वह किसी से संपर्क न करें, क्योंकि वह जिससे भी संपर्क करेगा उसका नाम भी मनी लॉन्ड्रिंग अथवा सीबीआई जांच में जुड़ जाएगा। लगभग 15 दिनों पूर्व चितरंजन पार्क, नई दिल्ली में रहने वाली एक संभ्रांत महिला इन साइबर ठगों के कुचक्र का शिकार हुई और लगभग चौबीस घंटे तक डिजिटल अरेस्ट में रही। इस अवधि में ठगों ने उससे पूछताछ करके उसके विभिन्न खातों में मौजूद लगभग चौरासी लाख रुपए हड़प लिए। उस महिला ने बाद में न्यूज चैनल को दिए गए इंटरव्यू में बताया कि वह एक प्रकार से सम्मोहन का शिकार हो गई थी और उनके कहे के अनुसार उनके निर्देशों का पालन करती रही। विगत दिनों लखनऊ के सुविख्यात कवि नरेश सक्सेना को भी ठगों ने सीबीआई जांच का बहाना बनाकर अपने जाल मे फंसा लिया था। वे लगभग डेढ़-दो घंटे से बंद कमरे में किसी से फोन पर बात कर रहे थे। उनकी पुत्रवधू को संदेह हुआ और उन्होंने फ्राड काल लिखकर सक्सेना साहब को दिखाया और कमरा खुलवाकर फोन काल को डिस्कनेक्ट किया। यहां भी ठगों ने मनी लांड्रिग की जांच के ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया था। ठगों ने उनसे भी बैंक खाते का विवरण मांगा था। बातचीत में यह पता चलने पर कि सक्सेना जी कवि हैं, ठगों ने उन्हें मीर और फैज की गजल सुनाने को भी कहा था। अपनी पुत्रवधू के सामयिक हस्तक्षेप से वे सुरक्षित बच निकले।

सीबीआई व ईडी आदि एजेंसियों की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी न होने के कारण लोग घबराहट में ऐसे शातिर ठगों के जाल में फंस जाते हैं। निश्चित रुप से कोई भी जांच एजेंसी इस प्रकार अचानक फोन काल करके न तो विवेचना करती है और न ही कोई जानकारी मांगती है। इस प्रकार की जानकारी फोन पर देने की कोई कानूनी बाध्यता भी नहीं है। मुझे यह निश्चित जानकारी नहीं है कि इन एजेंसियों ने पब्लिक के संपर्क हेतु कोई टोल फ्री नंबर जारी कर रखा है। अगर ऐसा नहीं है तो इस समस्या को देखते हुए इन एजेंसियों द्वारा टोल फ्री नंबर उपलब्ध कराना व उसका व्यापक प्रचार-प्रसार जनहित में होगा। आवश्यकता पड़ने पर लोग उनसे जरूरी सहायता व मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे।

# अर्जुन की ससुराल उपेक्षित क्यों



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस समय देश में धर्म-कर्म वालों की सरकार है। भगवानों और प्राचीन धर्म ग्रंथों को खूब मानते हैं और उनके सहारे वोट लेते हैं। ऐसा होते हुए भी महाभारत के नायक और श्रीकृष्ण के सखा अर्जुन की ससुराल मणिपुर की बड़ी अनदेखी हो रही है। उनकी पत्नी चित्रांगदा यहीं की थीं। तब इसको नागलोक कहते थे।

तैंतीस लाख आबादी वाला पूर्वोत्तर का यह राज्य अरसे से उबल रहा है। यहां वर्ग संघर्ष जारी है। हत्याएं हो रही हैं और अल्पसंख्यक जनजातीय कुकी समुदाय की नारियां सड़कों पर नग्न करके घुमाई जा रही हैं। वहां भाजपा का शासन है और मुख्यमंत्री बहुसंख्यक मैतेयी समुदाय के हैं। मैतेयी ही ज्यादतियां कर रहे हैं। हालांकि अब कुकीज भी सिर उठाने लगे हैं। केंद्र में तो भाजपा की सरकार लंबे है ही। राज्य सीमावर्ती है और इसकी सीमा म्यांमार से मिली है, जहां निर्वाचित सरकार की मुखिया सू ची सैनिक शासक द्वारा जेल में डाल दी गई हैं। सैन्य सत्ता चीन के प्रभाव में है। ऐसे में मणिपुर की समस्याओं की अनदेखी और वहां हिंसा और अभद्रता का तांडव सत्ता द्वारा तटस्थ भाव से देखते रहना घातक सिद्ध हो सकता है। कहीं ऐसा न हो कि देश को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ जाए।

यह समझ से परे है कि इतनी लंबी अवधि में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वहां गए ही नहीं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने भी अभी कुछ दिन पहले मोदी को सलाह दी है कि वे मणिपुर जाएं और वहां की समस्याओं का समाधान निकालें। हालांकि भागवत जी ने ऐसा कहने में काफी देर लगाई, फिर भी अब तो पीएम को इस बिंदु पर सचेष्ट हो ही जाना चाहिए। "का बरषा जब कृषी सुखाने। समय चूक पुनि का पछिताने"। मनोरम प्राकृतिक छटा वाले, संसाधनों से भरपूर इस राज्य की उपेक्षा कब तक होगी?

# दिल्ली के केदार



राजीव नयन बहुगुणा
पत्रकार

चल सयाणी, काफल दाणी ऐंसु केदारनाथ/बड़ा-बड़ा ढंगार तखी, अर मल्यों की डार तखी / चल कल्याणी, रतनु की खाणी ऐंसु केदारनाथ। दिल्ली में श्री केदारनाथ के मंदिर और विग्रह की स्थापना को मैं देव पलायन के रूप में देखता हूं।

दिल्ली सत्ता, शोषण, संपत्ति और शक्ति संचय का एक केंद्र है। जिस तरह टिहरी में लाखों लोगों को डूबाकर वहां से गंगा का पानी अपने लॉन सींचने, कार धोने और टॉयलेट में बहाने के लिए दिल्ली ले गए, उसी तरह श्री केदार को भी दिल्ली ले जाया जा रहा है। ब्रिटिश काल में सभी राजाओं का एक ठिकाना दिल्ली में बनाया जाता था। वह किसी दूतावास की तरह था। उसी तरह दिल्ली दरबार में केदार बाबा की हाज़िरी क्यों न हो। जिस तरह देवदार, बांज, सेब और अखरोट के वृक्ष वास्ते सिर्फ भूमि नहीं, जलवायु भी चाहिए, उसी तरह देव विग्रहों को भी एक निश्चित वातावरण की दरकार होती है। अंग्रेजों ने जबरन दिल्ली में चीड़ के पौधे रोप दिए, जो संसद और नार्थ साउथ ब्लॉक की बगल में आज भी खड़े हैं, लेकिन वे बंध्या पेड़ हैं। उन पर न कभी फल आते हैं और न परागण होता है। दिल्ली के केदार भी ऐसे ही निस्तेज होंगे।

आखिर श्रीमद आद्य शंकराचार्य भी दुर्गम जगह की बजाय किसी सुविधाजनक स्थल पर केदारनाथ धाम क्यों नहीं बसाए होंगे? क्योंकि वह दिल्ली में केदार बसाने वाले वर्तमान धर्म ध्वजियों की भांति अमर्यादित और दंभी नहीं थे। दिल्ली की गर्मी, उमस, धूल, धुआं, शोर और आपधापी में श्री केदारनाथ जी कैसे रहेंगे? क्या वह वहां आरओ का छना मृत पानी पिएंगे? जाहिर है कि वह वहां नहीं जाएंगे। सिर्फ एक पाषाण विग्रह और सीमेंट कंक्रीट का भद्दा ढांचा होगा।

# मोहर्रम पर निकले ताजिया जुलूस, किया मातम

## ताजा हुई जुल्मोसितम की दास्तान

संवाददाता, नैनी



दांदूपुर गांव में मोहर्रम के जुलूस में मातम करते मुस्लिम समुदाय के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** मोहर्रम पर बुधवार को यमुनापार के विभिन्न स्थानों पर ताजिया जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल लोगों ने इस मौके पर सीनाजनी का मातम किया और नारे तकबीर, अल्लाह हू अकबर के नारे लगाए। नैनी में कई मोहल्ले की ताजिया जुलूस में शामिल हुए और अंत में करबला में दफन कर दिया गया।


नैनी का मोहर्रम जुलूस चकदोंदी से निकला। यहां से मलहरा फाटक, अरैल तिराहा होते हुए करबला ले जाया गया। वहां बड़ी संख्या में जायरीन मौजूद रहीं। चाका विकास खण्ड के अंतर्गत दांदूपुर में बुधवार सुबह 6 बजे सुबह से इमामबाड़ा अली मियां से ताजिया जुलूस निकला गया, जिसमें मजलिस को जनाब अब्बास हैदर ने खिताब करते हुए हुसैन पर जजीदियों के द्वारा किए गए जुल्म का बयान किया। उसके बाद ताजिया जुलूस निकाला गया। जुलूस में नौहा खान शहजाद हैदर ने ताजियादार है हम, हमको पहचान लो मौला के अज़ादार है हम, पढ़ा। जुलूस अपने पुराने रास्ते से होते हुए इश्तियाक हैदर के निगहबानी मे सीनाजनी करते हुए या हुसैन, या हुसैन की सदाएं बुलन्द करते हुए अमिलीया रोड स्थित पुराने करबला पर पहुंच कर जुलूस को ठंडा कर दिया। शाम को पुराना इमामबाड़ा का ऐतिहासिक ताजिया जुलूस जामा मस्जिद स्थित इमाम चौक से उठकर रीवा रोड पहुंचकर सीनाजनी एवं जंजीर का मातम करते हुए करबला में ताजिया दफन कर दिया गया।

## थरवई विद्युत स्टेशन का किया औचक निरीक्षण

**थरवई, प्रयागराज, अमृत विचार।** बुधवार की दोपहर अधीक्षण अभियंता विद्युत गंगापार सौरभ गौतम व अधिशासी अभियंता फाफामऊ एस बी ठाकुर ने औचक निरीक्षण किया। विद्युत अधिकारियों ने गोंडवा विद्युत सब स्टेशन थरवई में बरसात के मौसम में गंगा बाढ़ का पानी भर जाने से सब स्टेशन से बिजली बंद हो जाती है। सब स्टेशन में पानी भरने से इस क्षेत्र के पांच दर्जन से अधिक गांव के विद्युत उपभोक्ताओं को कई दिनो तक विद्युत आपूर्ति के लिए बेहद परेशान होना पड़ता है। इसे गंभीर समस्या को दूर करने के लिए अधीक्षण अभियंता सौरभ गौतम ने अधिकारियों से कहा कि अब इस सब स्टेशन को दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया जाए।

# चार लाख बीस हजार माचिस की तीलियों से बनाया ताजिया

संवाददाता, अदलहाट (मिर्जापुर)



माचिस की तीलियों से बनाया गया ताजिया।

**अमृत विचार।** स्थानीय थाना अन्तर्गत इब्राहिमपुर ग्राम निवासी मंसूर आलम ने 14 दिन की कड़ी मेहनत कर चार लाख बीस हजार माचिस के तीलियों से ताजिया बना कर तैयार कर दिया।

पत्रकारों से वार्ता के दौरान मंसूर आलम ने बताया कि हमारी दिली इच्छा थी कि हम इस बार के माचिस के तीलियों से ही अपना ताजिया बनायेंगे और मंसूर आलम ने कड़ी मेहनत करने के बाद चार लाख बीस हजार माचिस के तीलियों से ताजिया को बनाकर तैयार कर दिया। मंसूर आलम ने बताया कि मुहर्रम मुस्लिम समुदाय के लोगों का खास पर्व है। इसी महीने में हजरत इमाम हुसैन की शहादत हुई थी। हजरत इमाम हुसैन इस्लाम धर्म के संस्थापक हजरत मुहम्मद साहब के छोटे नवासे थे।

## एक नजर

### नए रूप में दिखेगा महानिर्वाणी अखाड़ा

**प्रयागराज, अमृत विचार :** महाकुम्भ 2025 के पहले दारागंज पक्की सड़क स्थित महानिर्वाणी अखाड़ा अब नए रंग में दिखेगा। अखाड़े का बाहर से भव्य रूप दिखाई देगा। विशाल गेट और ऊपर एक करीने से बने कक्ष होंगे। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। दारागंज पक्की सड़क पर महानिर्वाणी अखाड़े क कार्यालय है। इन दिनों अखाड़ा का मुख्य द्वार तोड़ दिया गया है। इसका फिर से निर्माण कराया जा रहा है। सामने की ओर पार्किंग का हिस्सा रखा जाएगा, जबकि मुख्य द्वार को ऐसा बनाया जा रहा है, जिससे अखाड़े की भव्यता का दर्शन हो सके। साथ ही ऊपर की ओर नए कक्ष बनाए जा रहे हैं। इस बीच अखाड़े की ओर से आसपास के लोगों को दुकानें खाली करने के लिए भी कहा गया है।

### हिस्ट्रीशीटर समेत दो को भेजा जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लालगंज कोतवालीके दरोगा दीपक कुमार यादव बुधवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे मयफोर्स गश्त पर थे। इसी बीच हिस्ट्रीशीटर अपराधी पंचलाल वर्मा के मेढ़ावां नहर की पुलिया के पास होने की सूचना मिली। दरोगा ने पुलिस बल के साथ घेराबंदी कर पंचलाल वर्मा निवासी पूरे रमन मेढ़ावां को हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से चार देशी बम मिले। वहीं दरोगा राजेन्द्रराम ने सुबह नया का पुरवा बेलहा के पास से वांछित सत्यम निवासी खरावां सराय भागमानी को घेराबंदी करके गिरफ्तार किया। कोतवाल नीरज यादव ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर पंचलाल पर तीस मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

### करंट से बालक झुलसा

**हलिया (मिर्जापुर), अमृत विचार।** हलिया थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव निवासी अजय का 6 वर्षीय पुत्र मोहित गांव के बच्चों के साथ खेत की ओर गया था कि एक किसान द्वारा बिछाए गए बिजली के तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया बच्चों की सूचना पर मौके पर पहुंचे बालक के परिजनों ने आनन फानन में उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर चिकित्सक रीना पटेल ने बालक का उपचार किया है। हालत में सुधार है।

### बैंकर्स बैठक में दी योजनाओं की जानकारी

**हलिया (मिर्जापुर), अमृत विचार।** स्थानीय विकास खंड सभागार में खंड विकास अधिकारी डॉ. राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में ब्लाक स्तरीय बैंकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सात बैंकों के प्रतिनिधि व बैंक की समूह सखियां उपस्थित रहीं। सूचना के बाद भी आर्यावर्त बैंक शाखा हलिया से कोई प्रतिनिधि नहीं आने पर खंड विकास अधिकारी ने निंदा प्रस्ताव पारित किया। खंड विकास अधिकारी डॉ राजीव कुमार शर्मा ने बैठक में शासन की ओर से चलाई जा रही प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी।

# ताजिया निकालने को लेकर दो पक्ष भिड़े, मारपीट, तनाव

## घर में घुसकर पीटा व की तोड़फोड़, कई थानों की फोर्स पहुंचीं

संवाददाता, बारा/नैनी

**अमृत विचार :** यमुना नगर के लालापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अमिलिया तरहार गांव में मोहर्रम जुलूस के दौरान रास्ते को लेकर विवाद हो गया। विवाद के बाद घर में घुसकर एक युवक की पिटाई कर दी गई। इतना ही नहीं घर में घुसकर पिता और अधिवक्ता बहन पर भी हमला कर तोड़फोड़ किया गया। बाद में ग्रामीण जुटे और दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। सूचना पाकर कई थाना की फोर्स वहां पहुंच गई और स्थिति पर नियंत्रण किया।

लालापुर के अमिलिया तरहार में बुधवार को ताजिया निकाला जा रहा था। रास्ते में अवधेश द्विवेदी का मकान पड़ता है। जिसके पास उन्होंने दीवार बना रखी है। दीवार पर बैठकर ताजिया कुछ लोग देख रहे थे। इस पर अवधेश के पुत्र शिवम ने मना किया तो वह विवाद करने लगे। आरोप है कि इसी बीच ताजिया के जुलूस में शामिल लोगों ने उसकी पिटाई शुरू कर दी। यह देखकर उसका भाई पहुंचा तो उसको भी मारा पीटा गया। इतना ही नहीं वह लोग अवधेश के घर में बड़ी संख्या में घुस गए और तोड़फोड़ करने के साथ मारपीट करने लगे। रॉड से अवधेश के सिर पर भी प्रहार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। इसका विरोध करने पर अवधेश की बेटी राज द्विवेदी (24) पर भी हमला किया गया। राज द्विवेदी इलाहाबाद हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करती हैं।

घटना के बाद गांव वालों की भीड़ जुट गई और दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। एक दिन पहले भी अल्पसंख्यकों ने पीपल का पेड़ काट दिया था। जिसको लेकर विवाद हो गया था। बुधवार को भी दिवार पर बैठकर देखने को लेकर विवाद हो गया था। सूचना पाकर बड़ी संख्या में फोर्स गांव में पहुंच गई है। गांव में तनाव व्याप्त हो गया है। तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए। भुक्तभोगी की तहरीर पर पुलिस ने आधा दर्जन एवं अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया। पुलिस ने एक को उठा भी लिया है।

> ताज़िया उठाने के बाद दीवार पर बैठकर देखने को लेकर विवाद हुआ है। एक दिन पहले भी पीपल का पेड़ काटने को लेकर विवाद हुआ था। मामले में 6 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। एक युवक क़ी गिरफ्तारी हुई है। अन्य क़ी गिरफ्तारी के लिए टीम बना दी गई है। जल्दी ही गिरफ्तारी क़ी जाएगी। घायलो को इलाज के लिए शंकरगढ़ सीएचसी भेजा गया है।
>
> –श्रद्धा नरेंद्र पांडेय, डीसीपी, गंगानगर

## सीवर निर्माण में लापरवाही से घर गिरने के कगार पर, लगाई गुहार

**जौनपुर, अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला अजमेरी निवासी रविकान्त जायसवाल ने सीवर निर्माण में लापरवाही को लेकर नगर पालिका को जिम्मेदार बताया। साथ ही आरोप लगाया कि विगत एक सप्ताह से लगातार दिन में बारिश होने और बीते 12 जुलाई को बारिश होने के बाद घर के गेट के सामने सीवर निर्माण का कार्य पूर्ण न होने से बारिश का पानी लगातार मिट्टी में इकट्ठा होने व नाली की सफाई न होने से घर से सटी नाली जमीन सहित नीचे धंस गयी। इससे वहां लगभग 7 फिट गहरा व 5 फिट चौड़ा गड्ढा हो गया जिससे नाली व बारिश का पानी मकान की नींव में भरने लगा है। इसकी सूचना तत्काल नगर पालिका, जल निगम व सीवर निर्माण का कार्य कर रही कार्यदायी संस्था के ठेकेदार को दी गयी किन्तु आपसी सामंजस्य से कोई भी अपनी जिम्मेदारी न लेते हुए एक–दूसरे के ऊपर आरोप—प्रत्यारोप लगाकर धंसी नाली व जमीन की मरम्मत का कार्य नहीं करा रहे हैं। समय बीतने के साथ मकान की नींव में बारिश व नाली का पानी भरता जा रहा है जिससे परिवार को जान–माल का खतरा लगातार बना हुआ है। शिकायतकर्ता ने उपरोक्त प्रकरण का संज्ञान लेकर तत्काल उचित व प्रभावी कार्यवाही करने का आदेश देने की मांग किया जिससे उक्त मकान में रहने वालों की जानमाल की सुरक्षा हो सके।

## स्ट्रीट लाइट के खंभे में उतरे करंट से युवक की मौत

**पट्टी, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** स्ट्रीट लाइट पोल में उतर रहे करंट से पट्टी के एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जिससे घर वालों में मातम छा गया। स्थानीय लोगों की माने तो पट्टी के मौर्य नगर निवासी राजेंद्र प्रसाद मौर्य के 25 वर्षीय पुत्र सुमित मौर्य का दिमागी संतुलन ठीक नहीं था। मौर्य नगर में ही वन विभाग द्वारा स्ट्रीट लाइट के पोल लगाए गए हैं। इसी स्ट्रीट लाइट के पोल में कुछ दिनों से करंट उतर रहा था। इसकी शिकायत भी स्थानीय लोगों ने की थी। उसकी मरम्मत भी की जा रही थी। लेकिन पोल में करंट उतरना बंद नहीं हुआ था। बुधवार शाम करीब पांच बजे सुमित टहलते हुए वहां पहुंच गया। जैसे ही उसने विद्युत पोल को छुआ, वह करंट की चपेट में आ गया।

# डीएलसी ने दी गलत रिपोर्ट, आक्रोश

संवाददाता, नैनी, प्रयागराज

- श्रमिक बस्ती की भूमि व भवन पीएसी को दिए जाने की निंदा
- जिलाधिकारी ने उपश्रम आयुक्त से जानकारी मांगी

**अमृत विचार।** श्रमिक बस्ती समिति द्वारा जिलाधिकारी को पत्र भेजा गया। पत्र के संदर्भ में जिलाधिकारी ने उपश्रम आयुक्त से जानकारी मांगी। जिलाधिकारी को डीएलसी द्वारा गलत जानकारी दिए जाने से श्रमिक बस्ती, नैनी के मजदूरों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

शासन की अनुमति के बिना श्रम विभाग की भूमि एवं भवन पीएसी को दिए जाने की निंदा करते हुए श्रमिक बस्ती समिति के महासचिव विनय मिश्र ने केंद्र सरकार के आदेशानुसार अन्य राज्यों की तरह नैनी, यूपी में भी श्रमिक बस्तियों के आवासों का मालिकाना अधिकार देने तथा श्रमिक बस्ती नैनी से पीएसी को हटाए जाने की मांग की है। श्रमिक बस्ती समिति के महासचिव विनय मिश्र ने बताया है कि पिछले दिनों समिति के द्वारा जिलाधिकारी प्रयागराज को श्रमिक बस्ती नैनी के आवासों का मालिकाना अधिकार दिए जाने तथा अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु पत्र भेजा गया था।

उक्त पत्र के संदर्भ में उप श्रम आयुक्त प्रयागराज ने जिलाधिकारी को बताया है कि श्रमिक बस्ती की दशमलव 7582 हेक्टेयर जमीन गत 30 मार्च 2021 को पीएसी को दी गई है। इसके पहले 6.580 हेक्टेयर भूमि पीएसी को दी जा चुकी है। कुल 7.3382 भूमि श्रम विभाग से पीएसी को लीज टोकन मनी पर दिए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। उपश्रम आयुक्त द्वारा जिलाधिकारी को दी गई। इस जानकारी के बारे में विनय मिश्र का कहना है कि उपश्रम आयुक्त द्वारा जिलाधिकारी को गलत जानकारी दी गई है। उन्हें भ्रमित किया गया है। मनगढ़ंत तथ्य प्रस्तुत किए गए हैं।

उन्होंने कहा है कि पीएसी को जमीन नहीं दी गई है, बल्कि कॉलोनी के 300 मकान, राजकीय श्रम हितकारी केंद्र का बहुत बड़ा भवन एवं भूमि, बच्चों के खेलने के पार्क एवं स्कूल खेल के मैदान पीएसी को दिए गए हैं।

# गर्भवती की इलाज के दौरान मौत, लापरवाही का आरोप

संवाददाता, बारा/नैनी

- अंतिम संस्कार के बाद परिजनों ने किया हंगामा

**अमृत विचार:** प्रसव के दौरान महिला की अस्पताल में सोमवार मंगलवार की दर्मियानी रात मौत हो गयी। जिसके बाद घरवालो ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरु कर दिया। मंगलवार को मृतका का परिजनो ने अंतिम संस्कार कर दिया। तीसरे दिन बुधवार को परिजन फिर गन्ने अस्पताल पहुंचे और डाक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरु कर दिया। सूचना पर पुलिस पहुंची और किसी तरह से हंगामे को शान्त करा दिया।

आराधना यादव उर्फ फोटो 27 वर्ष पुत्री इन्द्र जीत यादव निवासी बैरबना सुरवल चंदेल का विवाह शुभम यादव निवासी गौहनिया के साथ हुआ था। आराधना को डिलेवरी के लिए घरवाले पहले पीएचसी नारीबारी में ले गये। जहां से हालत गंभीर होने पर गन्ने स्थित एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। गम्भीर हालत देख कर वहां से डॉक्टर ने एम्बुलेंस से जय मां शारदा हॉस्पिटल बैरहना भेज दिया। जहां डॉक्टरों ने महिला को भर्ती कर लिया। इस दौरान इलाज के वक्त महिला की मौत हो गई।

## सार-संक्षेप

### एसडीएम ने गुरु पूर्णिमा की तैयारी का लिया जायजा

**हलिया (मिर्जापुर), अमृत विचार।** क्षेत्र के औरा स्थित परमहंस आश्रम पहुंचकर मंगलवार की देर शाम एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र व सीओ लालगंज अमर बहादुर ने गुरु पूर्णिमा के तैयारियों का जायजा लिया। आश्रम में गुरु पूर्णिमा पर हजारों की संख्या में भक्तों के आने की संभावना है। आश्रम के अंदर से लेकर बाहर तक भक्तों की भीड़ के मद्देनजर तैयारियां की जा रही हैं। गुरु पूर्णिमा पर हजारों भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जगह–जगह पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जायेगी। एसडीएम व सीओ ने आश्रम के अंदर बाहर निरीक्षण कर ड्यूटी प्वाइंट को चिन्हित किया है, जिससे आश्रम में किसी भी प्रकार की भक्तों को दिक्कत नहीं होने पाये। एसडीएम ने आश्रम के संत तुलसीदास महाराज से गुरु पूर्णिमा के तैयारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त किया। इस दौरान सीओ लालगंज अमर बहादुर,चैकी प्रभारी मतवार रविप्रकाश,हेड कांस्टेबल राम अंजोर सरोज, जयप्रकाश यादव, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में नर्तकी की मौत

**हलिया (मिर्जापुर), अमृत विचार।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के ड्रमंडगंज बाजार में मध्य प्रदेश के रीवा जिले के गूढ़ थाना क्षेत्र के बहिवार गांव निवासी 25 वर्षीया नर्तकी सुषमा साकेत की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर पुलिस तथा फोरेंसिक टीम ने घटना की जांच पड़ताल करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के महोगढ़ी गांव निवासी राकेश चौधरी धरकार का पुत्र मनीष आर्केस्ट्रा में नाचने का कार्य करता है। चार माह पूर्व मध्य प्रदेश निवासी नर्तकी सुषमा साकेत से आर्केस्ट्रा में संपर्क हुआ। जहां दोनों एक दूसरे से प्रेम करने लगे। नर्तकी सुषमा क्षेत्र के रतेह चौराहा पर किराए का मकान लेकर रहती थी। मंगलवार को नर्तकी के प्रेमी मनीष ने ड्रमंडगंज बाजार निवासी महेश केसरी के मकान में किराए का कमरा लिया। देर शाम मनीष सब्जी लेने के बाद कमरे पर आया तो सुषमा का शव दुपट्टे के सहारे फंदे से लटका मिला। नर्तकी की मां लीलावती ने बताया कि चार वर्ष पूर्व बेटी सुषमा रीवा जिले के डिहिया खिरावा निवासी अपने प्रेमी शुभम के साथ रहने लगी और बेटे को जन्म दिया। कुछ दिनों बाद शुभम से अनबन होने पर बेटी आर्केस्ट्रा में नाचने का कार्य कर अपना तथा अपने तीन वर्षीय पुत्र शिव का गुजारा करने लगी। वहीं नर्तकी ने कमरे के जिस खिड़की में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर जान दी है, उसकी उंचाई करीब पांच फीट है। जिसे लेकर स्थानीय लोगों में तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। पुलिस नर्तकी के प्रेमी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### पति से विवाद के बाद महिला ने किया सिंदूर का सेवन

**हलिया (मिर्जापुर), अमृत विचार।** हलिया थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव निवासी आशीष कुमार की 20 वर्षीय पत्नी कंचन ने बुधवार की सुबह पति से किसी बात को लेकर विवाद करने के बाद घर में रखे सिंदूर का सेवन कर लिया। जिससे कुछ देर बाद महिला की हालत बिगड़ने पर महिला के परिजनों द्वारा उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये। जहां पर चिकित्सक रीना पटेल द्वारा तत्काल महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया है। उपचार के बाद महिला की हालत में सुधार होने पर उपचार किया जा रहा है।



पौधा रोपित करते जौनपुर के जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़। अमृत विचार

### जिलाधिकारी ने किया पौधरोपण, दिया संदेश

**जौनपुर, अमृत विचार।** प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक वृक्ष मां के नाम पौधरोपण कार्यक्रम में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ एवं मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम द्वारा कलेक्ट्रेट प्रांगण में मौलसरी व महोगनी के पौधे रोपित किये गये। इस दौरान प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, प्रवीन खरे व उप प्रभागीय वनाधिकारी, क्षेत्रीय वनाधिकारी, जौनपुर व अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। पौधरोपण पश्चात उपस्थित लोगों व जनमानस से मां के नाम एक पौधा रोपित करने का आह्वान किया गया। जिलाधिकारी पौधरोपण को जन आन्दोलन के रूप में मनाने की अपील की ।

### वृद्धाश्रम व अनाथालय स्थल पर किया पौधरोपण

**जौनपुर, अमृत विचार।** नगर के सैदनपुर में निर्माणाधीन धर्मराजी देवी वृद्धाश्रम एवं अनाथालय स्थल पर कल्याणी जन सेवा समिति के सहयोग से वृहद पौधरोपण कार्यक्रम हुआ, जिसकी मुख्य अतिथि जिला उद्यान अधिकारी डॉ. सीमा सिंह राणा उपस्थित रहीं। कल्याणी जन सेवा समिति द्वारा आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्था द्वारा वृद्ध, विधवा, दिव्यांगों एवं अनाथों के उत्थान के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों के साथ पर्यावरण संरक्षण हेतु समय–समय पर वृहद पौधरोपण कार्यक्रम किया जा रहा है, जो अत्यंत ही सराहनीय है। इस अवसर पर संस्थापक आसरा द होप के सिराज, नेकी घर से सर्वेश मौर्य, अशोक राव, सभाजीत यादव, रामजीत पांडेय, अनिल पांडेय, ध्यानचन्द प्रजापति, घनश्याम मौर्य, रविंद्र मौर्य, जमुना प्रसाद मौर्य, विनोद मौर्य, राकेश उपाध्याय, आलोक यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# हिंदुत्व के लिए लड़ाई जारी रखेंगे : उदय

संवाददाता, कुंडा, प्रतापगढ़

- राजा भैया के पिता ने कहा, भाजपा की सरकार में हिंदुओं की नहीं हो रही सुनवाई

**अमृत विचार :** भदरी कोठी में हाउस अरेस्ट किए गए जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजाभैया के पिता उदय प्रताप सिंह ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत का वीडियो जारी कर प्रशासन पर हिंदुओं का दमन करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि किसी का साथ मिले या न मिले वह हिंदुत्व के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। कहा कि शेखपुर में जिस फाटक को लेकर विवाद चल रहा है, उसको हटाने के बाद कुछ दूर पर दूसरा फाटक लगा दिया गया। उदय प्रताप ने कहा कि वह प्रशासन के रवैये के खिलाफ धरने पर बैठने जा रहे थे।




उदय प्रताप सिंह के समर्थन में राजा भैया की पत्नी भानवी द्वारा एक्स पर की गई पोस्ट।

## सड़क हादसे में डीसीएम चालक की मौत, दो घायल

**हलिया (मिर्जापुर), अमृत विचार।** लालगंज थाना क्षेत्र के मिर्जापुर रींवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 चेरुईराम गांव के पास बुधवार की सुबह छह बजे डीसीएम व ट्रक में टक्कर हो गई। हादसे में डीसीएम चालक की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए मंडलीय चिकित्सालय में भर्ती कराया है। लालगंज थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश के विदिशा निवासी 35 वर्षीय आबिद खान डीसीएम चालक था, साथ में उसका छोटा भाई 32 वर्षीय साबिद खान खलासी काम करता था। डीसीएम चालक मिर्जापुर से डीसीएम लेकर मध्य प्रदेश जा रहा था। जैसे ही चेरुईराम गांव क्षेत्र में पहुंचा कि चालक को झपकी आ जाने आ जाने से हादसा हो गया।

# कर्बला में दफन किए गए ताजिये




ताजिया जुलूस निकलने के दौरान सुरक्षा को लेकर तैनात पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**हलिया (मिर्जापुर ), अमृत विचार।** स्थानीय थाना क्षेत्र में बुधवार को 16 स्थानों पर ताजिया तीन बजे दिन चौक से मस्जिद होते हुए करबला के लिये रवाना हुए। इसके पूर्व मान्यता के अनुसार खिचड़ा आदि का चढ़ावा चढ़ाया गया। रास्ते में लोग गोहार, लाठी आदि खेलों का प्रदर्शन करते हुए करबला पहुंचे। क्षेत्र के हलिया, महुगढ़ छतरिहा, सिकटा, सोनगढा, राजपुर, खम्हरिया कला, पिपरा, मनिगढा आदि सहित 16 गांवों की ताजिया निकाल कर शांति पूर्ण ढंग से त्यौहार मनाया गया।

## बुरा हाल

### मौजूदा समय में मात्र एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के भरोसे विभाग

# सूर्य घर योजना पर लगा ग्रहण

संवाददाता, जौनपुर

**अमृत विचार :** जिले में प्रधानमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर मौजूदा समय में पूरी तरह से ग्रहण लगा हुआ दिखाई पड़ रहा है। इस योजना को संचालित करने वाला विभाग मौजूदा समय में मात्र एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के भरोसे हो गया है। जिसके कारण यह जनहित व आम उपयोगी वाली योजना पर काली छाया पड़ी हुई है।

मालूम हो कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र में चुनाव प्रचार के दरम्यान अपने भाषणों में दावा करते रहे कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से अब हर घर को बिजली मुफ्त मिलेगी ही साथ अधिक बिजली होने पर उसका भुगतान भी ग्राहकों को दिया जायेगा। सरकार गठन होने के बाद उपभोक्ता इस योजना का लाभ लेने के लिए विकास भवन के दूसरे तल पर स्थित यूपी नेडा विभाग जा रहे लेकिन इस विभाग में अधिकारी कर्मचारी के न रहने से लौट रहे हैं।

दरअसल इस नेडा अधिकारी प्रेम प्रकाश सिंह जून में सेवानिवृत्त हो गये, इस विभाग में एक मात्र बचे बाबू अखिलेश सिंह जौनपुर, वाराणसी और वाराणसी जिले का एक साथ कार्य देख रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उन्हे अगले दो माह तक वाराणसी कार्यालय का पूरा कामकाज निपटाने के लिए आदेशित किया गया है, जिसके कारण वे जौनपुर ऑफिस नहीं आने वाले हैं। ऐसे में कार्यालय में मात्र एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मौजूद है। यहां आने वाले उपभोक्ताओं को वह मुंहजुबानी योजनाओं की जानकारी देते हुए ऑनलाइन आवेदन करने को कह रहा है। लेकिन योजनाओं के बारे में विस्तार से समझा नहीं पाता है।

ऐसे में भारत सरकार की इस योजना का लाभ पाने के लिए जिले की जनता को फिलहाल अभी कुछ दिन और इंतजार करना पड़ सकता है।

## गैस एजेंसी से 56 सिलेंडर चोरी

**गौरा, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** फतनपुर थाना क्षेत्र के सुरवां मिश्रपुर निवासी सीता देवी पत्नी रमाकांत दुबे ने गांव में ही स्थित गांधी बाजार में अन्नपूर्णा इंडेन ग्रामीण वितरक एजेंसी का संचालन करती हैं। उन्होंने बताया कि रात में चौकीदारी के लिए गांव के ही एक व्यक्ति को नियुक्त किया हुआ है। मंगलवार की शाम क्लोजिंग के समय गिनती हुई तो 299 सिलेंडर खाली रखे गए थे। बुधवार सुबह गैस एजेंसी खोलने गए तो मेन गेट का ताला अंदर से बंद था। किसी तरह दीवार फांदकर गेट खोला गया। अंदर जाने पर मिलान करने के बाद कुल सिलेंडर में 56 गायब थे। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

# डूबने से किशोर की मौत

संवाददाता, केराकत, जौनपुर

- शौच के लिए तालाब के किनारे गया था किशोर, पैर फिसलने से हुआ हादसा

**अमृत विचार।** स्थानीय क्षेत्र के ग्राम सेनापुर दाऊदपुर दलित बस्ती में बुधवार को पूर्वान्ह लगभग साढ़े 11 बजे तालाब में शौच के लिये गये दो सौतेले भाइयों में एक की तालाब में डूबने से मौत हो गयी, जिसके बाद परिजनों समेत गांव में मातम फैल गया।

गौरतलब है कि पप्पू मिस्त्री ने दो विवाह किया है। पहली पत्नी से धर्मा देवी से चार पुत्र आशीष, रामावतार, अभिषेक, विवेक कुमार तथा दूसरी पत्नी रीता देवी से आदित्य कुमार, दो बहन ख़ुशी, मुस्कान है। आदित्य के मुताबिक शौच के लिये ज़ब विवेक तालाब किनारे गया तो पैर फिसलकर गहरे पानी में चला गया। गहरे पानी में विवेक डूबते देख सौतेला भाई आदित्य तालाब में छलांग लगाकर गहरे पानी से भाई को बचाने का काफी प्रयास किया, परन्तु वह बचाने में असफल रहा। अंततः विवेक गहरे पानी में डूब गया। वहीं मौके पर धान की रोपाई कर रहे मजदूरों ने दौड़कर आदित्य को गहरे पानी से बाहर निकाला। घटना की जानकारी होने पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और गोताखोर को बुलाकर शव को लगभग 3 घंटे बाद बरामद कराया।

# या हुसैन अलविदा की सदाओं से गूंजा मंजर

## कर्बला में सुपुर्दे खाक किए गए ताजिये, जगह-जगह निकाला गया जुलूस, अंजुमनों ने किया मातम

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कर्बला के मंजर की याद में बुधवार को दसवीं मोहर्रम को जिले भर में जुलूस निकाले गए। ताजियों को कर्बला तक ले जाया गया। इस दौरान नौहा मातम करते हुए अंजुमन के लोग साथ चल रहे थे। शाम को गमगीन माहौल में ताजिया को सुपुर्दे खाक किया गया।

इसके पहले नौ मोहर्रम को हुसैनिया बादल खां की मजलिस को मौलाना सैयद आमिर काजमी ने खिताब किया। उन्होंने कहा कि जब हुसैन के सारे साथी शहीद हो गये तो हुसैन ने चारों तरफ देखा। उन्होंने आवाज दी ऐ मेरे जानिसारों, क्या अपने मौला को रुखसत नहीं करोगे। जब कोई न रहा और खैमे से हुसैन रुखसत होने लगे तो खैमे में कोहराम मच गया। हुसैन की बहन जैनब ने हुसैन को घोड़े पर सवार कराया। हुसैन ने यजीदी फौज से कहा अगर तुम अब भी बाज आ जाओ और हमारी बात मान लो तो हुसैन तुम्हें माफ कर देगा। लेकिन जब यजीदी फौज न मानी तो हुसैन ने हमला करना शुरू किया। यजीदी फौज हथियार छोड़ कर भागने लगी। कहा हुसैन मैं अमन चाहता हूं। यजीदी फौज ने हथियार डाल दिया। इतने में आवाज आयी ए हुसैन जंग रोक लो। इसको सुनकर हुसैन ने अपनी तलवार रोक ली। हुसैन पर चारों तरफ से हमले होने लगे। जख्मों से चूर होकर हुसैन घोड़े से जमीन पर आ गए। यजीदी फौज का कमाण्डर शिम्र आगे बढ़ा। उसने हुसैन के सिर को काट लिया खैमे में इसकी खबर मिलते ही कोहराम मच गया। इसके बाद जुलूस शबे आसूर निकाला गया और रात भर सभी अंजुमनों ने नौहा मातम किया।

सुबह सभी इमामबाड़ों में अलविदाई नौहा पढ़ा गया। हवाई अड्डे पर आमाले आशूरा करने के बाद अमहट के सभी इमाम बाड़ो से ताजिया का जुलूस निकाला गया। अमहट चौराहे पर सबसे आगे अंजुमन जीनतुल अजा, कदीम जीनतुल अजा, बहिश्ती जीनतुल अजा, रजिस्टर्ड अलीगढ़ असगरिया, कदीम पंजतनी तुराबखानी, असगरिया गोराबारिक, कमरबनी हाशिम नौहा मातम करते हुए अमहट कर्बला पहुंची। इसके अलावा सभी शिया इलाकों अमहट गोराबारिक, तुराबखानी, अलीगढ़, अलीनगर, उँचवा, मेड़ईखां का पुरवा, हसनपुर, मनियारपुर, जूडूपुर, प्रतापपुर, मनियारी, भाई, पीथापुर, देहली मुबारकपुर, लौहरदक्षिण, ताजखानपुर, बहादुरपुर, अफलेपुर, उसरा, खैराबाद, शाहपुर, लहुरेबंधुआ सरैया, सुरौली, हयातनगर, कोटवा, मूंगर, बेलहरी, सैदपुर, चीनीमिल, पियारेपुर, छतौना, चुनहा, करौदिया, सजैया माल्हा, सैदखानपुर, लुसहा, कूरेभार, वलीपुर, कारीभीट कादीपुर, धौरहरा, इसौली, लोकनाथपुर से ताजिया का जुलूस उठाया गया और करबला में सिपुर्दे खाक किया गया। यह जानकारी हुसैनी शिया वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष हैदर अब्बास खां ने दी है।



अमहट में निकाले गए जुलूम में अपने अपने अलम के साथ शामिल अंजुमनें।



शहर के बाधमंडी के पास जंजीर से मातम करते युवा। अमृत विचार

### जंजीर का मातम देख खड़े हो गए रोंगटे

**सुलतानपुर :** नगर के खैराबाद से बुधवार को दसवीं मोहर्रम का जुलूस बरामद हुआ। इमाम बाड़ा अहमद हुसैन साहब मरहूम से जुलूस बरामद हुआ जिसकी मजलिस को मौलाना असगर नकी ने सम्बोधित किया। उन्होंने बताया कि दस मोहर्रम सन 61 हिजरी को इमाम हुसैन के साथ 72 कुर्बानिया हुईं। सबसे आखिर में खुद इमाम हुसैन कुरबानी देने के लिए आए। जब वे खेमे से मैदान के लिए निकल रहे थे तो उनकी जुदाई पर खेमे में मौजूद महिलाओं और बच्चों में कोहराम मच गया। उन्होंने सबको सांत्वना दिया और मैदाने करबला में तीन दिन की भूख प्यास में वो जंग किया कि यजीदी फौज रहम की भीख मांगने लगी। इस पर इमाम हुसैन ने तलवार रख लिया तो यजीदियों ने उन पर हमला बोल दिया। तलवार, नेजा, पत्थर और तीर की उन पर बारिश की। अंत में खंजर से गला काटकर उन्हें शहीद किया। इसी की याद में अंजुमन गुंचए मजलूमिया ने नौहा मातम किया। जुलूस शिया मस्जिद, अन्नू चौराहा, बाधमंडी, दरियापुर तिराहा होते घसीगंज कर्बला में शाम को समाप्त हुआ। बांध मंडी चौराहे पर जंजीर का मातम भी किया गया। इस अवसर पर हाजी मुजाहिद अकबर, शाहिद हुसैन, अनवार हैदर, रफअत हुसैन, कल्बे हसन, जियाउल हसनैन आदि मौजूद रहे। ये जानकारी अजहर अब्बास ने दी।



दूबेपुर ब्लाक के भाईं में निकले जुलूस के दौरान नौहा मातम करते युवा। अमृत विचार

### कर्बला में सुपुर्दे खाक की गईं ताजिया

**धम्मौर :** दसवीं मोहर्रम पर सज्जादिया इमामबाड़ा व सजरे अब्बास से जुलूस शान से निकला। जुलूस भाई स्थित हुसनैय्या इमामबाड़ा पर पहुंचा। वहां लोगों ने फातिहा पढ़ी। इसके बाद जुलूस बाज़ार से मुड़ा। जुलूस के सबसे आगे सज्जादिया इमामबाड़ा का परचम उसके पीछे पैदल सवार हाथों में भाला लिए सिपाही, दस्ता और उनके पीछे निजी अंगरक्षक चल रहे थे। भाईं स्थित कर्बला में सुपुर्दे खाक हुईं ताजिया। जुलूस में सोने-चांदी के अलम भी आकर्षण के केंद्र रहे। जुलूस में अतहर हुसैन, जहीर मियां, अबू मोहम्मद, नज्जू मियां, हैदर हुसैन, अजादार हुसैन, रेहान जैदी आदि की विशेष भागीदारी रही।

## एक नजर

### पिता की तहरीर पर चालक के खिलाफ केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। देवरिया जनपद के भलुअनी थाने के जसर मानिक गांव के वैभव सिंह 25 जून को कादीपुर से सुलतानपुर की तरफ जा रहे थे। वे जैसे ही पदारथपुर गांव के संस्कार ढाबे के पास पहुंचे तभी सुलतानपुर की तरफ से आ रही कार से दुर्घटनाग्रस्त हो गए। उनका लखनऊ में उपचार चल रहा है। घायल के पिता राजू सिंह की तहरीर पर बुधवार को कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

### समन्वय मिलन के समर्पण कार्यक्रम 22 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से समन्वय मिलन के समर्पण कार्यक्रम (गुरुपूजन) का आयोजन 22 जुलाई को दरियापुर स्थित एक मैरिज लान में आयोजित किया जाएगा। यहां भगवा ध्वज के समक्ष उपस्थित होकर श्रद्धा, भक्ति के साथ समर्पण कराया जाएगा।

### धमकी देने के मामले में नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने जान से मारने की धमकी दिए जाने के मामले में नौ लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के भदैया गांव के निवासी दिनेश का आरोप है कि विपक्षीगण रास्ते के विवाद को लेकर आए दिन गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी देते हैं। उन्होंने आशंका जताई है कि किसी भी दिन विपक्षी उनके साथ कोई घटना घटित कर सकते है। बुधवार को पुलिस ने गांव के ही रामेश्वर, सुदामा, राजेश, कमला, बबीता, देवसरन, रामसरन, सुबरना देवी एवम रवि के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पत्नी को चाकू मारकर किया लहूलुहान, रेफर

बल्दीराय, सुलतानपुर

**वारदात**

▸▸ हलियापुर थाना क्षेत्र के बाबागंज चौराहे पर हुई वारदात

**अमृत विचारः** हलियापुर थाना क्षेत्र के बाबागंज चौराहा पर पति ने पत्नी को चाकू से लहूलुहान कर दिया। वारदात के बाद वह मौके से फरार हो गया। पत्नी को गंभीर हालत में सौ शैय्या पिठला कुमारगंज ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कालेज अयोध्या दर्शननगर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है।

बाबागंज चौराहा से गौहनिया मजरे हलियापुर सड़क पर साहब सरन यादव पुत्र राम लखन यादव निवासी पूरे झूरहू मजरे हलियापुर के कमरे में किराए पर रह रहे पति-पत्नी में मंगलवार रात किसी बात को लेकर आपस में विवाद हो गया। आरोप है कि इससे गुस्साए पति रामपदारथ निवासी ग्राम जेठौली, थाना पटरंगा जिला अयोध्या ने पत्नी करिश्मा मौर्या निवासी परसागनापुर (परशुरामपुर) थाना पैकोलिया, जनपद बस्ती को चाकू से मारकर घायल करने के बाद रात में ही फरार हो गया। सुबह वहीं रहने वाले दूसरे किरायेदार जागे तो घटना की जानकारी हुई। सूचना देकर मकान मालिक को और पुलिस को बुलाया गया। घायल महिला को मकान मालिक ने एम्बुलेंस से सौ शैय्या अस्पताल पिठला कुमारगंज पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए अयोध्या जिले के दर्शन नगर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। वहां घायल करिश्मा की हालत गंभीर बनी हुई है।

### दोनों ने किया था प्रेम विवाह

घटना के बाद करिश्मा को देखने अस्पताल पहुंचे उसके माता-पिता ने बताया कि कुछ महीनों पहले ही दोनों ने प्रेम विवाह किया था। उसके बाद घर से बिना बताए भाग आए थे। दोनों में अनबन चल रही थी। दहेज उत्पीड़न का भी मामला सामने आया था। इन दोनों के एक बच्चा भी हुआ था। उसकी कुछ दिनों पहले मौत हो गई थी। थाना अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया की अभी तक तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### लो वोल्टेज व कटौती से परेशान हैं मुड़िला के लोग

**मुड़िलाडीह, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मुड़िला बाजार में कम क्षमता के ट्रांसफार्मर लगने एवं जर्जर तारों की वजह से उपभोक्ता लो वोल्टेज के शिकार हो रहे हैं। लो वोल्टेज के चलते किसानों के नलकूप नहीं चल पा रही हैं। वहीं पर व्यापारियों का व्यापार चौपट हो रहा है। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शिवम अग्रहरि ने बताया कि बाजार में मुख्य चौक से अखंड नगर मार्ग पर लगभग सौ उपभोक्ताओं के कनेक्शन है। जबकि, सोलह केवीए का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। पोलों पर लगे तार भी जर्जर हो गए हैं। वहीं पर बाजार के दोस्तपुर मार्ग पर लगे ट्रांसफार्मर की क्षमता मात्र 25 केवीए की है। जबकि, इस ट्रांसफार्मर से लगभग डेढ़ सौ उपभोक्ताओं के कनेक्शन हैं। पोलों पर लगे तार भी पूरी तरह से जर्जर हो गए हैं। जिससे हमेशा ओवरलोड की समस्या बनी रहती है। लो वोल्टेज के चलते जहां किसानों के नलकूप सुचारू रूप से नहीं चल पा रही हैं। जेई ने कहा कि समस्या का जल्द ही समाधान कराया जाएगा।

# अशोक संयोजक व अजय बने महामंत्री

संवाददाता, सुलतानपुर

● अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल में किया गया मनोनीत

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एक मात्र ऐसा संगठन है जिसमें जनपद के शीर्ष एंव प्रतिष्ठित व्यवसायी जुड़ कर अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला कोर कमेटी की बैठक प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय के कार्यालय पर आहूत की गई।

संगठन को और मजबूती प्रदान करने के लिए वरिष्ठ जिला महामंत्री अम्बरीष मिश्रा के प्रस्ताव वरिष्ठ व्यापारी अशोक कसौधन को जिला संयोजक व अजय गुप्ता को जिला महामंत्री के पद पर जिला प्रभारी प्रवीन्द्र भालोठिया की संस्तुति पर क्षेत्रीय प्रभारी अमर बहादुर सिंह ने अनुमोदन प्रदान किया। प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय ने नव मनोनीत पदाधिकारियों को उनके दायित्व के बारे में सूक्ष्म रूप से जानकारी देते हुए माल्यार्पण कर संगठन में उनका स्वागत किया। यहां नगर अध्यक्ष पारितोष गुप्ता, नगर महामंत्री दीपक जायसवाल, जिला युवा अध्यक्ष आकाश जायसवाल, जिला युवा महामंत्री अंकित अग्रहरि, नगर युवा अध्यक्ष लकी झा आदि मौजूद रहे।



नवनियुक्त अशोक कसौधन को माला पहनाकर किया गया स्वागत। अमृत विचार

# समारोह पूर्वक दी गई संग्रह अनुसेवकों को विदाई

कादीपुर, सुलतानपुर

▸▸ तहसील परिसर में आयोजित किया गया विदाई समारोह

**अमृत विचारः** तहसील अनु सेवक संघ की तरफ से सेवानिवृत्त हुए संग्रह अनुसेवकों का विदाई समारोह आयोजित किया गया।

मंगलवार को देर शाम तहसील परिसर में आयोजित विदाई समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए नायब तहसीलदार कादीपुर अनिल कुमार सिंह ने कहा कि सेवानिवृत हुए अनु सेवकों की कर्तव्य परायणता से हम लोगों को सीख लेनी चाहिए। नायब तहसीलदार ने सेवानिवृत हुए ऋषि देव,जयराम एवं दूधनाथ को माल्यार्पण तथा अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, लेखपाल संघ के अध्यक्ष अमरनाथ सिंह, अमीन संघ के अध्यक्ष राजाराम वर्मा, मनोज कुमार श्रीवास्तव, सुशील कुमार सिंह, दीपक सोनी, राधेश्याम, धनंजय कश्यप, सूर्य लाल यादव, रमेश कुमार, रामनयन सिंह, नरेंद्र बहादुर सिंह सहित अनेक कर्मचारी ने सेवानिवृत्ति हुये कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह का संचालन राजेश प्रजापति ने किया।

### ब्रेन हेमरेज से उप निरीक्षक की मौत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** लंभुआ क्षेत्र के परमानपुर निवासी वीरेंद्र मिश्र का उत्तर प्रदेश पुलिस में वर्ष 1996 में चयन हुआ था। वर्तमान समय में वह बाराबंकी में तैनात थे। परिजनों ने बताया कि दो दिन पहले उन्हें सरकारी आवास पर ही ब्रेन हेमरेज हुआ था, उन्हें लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां बुधवार को उनका निधन हो गया, उनकी उम्र लगभग 53 वर्ष थी। दरोगा की असामयिक निधन पर परमानपुर गांव में मातम छाया हुआ है।


## वर्ग पहेली-134

**बाएं से दाएं**

1. बहुत भारी वस्तु को ऊपर उठाने वाला यंत्र या उपकरण, उत्तंभ, उत्थापक, (क्रेन)।
4. ख़ुशामद, ठकुर-सुहाती।
5. 1. दल, समूह, जत्था 2. गिरोह, टोली 3. वर्ग, श्रेणी 4. अनुचर, सेवक 5. किसी समान उद्देश्य वाले लोगों का समूह 6. शिव के दूत या सेवकों का दल 7. समानता के आधार पर किसी व्यक्ति
6. 1. जिसपर कलंक लगा हो 2. अपयशी, कुख्यात 3. बदनाम 4. कलंकी।
8. 1. किसी भारी वस्तु के गिरने से होने वाली ध्वनि 2. धरती पर दबाव डालकर चलने से पैदा होने वाला शब्द 3. धमाका धड़ाम, धप।
10. एक पेड़ जिसके बीजों से चिरौंजी निकलती है।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. रक्षा, देख-रेख, रख वाली 2. पालन-पोषण।
3. कैंची या सरौते आदि से किसी चीज़ को काटना, काट-छांट करना।
5. 1. झटके से कुछ खा जाना, चटपट निगलना 2. झूठ बोलना।
7. 1. भाड़ा, वह धन जो किसी की कोई वस्तु काम में लाने के बदले उस वस्तु के मालिक को दिया जाए, (रेंट) 2. रेल
9. मद्य, मदिरा।



### वर्ग पहेली -133 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ख | ग | हा | | 2 दे | |
| | | | 3 स | हि | क |
| | 4 अं | गा | र | क | |
| | त | | प | | 5 जो |
| | रा | | 6 ट | के | त |
| 7 झाँ | व | र | | | दा |
| | धि | | 8 व | ज़ी | र |

## सुडोकू-47

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | | 2 | | 5 |
| 9 | | 5 | | | 8 | | 4 | 7 |
| | 2 | | 3 | 6 | | 8 | | |
| 8 | | 6 | | | 4 | | | |
| | 1 | | | | | | 7 | |
| | | | 2 | | | 6 | | 3 |
| | | 7 | | 8 | 1 | | 5 | |
| 4 | 5 | | 6 | | | 1 | | 9 |
| 6 | | 1 | | | 3 | | | |

### सुडोकू -46 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 7 | 1 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 9 | 7 |
| 8 | 3 | 1 | 2 | 9 | 7 | 5 | 6 | 4 |
| 3 | 1 | 8 | 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 2 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 6 | 5 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 | 8 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 3 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 1 | 7 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 |

# तकनीकी शिक्षा में सहायक है टैबलेट : वीरेंद्र

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** टैबलेट, स्मार्टफोन से तकनीकी ज्ञान अर्जित कर बच्चे सफलता का द्वार खोल सकते है। गांव में हर व्यक्ति अपने बच्चों को यह सुविधा प्रदान नहीं कर सकता था। सरकार की यह योजना गांव के अंतिम व्यक्ति के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। यह बातें राज्य सूचना आयुक्त वीरेंद्र सिंह वत्स ने कहीं।

वह बुधवार को रामबरन पीजी कालेज में छात्र-छात्राओं को टैबलेट व स्मार्टफोन वितरित करने आए थे। कहा कि एक क्लिक से छात्र-छात्राएं दुनिया मुट्ठी में कर सकते है, इसका सही उपयोग कर सफलता अर्जित कर सकते हैं। आयोजन में गायक श्रवण सुलतानपुरी ने राष्ट्र भक्ति गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया। डायरेक्टर अमर प्रताप सिंह व प्रशासक संजय सिंह ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने प्रबंधक के 63 में जन्मदिन की बधाई दी। बीए, बीएससी 322 स्मार्टफोन, एमए 18 छात्र-छात्राओं टैबलेट वितरण किया तो चेहरे खिल गए। जयसिंहपुर तहसीलदार घनश्याम भारती ने कहा बच्चे इस टैबलेट व स्मार्टफोन से घर बैठे आय व जाति प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते है। प्रबंधक अजय कुमार ने कहा कि संचार क्रांति का ज्ञान हर व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण हो गया है इसका सही दिशा में उपयोग कर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बने।



राज्य सूचना आयुक्त ने किया आकांक्षा को सम्मानित। अमृत विचार

### स्कूल टॉपर आकांक्षा का किया सम्मान


**करौंदीकला, सुलतानपुर :** राज्य सूचना आयुक्त वीरेंद्र सिंह वत्स ने बुधवार को गोपालपुर सराय ख्वाजा गांव निवासी आकांक्षा पुत्री सुरेश कुमार को हाईस्कूल परीक्षा में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया। सूचना आयुक्त वीरेंद्र सिंह वत्स ने कहा कि विद्यार्थियों को हमेशा अपने पढ़ाई में लगन और मेहनत करनी चाहिए। इस मौके पर उपजिलाधिकारी शिवप्रसाद, थानाध्यक्ष उपेन्द्र प्रताप सिंह, बिजय सिंह, प्रधान शिवप्रकाश सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 जुलाई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 20.44 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- ज्येष्ठा 19 जुलाई 03.25 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष** — आज आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके सहयोगी आपके कामों में पूरा साथ देंगे। आप अपने आस-पास रह रहे लोगों से सावधान रहें।

**वृष** — आज नौकरी में किसी अधीनस्थ से निकटता बढ़ेगी। व्यापार में किए गए परिवर्तन लाभकारी सिद्ध होंगे। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को निवेश करने से अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

**मिथुन** — आज घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आप किसी को बहुत ही सोच विचार कर धन उधार दें। किसी जोखिम पूर्ण कार्य को करने में कामयाब होंगे। राजनीति में आपके कुशल नेतृत्व से महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी।

**कर्क** — आज बहुराष्ट्रीय कंपनीयों में कार्यरत लोगों को अपने उच्चाधिकारियों से निकटता का लाभ मिलेगा। व्यापार में अपनी योजना को विरोधियों को पता न चलने दें अन्यथा योजना में विभिन्न बाधा आ सकती है। वाहन सुख में वृद्धि होगी।

**सिंह** — आज आप धन का कुछ हिस्सा दानपुर के कार्यों में भी लगाएंगे। चुस्ती एवं स्फूर्ति के साथ अपने कार्य को पूरे मनोयोग से ध्यान देना होगा। विदेश यात्रा पर जाना पड़ सकता है। संतान को नई नौकरी की प्राप्ति होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**कन्या** — आज कोर्ट कचहरी के मामले में आपके खिलाफ निर्णय आ सकता है। परिवार में कठोर वाणी का प्रयोग न करें। कार्यक्षेत्र में सरकारी विभाग द्वारा कुछ बाधा उत्पन्न हो सकती है। यदि आपको कोई धन संबंधी समस्या चल रही थी तो वह भी दूर होगी।

**तुला** — आज का दिन मिलाजुला रहेगा। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा की आयोजना हो सकती है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन सहायता प्राप्त होगा। धन प्राप्ति में बाधाएं दूर होंगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा व्यय हो सकता है।

**वृश्चिक** — आज का दिन प्रतिकूल रहेगा। किसी व्यक्ति से व्यर्थ विवाद हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। चिंता तथा तनाव रह सकता है। आय में कमी हो सकती है। लोगों से अधिक अपेक्षा न करें।

**धनु** — आज जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे तथा समस्या बढ़ सकती है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। बाहर जाने की योजना बनेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग कार्य में आसानी देगा। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**मकर** — आज का दिन अधिक सुख एवं उन्नति कारक रहेगा। धार्मिक क्रियाकलापों में अभिरुचि बढ़ सकती है। अपने बॉस से निकटता का लाभ मिलेगा। मजदूर वर्ग को रोजगार प्राप्त होगा। कृषि संबंधी कार्य में आई बाधा सरकारी मदद से दूर होगी।

**कुंभ** — आज ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा। परीक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। राजनीतिक पद एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मशीनरी उद्योग से जुड़े लोगों को अच्छी सफलता मिलेगी। शासन-प्रशासन के कार्य में अधिक व्यवस्था रहेगी।

**मीन** — आज जल्दबाजी से काम में बाधा उत्पन्न होगी। दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। बनते कामों में देरी होगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
चोरी मेरा काम — सुबह : 10.16
मेला — रात : 07.00

**&pictures**
मक्खी — सुबह : 10.24
ये साली आशिकी — रात : 08.00

**Sony Pix**
वाइट हाउस डाउन — सुबह : 10.17
65 — रात : 09.00

**Zee Cinema**
मिली — सुबह : 09.35
स्टेट ऑफ सीज — शाम : 05.49

**Colors Cineplex**
दिल विल प्यार व्यार — सुबह : 11.30
दोस्ताना — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पुत्र – मां मैं भी तालाब में तैरना चाहता हूं।
मां – नहीं ! बेटा डूब जाओगे
पुत्र – लेकिन पिताजी तो घंटे-भर से तालाब में तैर रहे हैं।
मां – बेटा तुम्हारे पापा का बीमा हो चुका है।

चिंटू- आज मैंने एक स्पेशल डिश बनाई है, जिसे खाते ही गर्मी गायब हो जाएगी।
पिंटू- ऐसा क्या बना दिया तुमने यार?
चिंटू- नवरत्न तेल में पकौड़े।

## एक नजर

### ईडी ने वाल्मीकि सहकारी घोटाला में नागेंद्र की पत्नी से पूछताछ की

**बेंगलुरु।** ईडी ने यहां सरकारी स्वामित्व वाले निगम में 187 करोड़ रुपये के घोटाले के संबंध में पूर्व मंत्री बी. नागेंद्र की पत्नी मंजुला से बुधवार को पूछताछ की। ईडी के अधिकारियों ने कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम में कथित वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में पूछताछ के लिए मंजुला को तलब किया था। कांग्रेस के विधायक नागेंद्र पहले ही ईडी की हिरासत में हैं। कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड से जुड़ा कथित अवैध धन हस्तांतरण घोटाला 26 मई को लेखा अधीक्षक चंद्रशेखर पी. के आत्महत्या करने व एक नोट छोड़ने के बाद सामने आया था। सुसाइड नोट में निगम के बैंक खाते से 187 करोड़ रुपये के अनधिकृत हस्तांतरण का खुलासा हुआ था।

### कश्मीर में मुहर्रम जुलूस के दौरान फिलिस्तीनी झंडे, नारे लगाने पर मामला दर्ज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने श्रीनगर में आठवें मुहर्रम जुलूस के दौरान फिलिस्तीन के झंडे और नारे लगाने के आरोप में बुधवार को अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने कहा कि प्रशासन द्वारा मुहर्रम जुलूस के लिए जारी दिशा-निर्देशों का जुलूस में सरासर उल्लंघन किया गया था। यह जुलूस श्रीनगर के मध्य से गुजरा और इसमें मातम मनाने वाले हजारों शिया शामिल हुए थे। जुलूस के दौरान हिजबुल्लाह के झंडे और आपत्तिजनक नारे लगाये गये थे। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वी के बिरदी ने कहा कि कुछ मुद्दे थे जो आठवें मुहर्रम जुलूस के लिए निर्धारित दिशा-निर्देश के अनुसार उनका पालन नहीं किया गया था।

# केंद्र सरकार के रेड राज से निवेश लगातार हो रहे कम : कांग्रेस

## जयराम बोले- नीतियों में छोटे-मोटे फेरबदल की नहीं, उदारता भरे दृष्टिकोण की ज़रूरत

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुस्त निवेश से 10 वर्ष में घाटी आर्थिक विकास की रफ्तार

कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की अस्थिर नीतियों, मित्रवादी पूंजीवाद के बोलबाले और ईडी, सीबीआई एवं आयकर विभाग के 'रेड राज' के कारण पिछले 10 वर्षों से निवेश कम हो रहा है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि भारत को नीतियों में छोटे-मोटे फेरबदल की नहीं, बल्कि उदारता भरे दृष्टिकोण की ज़रूरत है।

रमेश ने कहा कि 2014 के बाद से भारत के तेज़ी से वृद्धि न करने का मुख्य कारण सुस्त निवेश दर है। अस्थिर नीतियां, मित्रवादी पूंजीवाद का बोलबाला और ईडी, सीबीआई एवं आयकर विभाग का रेड राज, इन तीन वजहों से 2014 से निवेश लगातार कम हो रहा है। कम निवेश मध्यम और दीर्घकालिक जीडीपी वृद्धि दर को नीचे खींचता है, जिसके परिणामस्वरूप मजदूरी और उपभोग वृद्धि में गिरावट आती है। रमेश ने दावा किया कि भारत में निजी घरेलू निवेश 2014 से सुस्त है। डॉक्टर मनमोहन सिंह के कार्यकाल में जीडीपी 25-30 प्रतिशत के दायरे में था।

### ध्यान भटकाने की राजनीति बंद करें मोदी: प्रियंका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मुंबई में नौकरी के लिए एकत्र युवाओं की भीड़ वाले वीडियो का हवाला देते हुए कहा कि देश में बेरोजगारी चरम पर है और ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी को ध्यान भटकाने की राजनीति बंद कर युवाओं के बारे में सोचना चाहिए। 16 जुलाई को मुंबई हवाईअड्डे पर एअर इंडिया में अलग-अलग पदों के लिए आवेदन देने बड़ी संख्या में युवा पहुंचे थे। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री जी कुछ दिन पहले मुंबई में कह रहे थे कि हमने करोड़ रोजगार देकर रिकॉर्ड तोड़ डाले। आज उसी मुंबई में कुछ वैकेंसीज के लिए आए बेरोजगारों की अपार भीड़ का वीडियो वायरल है।

# असम : मुठभेड़ में हमार के 3 उग्रवादी मारे गए, कई पुलिसकर्मी भी घायल

सिलचर (असम), एजेंसी

असम के कछार जिले में बुधवार को हुए मुठभेड़ में हमार के कम से कम तीन संदिग्ध उग्रवादी मारे गए और कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने एक्स पर कहा कि सुबह एक अभियान में कछार जिले की पुलिस ने असम और पड़ोसी मणिपुर के हमार के तीन उग्रवादियों को मार गिराया। पुलिस ने दो एके राइफल, एक अन्य राइफल और एक पिस्तौल भी बरामद की है। गुवाहाटी स्थित असम पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी ने कुछ जवानों के घायल होने की पुष्टि की है।

पुलिस ने मंगलवार रात पूर्वी ढोला गंगानगर से 3 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया था। यह जानकारी नहीं दी गई है कि वे किस संगठन के थे। उन्होंने कहा कि पुलिस ने ऑटोरिक्शा बरामद किया जिसका इस्तेमाल उग्रवादियों ने किया था। उसमें से एक एके-47 राइफल, एक पिस्तौल और अन्य हथियार बरामद किए गए। पुलिस की एक टीम अन्य उग्रवादियों की तलाश में आज सुबह तीनों को भवन हिल्स इलाके में लेकर गई। उसी समय मुठभेड़ हुई। एक घंटे से अधिक समय तक हुई मुठभेड़ में तीन उग्रवादी मारे गए, जबकि तीन पुलिसकर्मी भी गोली लगने से घायल हो गए।

### कांकेर में नक्सलियों से मुठभेड़ में दो जवान घायल

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में बुधवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दो जवान घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल एक जवान को इलाज के लिए जिला मुख्यालय एयरलिफ्ट किया गया है। साथ ही एक घायल जवान मोर्चा संभाल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, कांकेर जिले के पखांजूर में पिछले तीन घंटे से पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। इस मुठभेड़ में एक उप निरीक्षक समेत दो जवान घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल उप निरीक्षक को इलाज के लिए जिला मुख्यालय एयरलिफ्ट किया गया है। वहीं दूसरा घायल जवान अब भी मुठभेड़ में मोर्चा संभाल रहा है। मुठभेड़ के स्थान में बैकअप के लिए टीम रवाना हो गई है। इस पूरी घटना की पुष्टि जवानों के वापसी के बाद ही हो पाएगी।

# कर्ज चुका पाने में असमर्थ कर्जदार ने की मुकेश सहनी के पिता की हत्या

दरभंगा, एजेंसी

- पुलिस ने हत्या के आरोप में एक को किया गिरफ्तार

बिहार की दरभंगा ज़िला पुलिस ने विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी के हत्या मामले का खुलासा करते हुए मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

एसएसपी जगुन्नाथ रेड्डी जला रेड्डी ने बताया कि घनश्यामपुर थाना क्षेत्र के जिरात गांव में हुई हत्या की घटना का खुलासा किया गया है और एक अभियुक्त इसी तहां क्षेत्र के अफजला टोला, सुपौल बाजार का रहने वाला काजिम अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। रेड्डी ने बताया कि काजिम ने जीतन सहनी से ब्याज पर कर्ज लिया था, जिसे न चुका पाने के कारण कर्ज के एवज में गिरवी रखी ज़मीन नहीं छुड़ा पा रह था। इसी क्रम में घटना की रात डेढ़ बजे काजिम और उसके साथियों ने सहनी के घर में प्रवेश किया। अभियुक्तों ने जीतन को डराकर जमीन और कर्ज के कागज़ात मांगने लगा लेकिन सहनी ने गाली देना शुरू कर दिया। इस पर काजिम ने सहनी पर चाकू से वार कर हत्या कर दी और भाग निकला।

## ईडी ने जल जीवन मामले में कथित बिचौलिए को किया गिरफ्तार

**जयपुर।** ईडी ने राजस्थान में जल जीवन मिशन योजना को लागू करने में कथित अनियमितताओं से संबंधित धनशोधन जांच के सिलसिले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि कथित बिचौलिए संजय बड़ाया से मंगलवार को एजेंसी कार्यालय में पूछताछ की गई थी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन का उद्देश्य नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है और राजस्थान में इसे राज्य के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। इस मामले में यह चौथी गिरफ्तारी है। एजेंसी इससे पहले तीन लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है जिनमें गणपति ट्यूबवेल कंपनी के मालिक महेश मित्तल, श्याम ट्यूबवेल कंपनी के मालिक पदमचंद जैन और एक अन्य व्यक्ति पीयूष जैन शामिल हैं।

# जवाहर नवोदय विद्यालय के पांच छात्र रैगिंग में निलंबित

शिमला, एजेंसी

- 15 दिनों के लिए किए गए निष्कासित 10वीं के छात्रों की पिटाई का आरोप

शिमला जिले के ठियोग स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के 12वीं कक्षा के करीब 5 छात्रों को रैगिंग के आरोप में 15 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया हैं। स्कूल प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि 13 जुलाई की रात को 5 छात्रों ने एक छात्रवास में दसवीं कक्षा के कुछ छात्रों की इसलिए पिटाई कर दी क्योंकि उन्होंने अपने वरिष्ठजनों के कपड़े धोने से मना कर दिया था।

उन्होंने बताया कि कनिष्ठ छात्रों को मामूली चोटें आई हैं। बाद में एक पीड़ित छात्र ने अपने अभिभावकों को फोन पर घटना के बारे में बताया। पीड़ितों का यह भी आरोप है कि वरिष्ठ छात्र उसने पैसे भी मांगते थे। जेएनवी ठियोग की प्राचार्य संजीता शौनिक ने कहा कि उन्होंने छात्रवास जाकर छात्रों की लड़ाई रोकी। उन्होंने कहा कि दोषी छात्रों के खिलाफ कड़ी कारवाई की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, उसके लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे।

## दिल्ली सरकार पेड़ों को काटने की अनुमति देने का दोष स्वीकारे : कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दक्षिणी रिज के आरक्षित वन क्षेत्र में सड़क बनाने के लिए 422 पेड़ों को काटने की अनुमति देने पर दिल्ली विकास प्राधिकरण को फटकार लगाते हुए कहा कि दिल्ली सरकार ने पर्यावरण के प्रति संवेदनहीनता दिखाई है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि यह एक स्वीकार्य स्थिति है जैसा कि पेड़ अधिकारी के बयान से पता चलता है कि 422 पेड़ों को काटने के लिए अधिकारी ने कोई अनुमति नहीं दी थी। न्यायालय सड़क चौड़ीकरण परियोजना के लिए रिज वन क्षेत्र में 1,100 पेड़ों को काटने के मामले में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते अवमानना कार्यवाही की सुनवाई कर रहा था। पीठ ने 12 जुलाई को दिए आदेश में कहा कि दिल्ली सरकार को 422 पेड़ों को काटने की अनुमति देने का दोष स्वीकार करना चाहिए, दिल्ली सरकार को ऐसी अनुमति देने का कोई वैधानिक अधिकार नहीं है।

# सोने की चोरी के आरोपों पर मंदिर समिति प्रबंधन और शंकराचार्य के समर्थक आमने-सामने

रूद्रप्रयाग, एजेंसी

केदारनाथ मंदिर से सोने की कथित चोरी के आरोपों पर बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति प्रबंधन और ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थक आमने-सामने आ गए हैं। समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने चोरी के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए आरोप लगाने वालों से मामले की जांच की मांग कराने का अनुरोध किया।

अजय ने आरोपों को षड्यंत्र बताते हुए स्पष्ट किया कि दानदाता ने केदारनाथ मंदिर के गर्भगृह को स्वर्णजड़ित करने की इच्छा



- केदारनाथ मंदिर से सोने की 528 प्लेटों के साथ चांदी की 230 प्लेटें गायब

प्रकट की थी। मंदिर समिति की बोर्ड बैठक में प्रस्ताव का परीक्षण कर उन्हें इसकी अनुमति दी गई। समिति अधिनियम-1939 में तय प्रावधानों के अनुरूप ही दानदाता से दान लिया गया और विधिवत प्रदेश शासन से अनुमति ली गई।

ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के केदारनाथ मंदिर में हुई सोने की चोरी की जांच की मांग के समर्थन में केदारनाथ के तीर्थ पुरोहित आ गए हैं। पुरोहितों ने जारी वीडियो संदेश में कहा कि तीर्थ पुरोहित केदारनाथ धाम में चांदी और सोने की परत लगाने का विरोध करते रहे हैं। केदार सभा के पूर्व अध्यक्ष किशन बगवाड़ी ने आरोप लगाया कि गर्भगृह से सोने की 528 प्लेटों के साथ चांदी की 230 प्लेटें गायब हैं। आखिर 230 किलो सोना कहां गया। उन्होंने पूर्व में लगी चांदी के बारे में भी समिति से जवाब मांगा है।

## पंजाब में 7 किलो हेरोइन और 5 पिस्तौल के साथ दो लोग गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने दो संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार कर सात किलो हेरोइन और पांच पिस्तौल बरामद की है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीजीपी गौरव यादव ने एक्स पर कहा, अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने 2 संदिग्धों को गिरफ्तार किया, 7 किलो हेरोइन, 5 पिस्तौल, पांच कारतूस और पांच मैगजीन बरामद की, जिससे तस्करी का नेटवर्क बाधित हुआ।

# फर्जी प्रमाणपत्र पर बर्खास्तगी और हो कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के पूर्व प्रमुख बोले- प्रशिक्षण खर्च और वेतन की होनी चाहिए वसूली

ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर से जुड़े विवाद के बीच लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) के पूर्व प्रमुख संजीव चोपड़ा ने बुधवार को कहा कि जो लोग सिविल सेवाओं में शामिल होने के लिए फर्जी जाति और दिव्यांगता प्रमाण पत्र का उपयोग करते पाए जाते हैं, उन्हें न सिर्फ बर्खास्त किया जाना चाहिए, बल्कि उनसे प्रशिक्षण खर्च और वेतन की वसूली भी की जानी चाहिए।

खेडकर द्वारा अधिकार और विशेषाधिकारों के दुरुपयोग का मामला सामने आने के बाद, सोशल मीडिया पर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों द्वारा फर्जी प्रमाण पत्रों के इस्तेमाल के दावों और प्रतिदावों की भरमार हो गई है। सोशल मीडिया पर लोगों ने कुछ आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के नाम, चित्र और अन्य विवरण साझा करते हुए दावा किया है कि उन्होंने अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए उपलब्ध लाभों का उपयोग करने के लिए फर्जी प्रमाण पत्र का इस्तेमाल किया। चोपड़ा ने कहा, यह व्यवस्था में एक गंभीर रोग है। ऐसा करते हुए जो कोई भी पाया जाता है, वह न सिर्फ एक योग्य उम्मीदवार को वंचित करता है, बल्कि जानबूझकर आपराधिक साजिश में शामिल होता है।

### खेडकर के घर के पास अवैध निर्माण हटाया : अधिकारी

**पुणे।** प्रशिक्षु आईएएस पूजा खेडकर के बंगले के पास अवैध निर्माण को हटाया गया है, नगर निकाय ने उन्हें इस के लिए नोटिस दिया था। अधिकारी ने बताया कि हो सकता है खेडकर परिवार ने कथित अतिक्रमण हटा लिया हो, क्योंकि पुणे नगर निगम की दी समय सीमा अभी समाप्त नहीं हुई है। निगम अधिकारियों ने 13 जुलाई को शहर के बानेर रोड इलाके में स्थित बंगले के बाहर नोटिस चिपकाया था।

## कारोबार/कृषि

### लखनऊ मंडी

**अनाज प्रति कुन्तल** गेहूं (आरआर 21) 2360-2800 गेहूं (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 **चावल प्रति कुन्तल** चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 **दाल दलहन** चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-6200 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूंग खड़ा 10000-10500 मूँग दाल 10500-11000 मूँग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूंगफली का दाना 11000-12000 **तेल तिलहन** अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 **वनस्पति** बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 **आटा मैदा** मैदा 3000-3100 आटा 2700-2900 रवा 3000-3050

###  सर्राफा 

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 74,000 |
| सोना रवा | 73,850 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 92,600 |
| चांदी (999) | 92,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# देश में तेल खली निर्यात 20% बढ़कर 3.35 लाख टन पहुंचा

## डीओसी निर्यात में कमी का कारण सरसों, अरंडी और प्रतिबंध लगना

नई दिल्ली, एजेंसी

सोयाबीन डी-आयल्ड केक (डीओसी) के निर्यात में उछाल के कारण जून में भारत का डीओसी निर्यात 20 प्रतिशत बढ़कर 3,35,196 टन हो गया। पिछले साल इसी महीने में निर्यात 2,80,001 टन का हुआ था। सॉल्वेंट एक्स्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने बुधवार को डीओसी के निर्यात आंकड़े जारी किए।

एसोसिएशन ने कहा कि अप्रैल-जून, 2024 के दौरान डीओसी का कुल निर्यात एक साल पहले की समान अवधि के 12,10,045 टन की तुलना में घटकर 11,02,632 टन रह गया, जिसका मुख्य कारण सरसों डीओसी, अरंडी डीओसी के निर्यात में कमी और निर्यात प्रतिबंध



- चावल भूसी डीओसी की कीमतों में गिरावट की भी संभावना

के कारण पिछले साल सितंबर से चावल भूसी डीओसी (डी-ऑइल राइस ब्रान) का निर्यात नहीं होना है। एसईए ने कहा कि चावल भूसी डीओसी की कीमतें अब निचले स्तर पर हैं और इसके नीचे जाने की भी संभावना है। उन्होंने सरकार से 31 जुलाई, 2024 से आगे प्रतिबंध को नहीं बढ़ाने का आग्रह किया।

### बीते साल स्थिर रहा चाय निर्यात

**कोलकाता।** देश का चाय निर्यात कैलेंडर साल 2023 में 23 करोड़ 16.91 लाख किलो पर स्थिर रहा है। चाय बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार 2022 के दौरान चाय का निर्यात 23 करोड़ 10.8 लाख किलो था। प्रमुख बागान मालिक संगठन भारतीय चाय संघ (आईटीए) के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद भुगतान समस्याओं के कारण ईरान के बाजार में नुकसान ने चाय के समग्र उठाव को प्रभावित किया है। ईरान द्वारा भारतीय चाय का आयात 2019 के 5.4 करोड़ किलो की तुलना में 2023 में 51.6 लाख किलो गिरा था। रूस को भेजी जाने वाली खेप भी यूक्रेन के साथ संघर्ष से प्रभावित हुई। 2023 में उत्तर भारतीय चाय का निर्यात 14.1 करोड़ किलो था, जबकि दक्षिण भारत का निर्यात नौ करोड़ 6.9 लाख किलो था।

## यात्री वाहनों पर जीएसटी दर में बदलाव की जरूरत

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के मानद मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजीव छाबा ने कहा है कि भारत में यात्री वाहनों पर मौजूदा माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दर संरचना पुरानी हो चुकी है। इसे मोटर वाहन उद्योग में हो रहे घटनाक्रमों के अनुरूप बनाने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि सरकार को मोटर वाहन क्षेत्र पर नीतियां बनाते समय वाहनों से होने वाले उत्सर्जन, आयात बिल में कमी, सतत आपूर्ति शृंखला और स्वामित्व की कुल लागत के समग्र परिप्रेक्ष्य पर विचार करना चाहिए। केंद्रीय बजट से पहले हाइब्रिड वाहनों को कर प्रोत्साहन देने पर विचार करने की अटकलों के बीच उन्होंने कहा मजबूत प्लग-इन हाइब्रिड वाहन पर ऐसे लाभ के लिए विचार होना चाहिए, जिनमें परंपरागत इंजन से स्वतंत्र बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन के रूप में चलने की क्षमता हो।

# एडीबी ने भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान 7 प्रतिशत पर रखा बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी



- बेहतर मानसून अनुमानों को देखते हुए कृषि क्षेत्र में सुधार की जताई उम्मीद

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का अनुमान 7% पर बरकरार रखा है। साथ ही कहा कि सामान्य से बेहतर मानसून अनुमानों को देखते हुए कृषि क्षेत्र में सुधार की उम्मीद है। एडीबी का यह पूर्वानुमान ऐसे समय में आया है जब अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर के अनुमान को संशोधित कर 7% किया है। आईएमएफ ने अप्रैल 6.8% रहने का अनुमान लगाया था।

आरबीआई ने पिछले महीने अपने वृद्धि अनुमान को 7 से बढ़ाकर 7.2% कर दिया था। एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) के जुलाई संस्करण में कहा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25 (31 मार्च 2025 को समाप्त) में 7% की दर से बढ़ी। वित्त वर्ष 2025-26 में 7.2% की दर से बढ़ने की राह पर है, जैसा कि एडीओ अप्रैल 2024 में अनुमान लगाया गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए 8.2% की वृद्धि दर दर्ज की, जबकि उससे पिछले वित्त वर्ष में यह सात प्रतिशत थी।

रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 2022-23 में धीमी वृद्धि के बाद सामान्य से अधिक मानसून अनुमानों को देखते हुए कृषि क्षेत्र में सुधार की उम्मीद है। ऐसा जून में मानसून की धीमी प्रगति के बावजूद है। ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्धि की गति को बनाए रखने के लिए कृषि में सुधार महत्वपूर्ण होगा। विकासशील एशिया के विकास पूर्वानुमान के संबंध में एडीओ ने कहा कि इसे 2024 के लिए पांच प्रतिशत तक संशोधित किया गया है और 2025 में 4.9 प्रतिशत पर बनाए रखा गया है।

# वित्तीय सेवा क्षेत्र में 18 लाख नौकरियां पर लेने वाला कोई नहीं : एफबीएसबी

अहमदाबाद, एजेंसी

- बैंक, बीमा, ब्रोकरेज की कंपनियों को प्रशिक्षितों की जरूरत
- देश में रोजगार पाने की काबिलियत की समस्या : सीईओ

एफपीएसबी (फाइनेंशियल प्लानिंग स्टैन्डर्ड बोर्ड) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कृष्ण मिश्रा ने बुधवार को कहा कि देश में रोजगार पाने की काबिलियत की समस्या है क्योंकि 18 लाख नौकरियों को लेने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि गांधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी 5 साल में 1.5 लाख नौकरियां सृजित करेगा। अभी यहां 6,000 कर्मचारी वित्तीय सेवा क्षेत्र में हैं।

मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार के नेशनल करियर सर्विसेज पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार पिछले साल देश में वित्तीय सेवाओं में 46.86 लाख नौकरियां सृजित हुईं। इनमें से केवल 27.5 लाख नौकरियां ही भरी गईं। इससे पता चलता है कि 18 लाख नौकरियों को लेने वाला कोई नहीं था। इसका कारण रोजगार हासिल करने की काबिलियत है। नौकरियां तो हैं, लेकिन लोग उतने काबिल नहीं हैं कि उसे ले सकें।

उन्होंने कहा कि बैंकों, बीमा कंपनियों, ब्रोकरेज हाउस और म्यूचुअल फंड कंपनियों को हमेशा प्रशिक्षित लोगों की आवश्यकता होती है। यदि आप ऑनलाइन नौकरी खोजते हैं, तो आप पाएंगे कि उपलब्ध प्रमाणित वित्तीय नियोजकों (सीएफपी) की संख्या की तुलना में लगभग 40 गुना अधिक नौकरियां हैं। एफपीएसबी इंडिया, फाइनेंशियल प्लानिंग स्टैंडर्ड्स बोर्ड लि. (एफपीएसबी लिमिटेड) की भारतीय अनुषंगी कंपनी है। यह वित्तीय नियोजन पेशे के लिए वैश्विक मानक-निर्धारण से जुड़ा निकाय है।

# छोटी कंपनियों ने दिया बड़ा रिटर्न, मिडकैप 30% चढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

देश की आर्थिक बुनियाद तथा घरेलू स्तर पर सुधार के बीच इस साल छोटी कंपनियों के शेयरों ने निवेशकों को अधिक रिटर्न दिया है। बीएसई मिडकैप 16 जुलाई तक 10,984.72 अंक या 29.81% चढ़ा है, जबकि स्मॉलकैप में 11,628.13 अंक या 27.24% का उछाल आया है।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुनील न्याति ने कहा कि मिड और स्मॉलकैप के शेयरों के बेहतर प्रदर्शन से घरेलू स्तर पर नकदी में उछाल है। म्यूचुअल फंड, पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवाओं (पीएमएस) और प्रत्यक्ष



- मिड और स्मॉल के बेहतर प्रदर्शन से घरेलू स्तर पर नकदी में आई उछाल

निवेश से इन क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में घरेलू धन का प्रवाह हो रहा है। जहां मिडकैप और स्मॉलकैप शेयर बेहतर प्रदर्शन करते हैं। हालांकि बड़े शेयरों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से वे मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों से पीछे रह गए। बीएसई मिडकैप सूचकांक इस साल 16 जुलाई को 48,175.21 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया, जबकि स्मॉलकैप आठ जुलाई को 54,617.75 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। मास्टर कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह नंदा ने कहा कि इस वर्ष मिडकैप तथा स्मॉलकैप सूचकांक के बेहतर प्रदर्शन से प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और उपभोक्ता वस्तुओं में क्षेत्र-विशेष में उछाल और उनका निचला मूल्यांकन तथा अर्थव्यवस्था की उच्च वृद्धि क्षमता को दिया जा सकता है।

### एलआईसी ने की कमाई, एसबीआई को भी फायदा

**मुंबई।** बीमा कंपनी एलआईसी ने एचडीएफसी लाइफ और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस जैसी निजी बीमा कंपनियों को पीछे छोड़ दिया है। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का शेयर एक साल में 79% तक उछल चुका है। पिछले साल 18 जुलाई को एलआईसी का शेयर 620 रुपये पर था लेकिन इस साल 16 जुलाई को यह 1,109.15 रुपये के भाव पर बंद हुआ। इसकी तुलना में एचडीएफसी लाइफ के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई है। बीते एक साल में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस का शेयर भी 1,314 रुपये से बढ़कर 1,621.20 रुपये पर पहुंच गया। इसने 23 % की बढ़त हासिल की है। बीमा कंपनियों ने बैंकिंग, वित्तीय सेवा एवं बीम, सूचना प्रौद्योगिकी और उपभोक्ता क्षेत्रों में निवेश पर अधिक ध्यान दिया है।

# सुमित नागल व ड्रेजेविक की जोड़ी नॉर्डिया ओपन से बाहर

बस्ताड (स्वीडन), एजेंसी

ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल और पोलैंड के उनके जोड़ीदार करोल ड्रेजेविक को नॉर्डिया ओपन टूर्नामेंट के पुरुष युगल में सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा।

नागल और ड्रेजेविक की जोड़ी 59 मिनट तक चले मुकाबले में एलेक्जेंडर मुलर और लुका वान असचे की फ्रांसीसी जोड़ी से 3-6, 4-6 से हार गई। भारत के 26 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि एकल वर्ग में अपनी चुनौती बरकरार रखी है। नागल का अगला मुकाबला अर्जेंटीना के दुनिया के 36वें नंबर के खिलाड़ी मारियानो नवोन से होगा। इस बीच रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी का जर्मनी में हैम्बर्ग ओपन में जैकब श्नाटर और मार्क वॉलनर की जर्मन जोड़ी के खिलाफ पुरुष युगल के पहले दौर का मैच गुरुवार के लिए स्थगित कर दिया है। बोपन्ना और बालाजी पेरिस ओलंपिक के लिए भी जोड़ी बनाएंगे। हैम्बर्ग ओपन में भाग ले रही एक अन्य जीवन नेदुनचेझियान और विजय सुंदर प्रशांत ने दूसरे दौर का क्वालीफाइंग मैच जीतकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई।



<< एलेक्जेंडर मुलर और लुका वान असचे के खिलाफ शॉट खेलते सुमित नागल।

## विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप

# शौर्य बावा ने जीता कांस्य पदक



**ह्यूस्टन।** भारत के शौर्य बावा ने टेक्सास के ह्यूस्टन में आयोजित वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत लिया है। भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने बॉयज एकल सेमीफाइनल मुकाबले में मिस्त्र के मोहम्मद जकारिया से 0-3 से हारने के बाद उन्हें कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा। शौर्या बावा को 41 मिनट तक चले इस रोमांचक मुकाबले में 5-11, 5-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। बावा ने राउंड ऑफ 32 में संयुक्त राज्य अमेरिका के रस्टिन वाइजर को हराया। इसके बाद उन्होंने अर्जेंटीना के सेगुंडो पोर्टबिल्स को हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया था। बावा ने क्वार्टरफाइनल मुकाबले में मलेशिया के लो वा सर्न को 2-11, 11-4, 10-12, 11-8, 12-10 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। गौरतलब है कि यह विश्व जूनियर चैंपियनशिप में किसी भारतीय पुरुष स्क्वैश खिलाड़ी द्वारा हासिल किया गया दूसरा पदक है।

# अंतिम के कोचों के नाम नहीं, उषा ने लगाई फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- पंघाल के कोचों के नाम शामिल न करने पर डब्ल्यूएफआई की तदर्थ पैनल की कड़ी आलोचना





भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने बुधवार को निलंबित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का प्रबंधन करने वाले तदर्थ पैनल की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि समिति ने पेरिस ओलंपिक खेलों के आयोजकों को भेजी गई लंबी सूची में पहलवान अंतिम पंघाल के कोचों के नाम नहीं दिए। आईओए की प्रतिक्रिया खेलों के लिए अंतिम के पसंदीदा कोचों को वीजा मंजूरी मिलने में देरी के मद्देनजर आई है।

हिसार में प्रशिक्षण लेने वाली 19 साल की पंघाल पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय पहलवान थीं। उन्होंने 2023 में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक में जगह बनाई थी। अंतिम चाहती हैं कि उनके कोच भगत सिंह और विकास तथा फिजियोथेरेपिस्ट हीरा उनके साथ यात्रा करें। उषा ने कहा अंतिम ने बेलग्रेड में विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर सितंबर 2023 की शुरुआत में ही भारत को ओलंपिक कोटा दिला दिया था। कुश्ती का संचालन करने वाली तदर्थ समिति ने अपनी समझदारी से ओलंपिक खेल आयोजन समिति को भेजे गए नामों की लंबी सूची में अंतिम के कोच या फिजियोथेरेपिस्ट का नाम शामिल नहीं करने का फैसला किया। पहलवानों को तीन अगस्त को पेरिस पहुंचना है और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को दो अगस्त को बायोमेट्रिक्स के लिए समय मिला है।

आईओए ने दिसंबर 2023 में अपनी कार्यकारी समिति के सदस्य भूपेंद्र सिंह बाजवा को तदर्थ पैनल का प्रमुख नियुक्त किया था जबकि एमएम सोमाया तथा मंजूषा कंवर इसके अन्य सदस्य हैं। आईओए अध्यक्ष ने पर्याप्त ध्यान नहीं देने के लिए साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) पर भी परोक्ष रूप से कटाक्ष किया। उषा ने कहा यह अजीब बात है कि जिन जिम्मेदार अधिकारियों ने खिलाड़ियों, कोचिंग और सहयोगी स्टाफ की लंबी सूची को मंजूरी दी थी उन्होंने भगत सिंह या हीरा या विकास को शामिल करने की सिफारिश करना उचित नहीं समझा। कुछ दिन पहले अंतिम के पिता आईओए में आए, उसके बाद ही मैंने मंत्रालय से उन्हें मंजूरी दिलवाई।

इस बीच आईओए के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि पंघाल को वीएफएस के पास जाने के बजाय आईओए से हस्तक्षेप के लिए संपर्क करना चाहिए था। अधिकारी ने कहा अगर वह हमारे पास आती तो हम फ्रांसीसी दूतावास से अनुरोध करते और यह आसानी से हो जाता क्योंकि दूतावास बहुत सहायक है। हम हस्तक्षेप करते और समाधान की तलाश करते लेकिन मुझे लगता है उन्हें किसी ने गुमराह किया है। आईओए प्रमुख ने समर्थन के लिए फ्रांसीसी दूतावास की सराहना की।

# पेरिस ओलंपिक : पदकों के सफर को हैं तैयार हम

## 117 भारतीय खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के 140 सदस्यों की सूची जारी, निशानेबाजी दल के प्रमुख होंगे गगन नारंग, आभा बाहर

PARIS 2024

ओलंपिक 8 दिन शेष

**72** अतिरिक्त कोच और अन्य सहायक कर्मचारियों को दी गई है मंजूरी

**17** सदस्य शामिल हैं एथलेटिक्स के सहयोगी स्टाफ में

**72** सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को सरकार के खर्चे पर मिली है मंजूरी

**67** सहयोगी स्टाफ के सदस्य ही खेल गांव में रुक सकते हैं जिनमें आईओए के 11 अधिकारी भी हैं शामिल

**29** खिलाड़ी सर्वाधिक एथलेटिक्स के हैं जिनमें 11 महिला और 18 पुरुष

**11** महिला और 10 पुरुष खिलाड़ी निशानेबाजी दल में हैं शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

पेरिस ओलंपिक में भारत के 117 खिलाड़ी भाग लेंगे। खेल मंत्रालय ने इसके अलावा सहयोगी स्टाफ के 140 सदस्यों को भी मंजूरी दी है जिसमें खेल अधिकारी भी शामिल हैं। सहयोगी स्टाफ के 72 सदस्यों को सरकार के खर्चे पर मंजूरी मिली है। ओलंपिक के लिए जिन खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया था उनमें से केवल गोला फेंक की एथलीट आभा खटुआ का नाम सूची में नहीं है।

विश्व रैंकिंग के जरिए कोटा हासिल करने वाली आभा खटुआ का नाम हटाने को लेकर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। कुछ दिन पहले विश्व एथलेटिक्स की ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सूची से उनका नाम हटा दिया गया था। अभी तक इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि चोट लगने, डोपिंग उल्लंघन या किसी अन्य तकनीकी समस्या के कारण उनका नाम हटाया है। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले अन्य खिलाड़ियों को उम्मीद के अनुरूप मंजूरी मिल गई। लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूर्व निशानेबाज गगन नारंग को दल प्रमुख बनाया गया है। नारंग भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) में उपाध्यक्ष भी हैं। खेल मंत्रालय की ओर से आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा को लिखे गए पत्र में कहा गया है ओलंपिक खेल 2024 की आयोजन समिति के मानदंडों के अनुसार सहयोगी स्टाफ के 67 सदस्य ही खेल गांव में रुक सकते हैं जिनमें आईओए के 11 अधिकारी भी शामिल हैं। अधिकारियों में पांच सदस्य चिकित्सा दल के हैं।

पत्र में कहा गया है कि खिलाड़ियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार की लागत पर 72 अतिरिक्त कोच और अन्य सहायक कर्मचारियों को मंजूरी दी गई है और उनके ठहरने की व्यवस्था होटल-खेल गांव के बाहर के स्थानों में की गई है। आभा खटुआ का नाम शामिल नहीं होने के बावजूद खिलाड़ियों की सूची में सर्वाधिक 29 (11 महिला और 18 पुरुष) खिलाड़ी एथलेटिक्स के हैं। उनके बाद निशानेबाजी (21) और हॉकी (19) का नंबर आता है। टेबल टेनिस में भारत के आठ जबकि बैडमिंटन में पीवी सिंधु सहित सात खिलाड़ी भाग लेंगे। कुश्ती (6), तीरंदाजी (6) और मुक्केबाजी (6) में छह-छह खिलाड़ी ओलंपिक में अपनी चुनौती पेश करेंगे। इसके बाद गोल्फ (4), टेनिस (3), तैराकी (2), सेलिंग (2) का नंबर आता है। घुड़सवारी, जूडो, रोइंग और भारोत्तोलन में एक-एक खिलाड़ी भाग लेंगे। निशानेबाजी दल में 11 महिला और 10 पुरुष खिलाड़ी शामिल हैं। टेबल टेनिस में पुरुष और महिला दोनों वर्ग में चार-चार खिलाड़ी शामिल हैं।

मीराबाई चानू दल में शामिल एकमात्र भारोत्तोलक हैं। तोक्यो ओलंपिक में नीरज चोपड़ा का भाला फेंक में जीता गया ऐतिहासिक स्वर्ण पदक भी शामिल है। चोपड़ा पेरिस में अपने खिताब का बचाव करने के लिए उतरेंगे। दल में शामिल में 21 अधिकारियों में 11 खेल गांव में रुकेंगे जबकि बाकी अधिकारी खेल गांव के बाहर होटल में ठहरेंगे। इनका खर्च सरकार वहन करेगी।

एथलेटिक्स में सहयोगी स्टाफ के 17 सदस्य शामिल हैं। उसके बाद कुश्ती (12), मुक्केबाजी (11), हॉकी (10), टेबल टेनिस (9), बैडमिंटन (9), गोल्फ (7), घुड़सवारी (5), तीरंदाजी (4), नौकायन (4), भारोत्तोलन (4) टेनिस (3), तैराकी (2) और जूडो (1) का नंबर आता है। मंत्रालय के पत्र में कहा गया है कि पेरिस में भारतीय दूतावास में एयर अताशे पद पर कार्यरत एयर कमोडोर प्रशांत आर्य ओलंपिक अताशे होंगे, जिनके पास मान्यता पत्र होगा तथा वह दूतावास की सहायता और हस्तक्षेप की आवश्यकता वाले किसी भी मुद्दे का समाधान करने के लिए खेल गांव और प्रतियोगिता स्थलों का दौरा करेंगे।



# दक्षिण एशिया के लिए दीपा प्रतिनिधि नियुक्त



- लैंगिक विविधता और खिलाड़ियों के नेतृत्व के लिए एशियाई पैरालंपिक समिति ने लिया फैसला

**नई दिल्ली।** भारत की पहली महिला पैरालंपिक पदक विजेता दीपा मलिक को एशियाई पैरालंपिक समिति (एपीसी) ने दक्षिण एशिया के लिए उप क्षेत्रीय प्रतिनिधि नियुक्त किया है। एपीसी की 34वीं कार्यकारी बोर्ड बैठक के दौरान इस नियुक्ति की पुष्टि की गई। यह नियुक्ति पैरा खेलों में लैंगिक विविधता और खिलाड़ियों के नेतृत्व के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। दीपा मलिक तुरंत पद की जिम्मेदारी संभालेंगी।

भारत की पूर्व पैरालंपिक समिति प्रमुख की नियुक्ति से कार्यकारी बोर्ड में महिला प्रतिनिधियों की संख्या पांच हो गई है जो एपीसी के इतिहास में बोर्ड में महिलाओं का सबसे अधिक प्रतिनिधित्व है। एपीसी के अध्यक्ष माजिद रशीद ने कहा हमारे कार्यकारी बोर्ड की बैठकों में महिलाओं की संख्या में इजाफा होना सकारात्मक कदम है, विशेषकर जब डॉक्टर दीपा मलिक के अनुभव, कौशल और जानकारी रखने वाली कोई महिला इसमें शामिल हो। दीपा की भूमिका में दक्षिण एशियाई देशों का प्रतिनिधित्व करना और इस क्षेत्र में पैरा खेलों के विकास और इन्हें प्रोमोट करने की वकालत करना होगा। दीपा ने कहा दक्षिण एशिया का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है और मेरे लिए शानदार मौका है। भारत लंबे समय से 'वसुधैव कुटुम्बकम' का नेतृत्वकर्ता रहा है और अब इस बड़े परिवार में योगदान देने के लिए आगे बढ़ने का सही समय है।

# मेयर ने सफाई दिखाने के लिए सीन नदी में लगाई डुबकी

**पेरिस।** पेरिस की मेयर ऐनी हिडाल्गो ने महीनों पहले किए गए अपने वादे को पूरा करते हुए नौ दिन बाद शुरू होने वाले 2024 ओलंपिक के दौरान तैराकी स्पर्धाओं की मेजबानी के मद्देनजर सीन नदी की स्वच्छता दिखाने के लिए बुधवार को इसमें डुबकी लगाई। वेटसूट पहनकर हिडाल्गो ने अपने कार्यालय सिटी हॉल और नोट्रे डेम कैथेड्रल के पास नदी में छलांग लगाई। पेरिस 2024 के प्रमुख टोनी एस्टांगुएट और पेरिस क्षेत्र के शीर्ष सरकारी अधिकारी मार्क गिलियूम भी उनके साथ शामिल थे। हिडाल्गो ने नदी से बाहर निकलते हुए कहा पानी बहुत अच्छा है। थोड़ा ठंडा है, लेकिन इतना खराब नहीं है। यह 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक खेलों से पहले नदी की स्वच्छता दिखाने का प्रयास है जिसमें सीन नदी पर नावों पर खिलाड़ियों की परेड भी शामिल है। जून के शुरू में जल गुणवत्ता जांच में ई कोलाई बैक्टीरिया का असुरक्षित स्तर मिला था जिसके बाद हाल ही में सुधार हुआ। नदी की स्वच्छता के लिए डेढ़ अरब डॉलर का खर्चा किया गया है। जिससे हर दिन नदी के पानी की जांच की जा रही है और हाल में जांच के परिणामों में सुधार दिखा है।

# ओलंपिक में स्वच्छंद होकर खेलें : कपिल



- भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर के अध्यक्ष ने खिलाड़ियों को दी सलाह
- ट्रिनिटी गोल्फ चैंपियन्स लीग का दूसरा सत्र दो से सात सितंबर तक होगा

**नई दिल्ली।** भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान और भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) के अध्यक्ष कपिल देव ने ओलंपिक जाने वाले भारतीय खिलाड़ियों को 26 जुलाई से शुरू हो रहे खेलों के महाकुंभ में स्वच्छंद होकर खेलने की सलाह दी और उम्मीद जताई कि देश पेरिस में दोहरे अंक में पदक जीतेगा। पेरिस में भारत का प्रतिनिधित्व 117 सदस्यीय दल करेगा और देश को तोक्यो में जीते सात पदकों की संख्या को बेहतर करने की उम्मीद है।

ट्रिनिटी गोल्फ चैंपियन्स लीग (टीजीसीएल) के दूसरे सत्र की घोषणा के मौके पर कपिल ने कहा मैं किसी खिलाड़ी के लिए कुछ नहीं कह सकता, लेकिन मैं उन्हें शुभकामनाएं दे सकता हूं और उम्मीद करता हूं कि हम इस साल और अधिक पदक जीतेंगे और यह महत्वपूर्ण है। सभी को मेरी सलाह होगी कि वे जाएं और खुद को जाहिर करें, स्वच्छंद होकर खेलें। हम क्यों उम्मीद नहीं करेंगे कि हम दोहरे अंक में पदक जीतेंगे। कपिल ने हालांकि भारतीय क्रिकेट और नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर पर टिप्पणी करने से परहेज किया। अगर गौतम गंभीर वह पद संभाल रहे हैं तो मैं उन्हें और टीम को शुभकामनाएं देता हूं। मुझे उम्मीद है कि वे पहले से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। मैं भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देना चाहता हूं।

# ओलंपिक से पहले ग्रीक एथलीट का डोपिंग टेस्ट पॉजिटिव

**एथेंस।** पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाली ग्रीस की टीम का एक एथलीट डोपिंग टेस्ट में पाजिटिव पाया गया है। ग्रीस के राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संगठन (ईओकेएएन) के सूत्रों के अनुसार, टीम के फ्रांस की राजधानी पेरिस के लिए रवाना होने से पहले किए गए परीक्षणों के बाद महिला ट्रैक और फील्ड एथलीट के सकारात्मक परीक्षण की पुष्टि की गई थी। एथलीट के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। नियमों के अनुसार आरोपी एथलीट दूसरे नमूना परीक्षण के लिए कह सकता है। कुल 101 ग्रीक एथलीटों ने 26 जुलाई से शुरू होने वाले आगामी खेलों के लिए टिकट कटाया है। ट्रैक और फील्ड टीम में 14 एथलीट शामिल हैं, जिनमें से 10 महिलाएं हैं।

## बॉलीवुड हलचल

# वॉर 2 में खुफिया एजेंट बनेंगी कियारा



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी फिल्म वॉर 2 में खुफिया एजेंसी के एजेंट का किरदार निभाती नजर आ सकती हैं। वर्ष 2019 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म वॉर में ऋतिक रौशन और टाइगर श्रॉफ ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फैंस इस फिल्म के सेकेंड पार्ट का इंतजार कर रहे हैं। वॉर-2 में ऋतिक रोशन के साथ साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर नजर आएंगे। इस फिल्म में कियारा आडवाणी भी नजर आएंगी। ऋतिक रौशन और जूनियर एनटीआर ने वॉर 2 के फर्स्ट शेड्यूल की शूटिंग मुंबई में मार्च के महीने से शुरू की थी। दोनों ने मई के महीने में वॉर 2 के फर्स्ट शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली थी। वॉर 2 के सेकेंड शेड्यूल की शूटिंग हैदराबाद में रामोजी फिल्म सिटी में होगी, जहां एक्शन सीन्स की शूटिंग होगी। इस शूटिंग में ऋतिक और जूनियर एनटीआर के साथ कियारा भी होंगी। कहा जा रहा है कि कियारा आडवाणी वॉर 2 खुफिया एजेंसी से जुड़े किसी एजेंट की भूमिका निभा सकती हैं ।यह फिल्म अगले साल रिलीज होगी।

# विक्रम भट्ट की फिल्म ब्लडी इश्क का ट्रेलर रिलीज




मुंबई। बॉलीवुड निर्देशक विक्रम भट्ट की आने वाली हॉरर फिल्म ब्लडी इश्क का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। डिज्नी हॉट स्टार और महेश भट्ट प्रस्तुत ब्लडी इश्क में अविका गौड़ और वर्धन पुरी मुख्य किरदार में नजर आएंगे। विक्रम भट्ट निर्देशित यह फिल्म 26 जुलाई को डिज्नी हॉट स्टार पर रिलीज होगी। ब्लडी इश्क का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ब्लडी इश्क के ट्रेलर की शुरुआत एक सुनसान आईलैंड और उस पर बने एक हवेली से होती है। इसके बाद अविका की आवाज सुनाई देती है, जहां वह वर्धन से पूछती हैं कि इस आईलैंड पर और कौन रहता है? वर्धन जवाब देते हैं, कोई नहीं। ट्रेलर के आखिर में इसकी पुष्टि भी हो जाती है। एक लड़की आत्मा अविका से कहती है कि यह भुतहा हवेली है। लेकिन अब सवाल ये है कि ये लड़की कौन है? उसकी आत्मा क्यों भटक रही है? और वह अविका के पीछे क्यों पड़ी है?

# बजरंगी भाईजान के प्रदर्शन के नौ साल पूरे, बीटीएस वीडियो रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की फिल्म बजरंगी भाईजान के प्रदर्शन के नौ साल पूरे होने पर इस फिल्म का एक बिहाइंड द सीन (बीटीएस) वीडियो रिलीज किया गया है। कबीर खान के निर्देशन में बनी फिल्म बजरंगी भाईजान 17 जुलाई 2015 को प्रदर्शित हुयी थी। बजरंगी भाईजान में सलमान खान, करीना कपूर और हर्षाली मल्होत्रा ने मुख्य भूमिका निभाई थी। बजरंगी भाईजान के नौ साल के सफर को याद करते हुए मेकर्स ने एक बीटीएस वीडियो रिलीज किया है। यह वीडियो दोस्ती और इस खास फिल्म को बनाने में लगी मेहनत को दर्शाता है। इस वीडियो में हल्के-फुल्के तरीके और मजाक मस्ती के बीच बनी फिल्म की झलकियां देखने को मिल रही हैं।

# श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया की टीम करेगी न्यूजीलैंड का दौरा

**क्राइस्टचर्च।** आगामी सत्र में श्रीलंका, पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया की टीम न्यूजीलैंड का दौरा करेगी। इसके अलावा इंग्लैंड के साथ तीन मैचों की टेस्ट मैचों की सीरीज की घोषणा पहले ही हो चुकी है। न्यूजीलैंड की पुरुष टीम घरेलू सीजन के दौरान छह वनडे और आठ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलेगी, जबकि महिला टीम छह वनडे और छह टी-20 में भाग लेगी। गर्मियों के दौरान न्यूजीलैंड सिर्फ इंग्लैंड के साथ ही टेस्ट सीरीज़ खेलेगा जबकि सितंबर और दिसंबर के बीच न्यूजीलैंड की टीम अफगानिस्तान (एक टेस्ट), श्रीलंका (दो टेस्ट) और भारत (तीन टेस्ट) के साथ टेस्ट सीरीज खेलेगी।

2025-26 सीजन में न्यूजीलैंड को घरेलू धरती पर केवल वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैच खेलना है। इंग्लैंड सीरीज के बाद न्यूजीलैंड की पुरुष टीम दिसंबर के अंत से जनवरी के मध्य तक श्रीलंका के साथ टी-20 और वनडे सीरीज खेलेगा। इसके बाद उनकी टीम पाकिस्तान में एक त्रिकोणीय सीरीज खेलने के लिए रवाना होगी, जो 19 फरवरी से शुरू होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए एक तैयारी की तरह होगी। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वे मार्च के अंत और अप्रैल की शुरुआत में सीजन के अंतिम चरणों के दौरान पाकिस्तान की मेजबानी पांच टी-20 और तीन वनडे मैचों के लिए करेंगे, जो मैच संभवतः आईपीएल के साथ ओवरलैप होगा। न्यूजीलैंड की महिला टीम क्रिसमस से कुछ समय पहले ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगी।

# आईसीसी ने छह देशों को आईसीसी डेवलपमेंट पुरस्कार के लिए चुना

नई दिल्ली, एजेंसी

International Cricket Council

- 2023 के वैश्विक विजेताओं में शामिल हैं मेक्सिको, ओमान, नीदरलैंड, यूएई, नेपाल और स्कॉटलैंड

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को आईसीसी डेवलपमेंट पुरस्कार 2023 के वैश्विक विजेताओं की घोषणा जिसमें छह उभरते हुए देश मेक्सिको, ओमान, नीदरलैंड, यूएई, नेपाल और स्कॉटलैंड शामिल हैं। पिछले कैलेंडर वर्ष के दौरान शानदार प्रदर्शन के अलावा महत्वपूर्ण पहल के लिए 21 उभरते हुए देशों में से छह को पुरस्कारों के लिए चुना गया और इनका चयन एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा किया गया।

इस साल विजेताओं का चयन अप्रैल में घोषित क्षेत्रीय पुरस्कार विजेताओं की सूची से किया गया जिसे आईसीसी के पूर्ण सदस्य अधिकारियों, पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों और आईसीसी वैश्विक भागीदारों के एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा चुना गया जिसमें प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया की वरिष्ठ खेल पत्रकार मोना पार्थसारथी भी शामिल हैं। आईसीसी डेवलपमेंट (विकास) पुरस्कार 2002 में शुरू किये गये थे जो एसोसिएट सदस्य देशों में खेल को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए किये गये काम के लिए दिए जाते हैं। मेक्सिको क्रिकेट संघ को अग्रणी परियोजानओं के लिए आईसीसी डेवलपमेंट इनिशिएटिव ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया जिसने भारत में स्ट्रीट चाइल्ड क्रिकेट विश्व कप में हिस्सा लेने के लिए अपनी एक टीम भेजी थी। साथ ही उन्होंने मेक्सिको में कैदियों के पुनर्वास और उनके जीवन में बदलाव के लिए क्रिकेट सत्र आयोजित किए।

ओमान क्रिकेट को क्रिकेट4हर कार्यक्रम के लिए 100% क्रिकेट फीमेल क्रिकेट इनिशिएटिव ऑफ द ईयर पुरस्कार दिया गया जो महिलाओं और लड़कियों को अवसर प्रदान करता है। नीदरलैंड को भारत में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने और प्रतिस्पर्धा करने के शानदार प्रयास के लिए आईसीसी एसोसिएट मेंबर पुरुष परफोरमेंस ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# विश्वास मत पर फैसला रविवार को

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली 21 जुलाई को संसद में संविधान के अनुसार आवश्यक विश्वास मत हासिल करेंगे। ओली (72) ने सोमवार को चौथी बार इस हिमालयी देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।

मायरिपब्लिका समाचार पोर्टल ने सीपीएन-यूएमएल के मुख्य सचेतक महेश बरतौला के हवाले से बताया कि ओली ने रविवार को विश्वास मत हासिल करने का फैसला किया है। नेपाल के संविधान के अनुसार, ओली को नियुक्ति के 30 दिन के भीतर संसद से विश्वास मत हासिल करना होगा। संभावना है कि ओली ऐसा आसानी से कर लेंगे, क्योंकि 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में सरकार बनाने के लिए न्यूनतम संख्या 138 है। नेपाल की सबसे बड़ी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता को रविवार को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने प्रधानमंत्री नियुक्त किया। ओली संसद में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस (एनसी) तथा अन्य छोटे दलों के साथ गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे।



● नियुक्ति के 30 दिन के भीतर संसद से ओली को विश्वास मत हासिल करना होगा

### सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

ओली के शपथ ग्रहण समारोह के कुछ ही घंटों के भीतर तीन अधिवक्ता – दीपक अधिकारी, खगेंद्र प्रसाद चापागेन और शैलेंद्र कुमार गुप्ता ने नेपाल के उच्चतम न्यायालय में एक रिट याचिका दायर करते हुए उनकी नियुक्ति को चुनौती दी। दलील दी कि यदि अनुच्छेद 76 (2) के अनुसार बनी सरकार प्रतिनिधि सभा में शक्ति परीक्षण में विफल रहती है तो राष्ट्रपति को अनुच्छेद 76 (3) के तहत नई सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में प्रारंभिक सुनवाई के लिए 21 जुलाई की तारीख तय की है।

# थाइलैंड के होटल में मृत मिले लोगों के रक्त में साइनाइड के अंश

**बैंकॉक।** बैंकॉक के एक होटल में संदिग्ध हालात में मृत मिले छह लोगों के शवों का पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सकों ने रक्त में साइनाइड के अंश मिलने की बुधवार को पुष्टि की। साइनाइड के सेवन के बाद बच पाना लगभग नामुमकिन है। चुलालोंगकोर्न विश्वविद्यालय के मेडिकल स्कूल में फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. कोर्नकियाट वोंगपाइसरनसिन ने कहा कि सिटी स्कैन में शवों पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं जिससे यह अनुमान पुष्ट होता है कि उन्हें जहर दिया गया। बैंकॉक के व्यस्त इलाके में स्थित ग्रैंड हयात इरावन होटल में मंगलवार को छह शव पाए गए थे।

# मॉरीशस के साथ भारत की अटूट प्रतिबद्धता

पोर्ट लुई, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को मॉरीशस के विपक्षी नेता अरविन बूलेल सहित वहां के शीर्ष राजनीतिक नेताओं से मुलाकात की और उनसे द्वीपीय राष्ट्र के साथ भारत की विशेष और स्थायी साझेदारी को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की।

जयशंकर मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे। विदेश मंत्री के रूप में अपने वर्तमान कार्यकाल में यह उनका पहला दौरा था। विदेश मंत्री ने मंगलवार को कहा था यह हमारे द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती और गहराई को रेखांकित करता है। यह मॉरीशस के साथ भारत की विशेष और स्थायी साझेदारी के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करने का भी अवसर है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बूलेल के साथ मॉरीशस-भारत संबंधों और हिंद महासागर क्षेत्र की समृद्धि और कल्याण के लिए महत्व पर चर्चा की।

● विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यात्रा के दौरान शीर्ष राजनीतिक नेताओं से मुलाकात की

● हिंद महासागर क्षेत्र की समृद्धि और कल्याण के लिए महत्व पर दोनों देशों के नेताओं ने चर्चा की



भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मॉरीशस के विपक्ष के नेता अरविन बूलेल से मुलाकात की। ● एजेंसी

### पूर्व प्रधानमंत्रियों से मिले

जयशंकर ने पूर्व प्रधानमंत्रियों पॉल बेरेन्जर और नवीन रामगुलाम से भी मुलाकात की। पूर्व प्रधानमंत्री पॉल बेरेन्जर से मिलकर अच्छा लगा। समकालीन वैश्विक मुद्दों पर जीवंत बातचीत हुई। भारत-मॉरीशस संबंधों के लिए उनके समर्थन की सराहना करता हूं। बेरेन्जर 2003 से 2005 तक मॉरीशस के प्रधानमंत्री रहे। जयशंकर ने एक्स पर लिखा बुधवार सुबह पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. रामगुलाम से मिलकर खुशी हुई। हमारी दीर्घकालिक द्विपक्षीय साझेदारी और आगे विकास की व्यापक इच्छा पर चर्चा की।

## एक नजर

### डेमोक्रेटिक पार्टी अगस्त में राष्ट्रपति को करेगी नामित

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति जो बाइडेन को डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बनाने के लिए अगस्त के पहले सप्ताह में डेमोक्रेट्स ऑनलाइन मतदान कराने की कोशिश करेंगे। पार्टी में कुछ लोग बहस में खराब प्रदर्शन के बाद बाइडेन पर मैदान से हटने के लिए दबाव डाल रहे हैं। हालांकि दौड़ से हटने के इन लोगों के आह्वान को ठुकरा दिया है। डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन की नियम समिति शुक्रवार को अपनी योजनाओं पर चर्चा करने के लिए बैठक करेगी और अगले सप्ताह इन्हें अंतिम रूप देगी।

### अमेरिकी सीनेटर मेनेंडेज भ्रष्टाचार मामले में दोषी

**वाशिंगटन।** अमेरिका की संघीय अदालत ने डेमोक्रेटिक सीनेटर बॉब मेनेंडेज को मंगलवार को भ्रष्टाचार के मामलों में दोषी करार दिया है। मेनेंडेज पर नकदी, सोने की छड़ें और एक मर्सिडीज-बेंज सहित हजारों डॉलर की रिश्वत लेने का आरोप था। न्यूयॉर्क में संघीय अभियोजकों ने आरोप लगाया कि विदेश संबंध समिति के प्रमुख रह सीनेटर ने विदेशी सरकारों की मदद करने के बदले में रिश्वत स्वीकार की।

### इराक में अमेरिकी सेना के हवाईअड्डे पर ड्रोन से हमला

**बगदाद।** इराक के पश्चिमी अनबर प्रांत में अमेरिकी सेना के ऐन अल-असद हवाईअड्डे पर मंगलवार को दो ड्रोन ने हमला किया। इराकी सेना के अधिकारी ने बताया कि ड्रोन ने हवाईअड्डे की परिधि पर हमला किया। हमले में कोई हताहत नहीं हुआ। इराकी बलों ने अपना अलर्ट स्तर बढ़ा दिया है। किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### चीन ने हथियार नियंत्रण वार्ता स्थगित की

**बीजिंग।** चीन ने बुधवार को कहा कि उसने अमेरिका के साथ हथियार नियंत्रण एवं अप्रसार वार्ता स्थगित कर दी है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि स्वशासित ताइवान को अमेरिका हथियारों की बिक्री जारी रखे हुए है। चीन, ताइवान के एक बागी प्रांत होने का दावा करता है। लिन ने कहा चीन हथियार के मुद्दे पर अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखने का इच्छुक है। लेकिन इस शर्त पर कि उसके मूल हितों का सम्मान हो।


# ट्रंप के खिलाफ सच बोलना जारी रखूंगा

## राष्ट्रपति बाइडेन ने राजनीतिक बयानबाजी में कड़वाहट कम करने का किया आह्वान

लास वेगास, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एक बार फिर राजनीतिक बयानबाजी में कड़वाहट कम करने का आह्वान किया। हालांकि, उन्होंने राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव में अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि ऐसा करने का यह मतलब नहीं है कि हम सच बोलना बंद कर दें।

लास वेगास में एनएएसीपी सम्मेलन को संबोधित करते हुए बाइडेन ने कहा कि देश में राजनीतिक हिंसा से निपटने का मतलब हर तरह के खूनखराबे पर लगाम लगाना, पुलिस की क्रूरता का बेहतर मुकाबला करना और ट्रंप पर बीते सप्ताहांत हुए हमले में इस्तेमाल एआर-स्टाइल राइफल जैसे हथियारों पर प्रतिबंध लगाना होना चाहिए। देश में एक महत्वपूर्ण चर्चा का समय आ गया है। हमारा राजनीतिक परिदृश्य बहुत गरमा गया है। और चार साल के नारों के बीच उन्होंने कहा सिर्फ इसलिए कि हमें अपनी राजनीतिक बयानबाजी में कड़वाहट कम करनी चाहिए, क्योंकि यह हिंसा से संबंधित है, इसका मतलब यह नहीं है कि हमें सच बोलना बंद कर देना चाहिए। सम्मेलन में राष्ट्रपति अश्वेत मतदाताओं के लिए अपने प्रशासन के समर्थन को प्रदर्शित करते नजर आए, जो डेमोक्रेटिक पार्टी का बड़ा वोट बैंक होने के साथ ही उनके दृढ़ समर्थक भी माने जाते हैं। उन्होंने राष्ट्रपति के पद पर ट्रंप के कार्यकाल को अश्वेत अमेरिकियों के लिए नर्क करार दिया। बाइडेन ने कोरोना वायरस महामारी के कुप्रबंधन, लॉकडाउन के दौरान बढ़ी बेरोजगारी और अश्वेत इतिहास को मिटाने के कथित प्रयासों को लेकर भी ट्रंप प्रशासन पर निशाना साधा।



### ट्रंप को हेली का समर्थन

**मिलवाउकी।** रिपब्लिकन पार्टी की भारतीय मूल की नेता निक्की हेली ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन किया है। हेली (52) ने रिपब्लिकन पार्टी की ओर से 2024 के राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए ट्रंप (78) के खिलाफ प्रचार किया था।

### बीमारी पर पद की दौड़ से हो सकते हैं बाहर

**वाशिंगटन।** अमेरिका में डेमोक्रेट्स के बीच पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में पद छोड़ने की बढ़ती मांग के परिप्रेक्ष्य में जो बाइडेन ने हाल ही में एकमात्र ऐसी बात का खुलासा किया है जो उन्हें 2024 के राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर कर देगी। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार डेमोक्रेट्स ने 81 वर्षीय बाइडेन से जून में 78 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ बहस में उनकी आलोचना को लेकर किए गए प्रदर्शन के मद्देनजर राष्ट्रपति पद की दौड़ छोड़ने का आग्रह किया है। बाइडेन ने पद छोड़ने से इनकार कर दिया है और उन अफवाहों को खारिज कर दिया है कि वह अगले राष्ट्रपति के पद के लिए अयोग्य हो सकते हैं।

### बाइडेन 14 प्रमुख राज्यों में खो रहे समर्थन

**वाशिंगटन।** निवर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन 14 प्रमुख राज्यों में समर्थन खो रहे हैं। इन राज्यों के लोग नवंबर के चुनावों से पहले धीरे-धीरे अपने पूर्ववर्ती और प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप की ओर रुख कर रहे हैं। सीएनएन ने बुधवार को पोल डेटा का हवाला देते हुए यह रिपोर्ट दी। ब्लूलैब्स पोलस्टर द्वारा आयोजित, अमेरिकी डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा वित्त पोषित और सीएनएन द्वारा प्राप्त सर्वेक्षण में पाया गया कि ट्रंप एरिजोना, जॉर्जिया, मिशिगन, पेंसिल्वेनिया और विस्कॉन्सिन में बाइडेन से आगे निकल रहे हैं, जिसे मौजूदा राष्ट्रपति 2020 के चुनाव में अपने पक्ष में करने में कामयाब रहे थे।

# ट्रंप की हत्या की साजिश में संलिप्तता से किया इनकार

**तेहरान।** ईरान ने डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की साजिश संबंधी आरोपों को खारिज किया लेकिन साथ ही एक प्रतिष्ठित जनरल की 2020 में की गई हत्या के लिए पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का संकल्प जताया। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नसीर कनानी के हवाले से कहा कि इस्लामिक गणराज्य शहीद जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या के अपराध में ट्रंप की सीधी भूमिका के लिए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

सुलेमानी, ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कोर कुद्स फोर्स के कमांडर थे और जनवरी 2020 में बगदाद में अमेरिका के ड्रोन हमले में मारे गए थे। अमेरिका के दो अधिकारियों ने मंगलवार को कहा था कि शनिवार को पेनसिल्वेनिया में हुई रैली से कुछ दिनों पहले ईरान से ट्रंप की जान को खतरे के कारण उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा मुहैया कराई गई थी लेकिन इसका रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की हत्या की कोशिश से कोई संबंध नहीं है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत अमीर सैयद इरावनी ने मंगलवार को आरोपों को निराधार बताया था।

# संयुक्त राष्ट्र की बैठक में भिड़े रूस-अमेरिका

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिका पर पश्चिमी देशों को हथियार का डर दिखाकर अपने पाले में रखने और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में बाधा डालने का मंगलवार को आरोप लगाया।

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत ने इसे रूस का पाखंड करार देते हुए कहा कि अपने पड़ोसी यूक्रेन पर हमला करने वाला देश वैश्विक सहयोग की बात कर रहा है। यह आरोप-प्रत्यारोप इस महीने रूस द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की अध्यक्षता के दौरान आयोजित एक कार्यक्रम में हुआ। इसका विषय था अधिक न्यायपूर्ण, लोकतांत्रिक और टिकाऊ विश्व व्यवस्था के लिए बहुपक्षीय सहयोग।

रूस के विदेश मंत्री लावरोव बैठक की अध्यक्षता करने के लिए मास्को से संयुक्त राष्ट्र आए। बैठक से ठीक पहले, संयुक्त राष्ट्र में यूक्रेन के राजदूत सर्जी किस्लित्स्या ने अमेरिका समेत करीब 50 देशों की ओर से एक बयान पढ़ा। संयुक्त बयान में कहा गया कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता के रूस द्वारा घोर उल्लंघन और उसके द्वारा बहुपक्षीय व्यवस्था के संरक्षक के रूप में खुद को प्रस्तुत करने के कुटिल प्रयास से विचलित नहीं होना चाहिए।

देशों ने यूक्रेन के विरुद्ध रूस की कार्रवाई, संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हुए रूस को उत्तर कोरिया द्वारा सैन्य सहायता देने तथा संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों के प्रभावी रहने के दौरान ईरान की ओर से नियमों के उल्लंघनों की निंदा की। बयान में कहा गया रूस की निरंतर अवैध कार्रवाइयां और घोर पाखंड बहुपक्षीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को कमजोर करते हैं और क्षेत्रीय तनाव को बढ़ाते हैं, तथा अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को खतरे में डालते हैं।




● रूस की वैश्विक सहयोग पर संयुक्त राष्ट्र की बैठक को अमेरिका ने बताया पाखंड


● रूस ने पश्चिमी देशों को बताया अमेरिकी बंधक

# एलन मस्क स्पेसएक्स और एक्स के मुख्यालय को करेंगे स्थानांतरित

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

उद्योगपति एलन मस्क ने कहा कि वह स्पेसएक्स तथा सोशल मीडिया मंच एक्स का मुख्यालय कैलिफोर्निया से टेक्सास स्थानांतरित कर रहे हैं। एक्स पर मस्क ने लिखा कि वह स्पेसएक्स को कैलिफोर्निया के हॉथोर्न से टेक्सास के स्टारबेस ले जाने की योजना बना रहे हैं। सैन फ्रांसिस्को से ऑस्टिन स्थानांतरित किया जाएगा।

कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने सोमवार को एक नए कानून पर हस्ताक्षर किए जिसके बाद मस्क ने यह फैसला किया है। यह नया कानून जिला स्कूलों के कर्मचारियों को बच्चों की लैंगिक पहचान बदलने के बारे में उनके माता-पिता को जानकारी देने की आवश्यकता पर रोक लगाता है। मस्क ने लिखा मैंने करीब एक वर्ष पहले गवर्नर न्यूसम को स्पष्ट कर दिया था कि इस प्रकार के कानून कंपनियों तथा परिवारों को अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए कैलिफोर्निया छोड़ने के लिए मजबूर करेंगे। वाहन विनिर्माता कंपनी टेस्ला का कॉर्पोरेट मुख्यालय भी 2021 में कैलिफोर्निया के पालो ऑल्टो से ऑस्टिन स्थानांतरित कर दिया गया था। उद्योगपति ने कहा कि उन्होंने अपना आवास भी कैलिफोर्निया से टेक्सास स्थानांतरित कर लिया है, जहां कोई राज्य व्यक्तिगत आयकर नहीं है।



● कैलिफोर्निया के हॉथोर्न से टेक्सास के स्टारबेस ले जाने की योजना बना रहे

### व्हाट्सएप हेतु स्पीड डायल जैसी सुविधा की घोषणा

**वाशिंगटन।** मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने हाल ही में व्हाट्सएप के लिए एक नई सुविधा का अनावरण किया जो स्पीड डायल की तरह काम करता है और उपयोगकर्ताओं को अपने संचार को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। डब्ल्यूएबेटाइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, नया फीचर एक पसंदीदा फिल्टर है जो उपयोगकर्ताओं को इंस्टेंट मैसेजिंग एप के भीतर महत्वपूर्ण चैट, ग्रुप और कॉल को प्राथमिकता देने में सक्षम बनाये रखेगा। जुकरबर्ग (40) ने अपने आधिकारिक व्हाट्सएप चैनल के माध्यम से यह घोषणा की।

# कोविड टीकों से जुड़े समझौतों की नहीं दी पर्याप्त जानकारी

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ की सामान्य अदालत ने बुधवार को कहा कि यूरोपीय आयोग ने जनता को दवा कंपनियों से कोविड-19 रोधी टीकों की खरीदारी के संबंध में हुए समझौतों के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं दी। यह फैसला यूरोपीय संसद में होने वाले एक महत्वपूर्ण मतदान से एक दिन पहले आया है, जिसमें यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन एक बार फिर इस पद पर निर्वाचित होने की उम्मीद कर रही हैं। ईयू के सांसदों के एक समूह ने कोरोना काल में दवा कंपनियों और यूरोपीय आयोग के बीच कोविड-19 रोधी टीकों की खरीद को लेकर हुए समझौतों के बारे में पर्याप्त जानकारी देने से आयोग के इनकार के बाद अदालत का रुख किया था। महामारी ने ईयू और बड़ी दवा कंपनियों के बीच टीकों की खरीदारी को लेकर होने वाली बातचीत में पारदर्शिता के मुद्दे पर प्रकाश डाला है।

# महाराजा के अभिभाषण से संसद शुरू

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के ऐतिहासिक आम चुनाव के कुछ दिन बाद, बुधवार को महाराजा चार्ल्स तृतीय ने संसद को संबोधित किया और आगामी वर्ष के लिए लेबर पार्टी की नयी सरकार की विधायी योजनाओं की रूपरेखा पेश की। नई सरकार के संसदीय एजेंडे को निर्धारित करने वाले अभिभाषण में करीब 40 विधेयकों और अन्य नीतिगत प्राथमिकताओं का जिक्र था जिन्हें प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर लागू करना चाहते हैं।

अभिभाषण के मुख्य आकर्षण आर्थिक विकास, गृह निर्माण और रेलवे के राष्ट्रीयकरण जैसे मुद्दे रहे। इसके साथ ही इसमें देश में धन का सृजन और कामकाजी लोगों के जीवन स्तर में सुधार पर जोर दिया गया है। सरकार द्वारा तैयार भाषण को पढ़ते हुए 75 वर्षीय महाराजा ने कहा मेरी सरकार का विधायी कार्यक्रम मिशन-आधारित होगा और सुरक्षा, निष्पक्षता और सभी के लिए अवसर के सिद्धांतों पर आधारित होगा। महाराजा चार्ल्स तृतीय ने कहा आर्थिक विकास सुरक्षित करना बुनियादी मिशन होगा।



लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स में संसद के राजकीय उद्घाटन पर अभिभाषण से पहले राजा चार्ल्स ||| और रानी कैमिला अपने सिंहासन पर बैठते हुए।

### कई दिनों तक होगी चर्चा

नए संसदीय सत्र की औपचारिक शुरुआत हुई। दोनों सदनों- कॉमन्स और हाउस ऑफ लॉर्ड्स - में अभिभाषण पर कई दिनों तक चर्चा होगी और उसके बाद मतदान कराया जाएगा। सरकार का जोर देश के हर हिस्से को बेहतर बनाने में मदद करने पर है।

### प्रीति बन सकती हैं नेता

**लंदन।** ब्रिटेन की पूर्व गृह मंत्री प्रीति पटेल (52) संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स में विपक्ष के नेता के रूप में कंजर्वेटिव पार्टी में दावा पेश कर सकती हैं। सुनक इस्तीफे के बाद संसद के राजकीय उद्घाटन समारोह में अंतरिम विपक्षी नेता के रूप में शामिल होंगे।

# किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों पर कार्रवाई की सिफारिश

पुणे, एजेंसी

चर्चित पोर्श कार हादसे के आरोपी नाबालिग को जमानत देने के मामले में किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के दो सदस्यों के आचरण की जांच के लिए गठित समिति ने प्रक्रियागत खामी को लेकर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की है। एक अधिकारी ने बुधवार को जानकारी दी।

पुणे के कल्याणी नगर इलाके में 19 मई को कथित तौर पर शराब पीकर तेज रफ्तार से लग्जरी पोर्श कार चला रहे नाबालिग ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी जिससे दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी। जेजेबी सदस्य एलएन दानवडे द्वारा 300 शब्दों में सड़क सुरक्षा पर आलेख लिखने सहित मामूली शर्तों पर आरोपी को जमानत दिए जाने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर हंगामा शुरू हो गया था।

इसके बाद महाराष्ट्र के महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग ने आरोपी नाबालिग को जमानत देने वाले जेजेबी के दो सदस्यों के आचरण की जांच करने के लिए समिति का गठन किया। समिति ने अपनी रिपोर्ट में प्रक्रियागत खामियों, कदाचार और नियमों का अनुपालन नहीं किए जाने जैसे विषयों पर प्रकाश डाला। डब्ल्यूसीडी द्वारा गठित समिति ने जांच के तहत जेजेबी के दोनों सदस्यों के बयान को भी दर्ज किया।

## पोर्श कार हादसा

● नाबालिग को जमानत देने के मामले में प्रक्रियागत खामी को लेकर कार्रवाई की तैयारी

## खगोल विज्ञान

दिलचस्प सुपर-अर्थ दुनिया ने जीवन बसाने की है उम्मीद

# ब्रह्मांड में मिल गई एक और नई सागर से भरी दुनिया

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** एक ऐसी दुनिया का पता चला है, जो बर्फ से घिरे अकूत पानी के सागर से लबालब है। हूबहू पृथ्वी जैसे सागरों की मौजूदगी ने वैज्ञानिकों को चौंका दिया है। इस ग्रह पर जीवन की संभावना हो सकती है।

एक अदद जीवनयोग्य धरती की तलाश में खगोलविद संघर्षरत हैं और उनका संघर्ष किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की आस का ढांढस बंधाती है। पिछले करीब तीन दशक के अंतराल में पांच हजार से अधिक बाहरी ग्रहों पता लगाने में खगोलविद सफल रहे हैं। जिनमें से कई पर जीवन बसाने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है, लेकिन इस दिशा में लंबा समय लगना है। जिसमें दशकों ही नही बल्कि सदी भी लग सकती है। मगर जरूरी है कि अभी से प्रयास किए जाएं और यही हमारा वैज्ञानिक वर्ग कर भी रहा है। अब जो दुनिया मिली है, उसका नाम एलएचएस 1140 बी दिया है। यह ग्रह हमसे लगभग 48 प्रकाश वर्ष दूर है और पृथ्वी की तरह अपने तारे की परिक्रमा कर रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह ग्रह एक सुपर अर्थ महासागरीय दुनिया है। संभवतः बर्फ से घिरि हुई है या फिर बर्फ से ढकी भी हो सकती है। तरल जल इस धरती पर जीवन की संभावना को प्रबल बल देता है। अभी तक के अध्ययन से पता चलता है कि यह एक्सोप्लैनेट रहने योग्य क्षेत्र में है। यह सम्भवना भी जताई जा रही है कि यह बृहस्पति के चंद्रमा यूरोपा या शनि के चंद्रमा एन्सेलाडस के समान हो सकता है। बहरहाल आगे के अवलोकन करने के बाद इसकी वास्तविकता का सही पता चलेगा। माना जा रहा है कि यह हमारे सौर मंडल के बाहर पाया जाने वाला पहला संभावित रहने योग्य समुद्री संसार वाला ग्रह होगा।



पृथ्वी के साथ सुपर अर्थ ग्रह की प्रतीकात्मक तस्वीर।

### एलएचएस 1140 बी खोज

मॉन्ट्रियल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप और अन्य अंतरिक्ष आधारित दूरबीनों के सहयोग से एलएचएस 1140 बी खोज हुई है। इसका वातावरण पृथ्वी की तरह नाइट्रोजनयुक्त है। साथ ही हाइड्रोजन भी है। 10 जुलाई को द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में ये निष्कर्ष प्रकाशित किया गया है।

# गरीब देशों को वित्तीय मदद की सख्त जरूरत

बाकू (अजरबैजान), एजेंसी

अजरबैजान में नवंबर में होने वाली जलवायु वार्ता के लिए मनोनीत अध्यक्ष मुख्तार बाबायेव ने बुधवार को विश्व नेताओं से कहा कि गरीब और आपदाग्रस्त देशों के लिए एक नया वित्तीय सहायता पैकेज बहुत जरूरी है।

अजरबैजान के पारिस्थितिकी मंत्री मुख्ता बाबायेव ने कहा अगर समय बीत गया तो न जान बचेगी, न आजीविका और न ही हमारी धरती। संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष जलवायु अधिकारी सिमोन स्टील ने ग्रेनेडा में तूफान से ध्वस्त अपने गृहनगर कैरियाकौ में बढ़ते अनियंत्रित जलवायु नरसंहार के खिलाफ लड़ाई तेज करने की एक भावुक अपील की। विश्व नेताओं को लिखे पत्र में बाबायेव ने कहा कि अमीर से गरीब देशों के लिए जलवायु वित्तीय सहायता का नया अंतर्राष्ट्रीय लक्ष्य सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। उन्होंने लिखा कि किसी प्रकार के नए वित्तीय समझौते के लिए जमीनी काम करने के वास्ते जर्मनी में जून में हुई बैठकों में आवश्यक प्रगति नहीं हुई।




● संरा जलवायु वार्ता प्रमुख ने कहा समय बीत गया तो न जान बचेगी, न आजीविका और न ही धरती